सुप्रभात
रांची, सोमवार
14.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

आजादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 35

06 आजाद भारत में आदिवासियों के अस्तित्व की चिंता

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास
भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद
साथ आएं - देश बनाएं



BJP



77वें स्वतंत्रता दिवस की प्रदेश वासियों एवं पांकी विधानसभा क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

## हमारी उपलब्धियाँ

- जर्जर डालटेनगंज-पांकी पथ एवं सगालिम-पदमा पथ का निर्माण।
- 148 कि. मी. ग्रामीण पथों का निर्माण एवं विशेष मरम्मती योजना प्रक्रियाधीन।
- प्रखण्ड नीलाम्बर-पीताम्बरपुर के अमवाखुर्द एवं बौराखाड़ में पिरी नदी पर पुल निर्माण।
- मनातू प्रखण्ड के तिलो-मनातू पथ में जमुआ नदी एवं करैला-मधेया पथ में जिंजोई नदी पर पुल निर्माण।
- तरहसी प्रखण्ड के गोईन्दी में धनकी मनाठी में सतनदिया पर पुल निर्माण हेतु टेंडर सम्पन।
- प्रधानमंत्री जल-नल योजना अंतर्गत लगभग 250 करोड़ की लागत से वृहद जलापूर्तियोजना से हर घर में नल से जल पहुँचाने का कार्य प्रगति पर।
- विभिन्न विद्यालयों एवं चाहरदिवारी का निर्माण कार्य प्रगति पर।
- विधानसभा क्षेत्र में कई स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण प्रगति पर।
- तरहसी में जमुनिया नाला, पांकी के पुरैनी नाला, एवं अन्य कई स्थानों पर चेक डैम का निर्माण।
- सिंचाई हेतु विभिन्न प्रखण्डों में तालाबों एवं आहर जीर्णोद्धार,अमृत वर्ष पर अमृत सरोवरों का निर्माण।
- पांकी के माड़न में कहुआ नाला, दूब मुख्य पथ में सुनेरी बांध, कंदाखाड़, पिछुलिया नाला एवं अन्य स्थानों पर पुलिया निर्माण।
- पिरी, चाको, सोनरे, जमुने सिंचाई परियोजना लगभग300 करोड़ की लागत से प्रकियाधीन।
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से देश में 80 करोड़ जनताको प्रति यूनिट 5 kg मुफ्त राशन मिलना हुआ सुनिश्चित।

## हमारा उदेश्य हमारा प्रयास हमारा संकल्प

- हिन्दुत्व की रक्षा करना और धर्मान्तरण रोकना।
- पूर्व प्रतिनिधियों द्वारा झुठे मुकदमे कर जेल भेजवाने की प्रथा बन्द करना।
- क्षेत्र में अमन-चैन, सुख-शान्ति लाना एवं भयादोहन से मुक्ति दिलाना।
- गरीबों के साथ-साथ हर वर्ग को मान सम्मान और हक अधिकार दिलाना।
- सभी SHG समूह के बहनों को सिलाई मशीन देकर स्वावलम्बी बनाना।



डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता
विधायक, 75 पाँकी (झारखण्ड)

# RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY

E-mail : admission@rcu.edu.in, inforcu2018@gmail.com, Website : rcu.edu.in
RUN & MANAGED BY : RAMCHANDRA CHANDRAVANSHI WELFARE TURUST

Affiliation & Recognition
University Grants Commission
National Medical Commission
All India Council for Technical Education
Pharmacy Council of India
Indian Nursing Council
National Council for Teacher Education

Congratulations!
745 Total Placement
& Counting

| | | | |
|---|---|---|---|
| HERO ELECTRIC | BYJU'S | BAJAJ | MITSUBA |
| Subros | SNL Bearings Limited | HITACHI | Paytm |
| ANAND | motherson | talbros | NIVA DESIGN |
| caparo | Radiant | CARIA | SUPER SHAKTI |
| TEXMO INDUSTRIES | DURAFLOOR | UTL SOLAR | WABCO |



## ADMISSION OPEN 2023-24

Courses Offered

**FACULTY OF MEDICAL SCIENCE**
- MBBS (Bachelor of Medicine & Bachelor of Surgery)

**FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY**
- B. Tech (Bachelor of Technology), ME, EE, CSE, ECE, Civil (Lateral Entry)
- M. Tech (Master of Technology) ME, EEE C.E & E.E
- Polytechnic ME, EEE, Civil • Lateral Entry

**FACULTY OF NURSING & HEALTH SCIENCE**
- GNM • ANM • B.Sc. Nursing
- Post Basic B.Sc. Nursing
- M.Sc. Nursing (Community Health, Child Health, Psychiatric, OBG, MSN)

**FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCE**
- B.Sc. M.L.T • CERTIFICATE - Dresser
- DIPLOMA - MLT, O.T. Tech., X-Ray tech..

**FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCE**
- B. Pharma • B.Pharma (Lateral Entry)
- D.Pharma

**FACULTY OF PHYSICAL EDUCATION**
- B.P.ED.

**FACULTY OF EDUCATION**
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

**FACULTY OF HUMANITIES, SOCIAL & PHYSICAL SCIENCES**
- B.A. • B.Sc. • B.Com.

**DEGREE COURSES**
- B.Lib • B.B.A. • B.C.A.

**DOCTOR OF PHILOSOPHY**
- Ph.D. in all streams

**DIPLOMA COURSES**
- Library Science • Yoga • Disaster Mgmt. • Fashion Design
- Water Resource Management
- Alternative Energy Management
- Logistic & Supply Chain Management
- Education & Vocational Guidance

**POST-GRADUATION COURSES**
- M.A. (Psychology, Economics, History, Geography, Hindi, English, Political Science, Sociology, Urdu, Youth Development, Journalism & Mass Media Music & dance, Women Devt. & Empowerment)
- M.Lib. • M.R.D. • M.Com. (Accounts)
- M.A.(Education) • M.C.A.
- M.B.A. (HR, Marketing, Finance, IT, Tourism, Health, Admin & Mgmt.)
- M.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, B.Sc. Zoology, Botany, Geology)
- M. Phil



Campus : Bishrampur, Palamu 822132 (Jharkhand) | Contact : +91 7482034501, 7481034518, 74640 34524
City Office : Aastha Regency, T-15 (Triplex), Near Cosmic Bajaj, Ratu Road, Ranchi (Jharkhand)

भाजपा के प्रदेश प्रभारी का एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत

# संकल्प को सिद्ध करने के लिए तन-मन से जुटें कार्यकर्ता : लक्ष्मीकांत वाजपेयी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी रविवार की सुबह नई दिल्ली से रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में सुबोध सिंह गुड्डु, केके गुप्ता, अनिता वर्मा आदि शामिल थे। इसके बाद डॉ वाजपेयी ने पार्टी मुख्यालय में रणनीतिक बैठक की। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प यात्रा राज्य में परिवर्तन लाने की यात्रा है। यह राज्य को कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि झारखंड को अराजकता से मुक्ति दिलाने के लिए बाबूलाल के नेतृत्व में संकल्पित है। सभी कार्यकर्ताओं को इस संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिये कमर कसने की आवश्यकता है। उन्होंने संकल्प यात्रा के गांव-गांव, सबकी सहभागिता सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। इस अवसर पर कर्मवीर सिंह ने कहा कि राज्य को कुशासन से मुक्ति दिलाना भाजपा की प्राथमिकता है। जनता भाजपा की अगुवाई में परिवर्तन की बाट जोह रही है। इसके पहले बाबूलाल मरांडी ने डॉ वाजपेयी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय भी उपस्थित थे। संचालन डॉ प्रदीप वर्मा ने किया।

मेडिका में प्रतुल शाहदेव ने घायल राजेंद्र साहू का जाना हाल, कहा

# राज्य में विधि-व्यवस्था चौपट



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मेडिका अस्पताल पहुंच कर गोलीबारी में घायल राजेंद्र प्रसाद साहू का हाल-चाल जाना। श्री शाहदेव ने कहा कि लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग, धनबाद के कोयला क्षेत्रों में सक्रिय संगठित अपराधी गिरोहों के खिलाफ बड़े अभियान की जरूरत है। उन्होंने लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लातेहार के बालूमाथ क्षेत्र में कार्य कर रहे कोयला व्यवसायियों को लगातार टारगेट किया जा रहा है। यह हमला इस क्षेत्र में संगठित अपराधियों के बढ़ते मनोबल को दिखा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार व्यवसायियों को समुचित सुरक्षा प्रदान करें। इस इलाके में संगठित आपराधिक गिरोहों की बढ़ती गतिविधियों पर भी लगाम कसे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सिदो-कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह से शुरू करेंगे यात्रा

# बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा 17 अगस्त से दस अक्टूबर तक : प्रदीप

शिवगादी में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के बाद बरहेट में होगी पहली जनसभा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा है कि चुनाव से पहले बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के जरिये राज्यभर में प्रवास करेंगे। श्री वर्मा रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार में अराजकता की स्थिति है। सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार से राज्य की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। युवाओं के उम्मीदों पर राज्य सरकार ने कुठाराघात किया है। आदिवासी, दलित, पिछड़ा कोई सुरक्षित नहीं है। राजधानी रांची सहित कहीं भी किसी समय हत्या करने में अपराधी सफल हो जा रहे है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों से राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है और राज्य सरकार तुष्टिकरण में आकंठ डूबी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सदन से सड़क तक राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर कर रही है। इसी के निमित्त बाबूलाल मरांडी भय, भूख, भ्रष्टाचार और कुशासन से मुक्त कराने के लिए संकल्प यात्रा के माध्यम से सभी 24 जिलों, 263 प्रखंडों में यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा सात चरणों में होगी। सभी चरणों के लिए अलग-अलग यात्रा संयोजक एवं टोली बनाई गई है। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी 17 अगस्त को अमर शहीद सिदो कान्हो की जन्मभूमि भोगनाडीह में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। प्रत्येक दिन दो विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग जनसभा होगी। शिवगादी धाम में पूजा अर्चना के बाद वे 17 अगस्त को पहली जनसभा बरहेट में करेंगे। उन्होंने कहा कि पहला चरण 17 से 20 अगस्त तक चलेगा। जिसमें बरहेट, बोरियो, राजमहल, महगामा, गोड्डा, पोड़ैयाहाट, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ की जनसभा होगी। इसके संयोजक विधायक अनंत ओझा हैं। जबकि उनकी टोली में सरोज सिंह, विधायक अमित मंडल, बबलू भगत, मिस्त्री सोरेन और सत्येंद्र सिंह शामिल हैं।

यात्रा का दूसरा चरण 23 अगस्त से 27 अगस्त तक निर्धारित है। इसके संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा हैं। उनकी टोली में वीरेंद्र मंडल, लुईस मरांडी, राधा रानी, अमिता रक्षित, निवास मंडल, विधायक रणधीर सिंह शामिल है। दूसरे चरण में मधुपुर, सारठ, देवघर, जरमुंडी, शिकारीपाड़ा, जामा, दुमका, नाला, जामताड़ा, टुंडी विधानसभा क्षेत्र में सभा होगी।

तीसरा चरण 4 से 6 सितंबर तक होगी। इसके संयोजक विधायक केदार हाजरा बनाये गये हैं। इनकी टोली में योगेंद्र प्रताप सिंह, विनय शर्मा, नागेंद्र महतो, रमेश सिंह, कुमकुम देवी, उदय सिंह और छोटेलाल यादव शामिल हैं। इसमें जमुआ, धनवार, कोडरमा, बरही, बरकट्ठा, बगोदर की सभा होगी।

यात्रा का चौथा चरण 9 से 16 सितंबर तक है। इसके संयोजक बालमुकुंद सहाय बनाये गये हैं। इनकी टोली में मनोज सिंह, अमित सिंह, जवाहर पासवान, शशिभूषण भगत, विधायक भानु प्रताप शाही, राजधानी यादव, प्रभात भुइयां, बिपिन बिहारी सिंह शामिल है। इस चरण में हजारीबाग, बड़कागांव, मांडू, रामगढ़, सिमरिया, चतरा, पांकी, डाल्टनगंज, हुसैनाबाद, छत्तरपुर, विश्रामपुर, गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की सभा होगी।

पांचवें चरण की यात्रा 18 से 24 सितंबर तक है। इसके संयोजक विनय लाल हैं। इनकी टोली में मुनेश्वर साहू, राकेश भास्कर, जेबी तुबिद, गीता बालमुचू, संजू पांडेय, उदय सिंहदेव, बड़ कुंवर गगराई, शशिभूषण समद शामिल हैं। इस चरण में लातेहार, मनिका, लोहरदगा, बिशुनपुर, गुमला, सिसई, कोलेबिरा, सिमडेगा, तोरपा, खूंटी, चक्रधरपुर, मनोहरपुर, मझगांव और चाईबासा विधानसभा क्षेत्र की जनसभा होगी।

छठे चरण की यात्रा 26 सितंबर से 1 अक्टूबर तक होगी। जिसके संयोजक गणेश मिश्र हैं। इनकी टोली में विधायक बिरंची नारायण, अमर बाउरी, सुरेश साव, दिनेश यादव, दिलीप वर्मा, निर्भय शाहबादी, यदुनंदन पाठक शामिल है। इस चरण में निरसा, सिंदरी, धनबाद, झरिया, बाघमारा, चंदनक्यारी, बोकारो, बेरमो, गोमिया, गिरिडीह और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनसभा होगी। उन्होंने बताया कि संकल्प यात्रा का सातवां और अंतिम चरण 3 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक होगा। इसके संयोजक प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा बनाये गए हैं। इनकी टोली में रामकुमार पाहन, बारी मुर्मू, विनोद सिंह, सुबोध सिंह गुड्डु, सत्यनारायण सिंह, अनिल महतो टाइगर, रमेश हांसदा और गणेश महली शामिल हैं। सातवें चरण में खरसावां, सरायकेला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी, बहरागोड़ा, घाटशिला, ईचागढ़, सिल्ली, तमाड़, खिजरी, मांडर, कांके, हटिया और रांची विधानसभा क्षेत्र की जनसभा होगी।

उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में रांची एवं हटिया विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा के साथ यात्रा संपन्न होगी। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, अविनेश कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा उपस्थित थे।

# चांडिल भी पर्यटन स्थल विकास सूची में चयनित : दीपक प्रकाश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि झारखंड सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्द्धन अभियान योजनाओं की शुरूआत की थी। स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थल जीर्णोद्धार योजना के तहत झारखंड़ को 69 करोड़ 24 लाख रुपये मिला। दरअसल, सांसद दीपक प्रकाश ने पर्यटन मंत्रालय से उक्त जानकारी मांगी थी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड़ को 2018-19 में स्वदेश दर्शन, इको परिपथ विकास परियोजना के तहत डालमा बेतला राष्ट्रीय उद्यान, नेतरहाट के लिए 30 करोड़ 11 लाख रुपये मिले थे। वहीं बाबा बैद्यनाथ धाम के विकास के लिए प्रसाद परियोजना के तहत 2018-19 में सरकार को ₹39 करोड़ 13 लाख दिये गये थे। स्थायी एवं जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 का नया रूप दिया गया है।

लोकसभा सचिवालय के कार्यक्रम में भाग लेकर लौटीं झारखंड की महिला विधायक, कहा

# उत्तरदायित्व को जानने-समझने का मिला मौका









खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा सेक्रेटेरियट पार्लियामेंट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट फॉर डेमोक्रेसी द्वारा 09 और 10 अगस्त को दिल्ली में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर झारखंड की महिला विधायकों का शिष्टमंडल वापस रांची लौट आया है। दिल्ली में प्रशिक्षण के क्रम में झारखंड की महिला विधायकों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और राष्ट्र के विकास में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर चर्चा की थी। लोकसभा स्पीकर ने अपने राजनीतिक अनुभवों को विधायकों के साथ साझा किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना फायदेमंद होता है। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है जन प्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यों के प्रति सजग, जवाबदेह बनाना और जनता की उम्मीद पर खरा उतरना है। विधायकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लगातार होने चाहिए। संसदीय प्रणाली में महिला विधायकों और जन प्रतिनिधियों का उत्तरदायित्व इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि हमें आधी आबादी के सर्वांगीण विकास का भी भागीदार बनना है।

**ये महिला विधायक प्रशिक्षण में हुई शामिल** : दिल्ली में लोकसभा सचिवालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक सीता सोरेन, पूर्णिमा नीरज सिंह, अंबा प्रसाद, पुष्पा देवी, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की और नीरा यादव शामिल थीं।

# कृषि निदेशक और उत्पाद आयुक्त सहित दर्जन भर रिक्त पदों पर होगी आइएएस की पोस्टिंग

फाइल पहुंची सीएम के पास, जल्द जारी होगी अधिसूचना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में एक दर्जन से अधिक आईएएस अफसरों के तबादले की तैयारी चल रही है। इनमें 10 ऐसे अफसर हैं, जो अभी पदस्थापन की प्रतीक्षा में है। सबसे पहले इनकी पोस्टिंग की जायेगी। कार्मिक विभाग ने निदेशक कृषि, उत्पाद आयुक्त जैसे खाली पदों पर आईएएस अधिकारी के श्रीनिवासन सहित अन्य अफसरों की सूची तैयार करके राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति के लिए भेजा है।

बताया जा रहा है कि 15 अगस्त के बाद ही सीएम के स्तर पर इस पर फैसला लिए जाने की उम्मीद है।

बताते चलें कि निदेशक कृषि के पद रिक्त रहने की वजह से राज्य में कृषि का कार्य प्रभावित हो रहा है। राज्य सुखाड़ की ओर भी जा रहा है, ऐसे में निदेशक के नहीं रहने के कारण सूखाग्रस्त इलाके में सूखा राहत के लिए कार्ययोजना नहीं बन पा रही है। इसी तरह उत्पाद आयुक्त भी अभी नहीं है। इस वजह से शराब से जुड़े नीतिगत निर्णय लेने में परेशानी हो रही है। राजस्व उगाही का कार्य भी प्रभावित हो रहा है

# संगठन मजबूती को लेकर राजद की बैठक 17 को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक 17 अगस्त को आयोजित की गई है। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री व झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव मौजूद रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत करने और सभी विधानसभा में राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन कराने पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा।

**राजद के सभी नेता होंगे बैठक में शामिल :** पार्टी के प्रवक्ता सह महासचिव डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह के निर्देश पर बैठक का आयोजन किया गया है। इसमें पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विधायक, सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी जिले के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शामिल होंगे। बता दें कि झारखंड प्रभारी का आगमन 16 अगस्त को होगा।

# आदर्श विद्यालय स्कूल और स्कूल्स ऑफ एक्सिलेंस मैनेजमेंट की टीम तैयार करने में जुटी जेइपीसी

स्कूली शिक्षा के लिए बेहतर प्लानिंग को आदर्श तरीके से धरातल पर उतारने के लिए मॉनीटरिंग टूल्स करने पर जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के मुताबिक राज्य के सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार के स्तर से लगातार प्रयास हो रहे हैं। राज्यभर में 35000 सरकारी स्कूल (प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च) स्कूल हैं। स्कूली शिक्षा के लिए बेहतर प्लानिंग को आदर्श तरीके से धरातल पर उतारे जाने के लिए एक मॉनिटरिंग टूल्स तैयार होना है। आदर्श विद्यालय स्कूल्स और स्कूल्स ऑफ एक्सिलेंस मैनेजमेंट के तौर पर यह टूल होगा। इस मॉनिटरिंग टूल्स के लिए योग्य, अनुभवी लोगों की अलग-अलग पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इनमें टीम लीडर, डिप्टी टीम लीडर, प्रोग्राम स्पेशलिस्ट जैसे पद शामिल हैं।

**35000 सरकारी स्कूल**

**जेईपीसी की यह होगी शर्तें** : जेइपीसी के मुताबिक टीम लीडर के एक पद पर कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्ति होगी। चयनित को 2 लाख रुपये हर माह मिलेंगे। आयु सीमा 45 वर्ष या इससे कम होनी चाहिए। डिप्टी टीम लीडर के भी एक पद पर नियुक्ति होगी, जिसे डेढ़ लाख रुपये हर माह मिलेंगे। प्रोग्राम स्पेशलिस्ट (कंसल्टेंट-डिजिटल एजुकेशन-1, कंसल्टेंट- मॉनिटरिंग एंड इवेल्यूशन-1, कंसल्टेंट- एकेडमिक-1) के लिए एक- एक लाख रुपये हर माह दिए जाएंगे। इन पदों के लिए इच्छुक कैंडिडेट अपना आवेदन धुर्वा, रांची स्थित जेइपीसी के पते पर डाक द्वारा भेज सकते हैं। पांच सितंबर 2023 इसके लिए आखिरी डेट है।

# तेली समाज ने सीएम का पुतला फूंका

तेली समाज के लोगों की लगातार हो रही हत्या से आक्रोशित हैं लोग




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** तेली समाज के लोगों की लगातार हो रही हत्याओं से आक्रोशित तेली समाज के लोगों ने रविवार को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के तत्वावधान में हेमंत सरकार का पुतला दहन किया। ज्ञात हो कि 11 अगस्त को मुकेश कुमार साहू और रोहन कुमार साहू की हत्या कर दी गई थी तथा 12 अगस्त को कोयला व्यवसाय से जुड़े राजेन्द्र प्रसाद साहू के उपर जानलेवा हमला हुआ। जबकि 2022 में भी तेली समाज के 8 लोगों की हत्याएं हुई थी। इससे स्पष्ट हो जाता है कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है और तेली समाज के प्रति सरकार पुरी तरह उदासीन है।

संगठन के लोगों ने पुतला दहन कार्यक्रम के माध्यम से हेमंत सरकार से मांग किया है कि हत्यारों और हमलावरों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने का काम करें अन्यथा संगठन उग्र आंदोलन करने को लेकर बाध्य होगा।

पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू, रामविलास साहू, बलदेव साहू ,अजीत साहू, संजय साहू, शत्रुघ्न साहू ,पंकज साहू, रूपेश साहू ,कपिल साहू, छात्रधारी साहू, सुखदेव कुमार, कालेश्वर साहू, मनोज साहू, उमेश साहू, मुकुल नायक, हीरालाल साहू, सोनू कुमार, प्रकाश साहू, सहित दर्जनों राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल थे।

आजसू में शामिल हुए दर्जनों लोग, पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा

# राजनीति की आलोचना करने के बजाय जुड़ रहे लोग, यही है परिवर्तन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न प्रोफेशन से जुड़े हुए युवाओं ने आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजनीति की आलोचना करना आसान है लेकिन राजनीति में आ कर जमीनी स्तर पर काम करना कठिन। आलोचना करने की जगह आपने राजनीति से जुड़ने का काम किया यह परिवर्तन की एक नई शुरूआत है।

उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल हुए लोगों से कहा कि आप व्यक्तिगत जीवन में सफल हैं। जीवन के अनुभव को राजहित में लगाना चाहते हैं। सार्वजनिक जीवन में योगदान देना चाहते हैं। आज राजनीति में अच्छा करने की प्रतिस्पर्धा नहीं है। आज की राजनीति दूसरों की गलतियों से चल रही है। चुनाव लड़ने वाले नेता यह सोच कर बैठा है कि सामने वाला गलती करेगा तो उसका फायदा हम उठाएंगे लेकिन हमारी पार्टी अपनी काबिलियत के दम पर चुनाव लड़ती है। अपने राजनीतिक जीवन के अनुभवों को राज्य के भलाई में लगाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हमारी पार्टी सत्ता के लिए जनता की सेवा नहीं करती हम सरकार में हो या न हो जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जितने ज्यादा लोग जुड़ेंगे और अपने अपने क्षेत्र में काम करेंगे विकास की रफ्तार उतनी ही तेज होगी।

पार्टी में शामिल हुए सीएस रोहित प्रकाश प्रीत ने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों से प्रभावित हो कर आज पार्टी में शामिल हो रहा हूं। सिल्ली विधानसभा में शिक्षा, खेल, रोजगार, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में काफी काम हुए हैं। सिल्ली पूरे राज्य में विकास के एक मॉडल की तरह है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गांव से आईआईटी प्रॉफेशनल मोनिका मुर्मू ने कहा कि पार्टी में शामिल हो कर अपने ज्ञान से जरूरतमंद बच्चों को टेक्नोलॉजी में समृद्ध बनाना चाहती हूँ ताकि हमारे राज्य के बच्चे आगे चल कर राज्य का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन मुंडा, मुकुलचंद्र मेहता आदि उपस्थित थे।

**इन्होंने थामा पार्टी का दामन** : मनोज मिश्रा, तमल भट्टाचार्य, आशीष कुशवाहा, अभिजीत वर्मा, सतीश महतो, सुभाष कुमार, रविन्द्र कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, लव सिंह, संजीत यादव, शुभम, नेहा, ऊमर, आदेश, अभिषेक, मनोज, सुमन, पंकज लालन, पंकज समेत कई युवाओं ने ली पार्टी की सदस्यता।

झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को पराजित करने की रणनीति बनायी

# डेढ़ लाख वोट पाने का लक्ष्य : आजसू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा और आजसू की बैठक में डुमरी उपचुनाव में आजसू की यशोदा देवी को प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा के बाद आजसू पार्टी ने कहा कि उनका लक्ष्य डेढ़ लाख वोट हासिल करना है। रविवार को पार्टी कार्यालय में आजसू के गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, आजसू बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डॉ डोमन सिंह मुंडा, केन्द्रीय प्रमुख प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। आजसू पार्टी की ओर से बताया गया कि उनकी उम्मीदवार यशोदा महतो डुमरी उपचुनाव 2023 में झारखंड के दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को पराजित कर देंगी। आजसू नेताओं ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य डेढ़ लाख वोट हासिल करना है।



प्रेसवार्ता में जानकारी देते लंबोदर महतो और पार्टी के अन्य सदस्य।

## राजनीति में सक्रिय हैं यशोदा देवी

यशोदा देवी लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। यशोदा देवी प्रमुख भी रही हैं। उनके पति दामोदर महतो आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव और डुमरी विधानसभा क्षेत्र प्रभारी थे। 2018 में उनका निधन हो गया था। झामुमो की महिला उम्मीदवार बेबी देवी को टक्कर देने के लिए एनडीए ने उनके सामने महिला उम्मीदवार को खड़ा किया है।

## जगरनाथ महतो ने 34 हजार मतों से हराया था

वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में यशोदा देवी (यशोदा महतो) आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ीं थीं। झामुमो के कद्दावर नेता जगरनाथ महतो ने उन्हें 34,288 मतों के अंतर से पराजित कर दिया था। बीजेपी के प्रदीप कुमार साहू तीसरे स्थान पर रहे थे। जगरनाथ महतो को 71,128, यशोदा देवी को 34,840 और प्रदीप कुमार साहू को 36,013 वोट मिले थे।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
14.08.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

आजादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 35

12 पहली बार लाल किले पर गूंजेगी स्वदेशी फील्ड गन

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### रांची में सीएम, दुमका में राज्यपाल फहरायेंगे झंडा

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह मोरहाबादी मैदान में होगा। मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन सुबह 9 बजे झंडोत्तोलन करेंगे। वहीं राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दुमका में झंडा फहरायेंगे। राज्य के अन्य कैबिनेट मंत्री विभिन्न जिलों में झंडोत्तोलन करेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने निर्देश जारी किया है और सभी जिलों को सूचना दी है। मोराबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### माले नेता की हत्या से लातेहार में आक्रोश

**लातेहार।** माले नेता हत्या से आक्रोशित लोगों ने रविवार को रोड जाम कर दिया। लोगों की मांग है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाये और मृत नेता के परिवार को मुआवजा दिया दिया जाये। मनिका थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने माले नेता नंद देव सिंह की हत्या कर दी। रविवार की सुबह उनका शव बरामद किया गया।

### राष्ट्रपति आज राष्ट्र को करेंगी संबोधित

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। उनका यह संबोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जायेगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में और उसके बाद अंग्रेजी में प्रसारित किया जायेगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनल भी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेंगे।

### 48 घंटे में 18 मरीजों की मौत, जांच का आदेश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर के कलवा में नगर निकाय द्वारा संचालित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 18 मरीजों की मौत की खबर से सनसनी मच गयी है। इस मामले को लेकर सीएम एकनाथ शिंदे ने जांच का आदेश दे दिया हैष उन्होंने 48 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। वहीं ठाणे नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया, पिछले 48 घंटों में 18 मौतें हुई हैं. जिन मरीजों की मौत हुई है उनमें से कुछ पहले से ही क्रोनिक किडनी रोग, निमोनिया, हृदय रोग, दीर्घकालिक फेफड़े के रोग, सड़क दुर्घटना और अन्य बीमारियों का इलाज करा रहे थे।

### अमेरिका के जंगल में आग से 89 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के हवाई प्रांत में जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 89 हो गयी है। इसे पिछले सौ वर्षों से भी अधिक समय में जगल में लगी अब तक की सबसे भयानक आग बताया जा रहा है। इसमें मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।

# सीएम ने किया *मॉल ऑफ रांची* का उद्घाटन

## पत्नी संग देखी फिल्म गदर-2, प्रकाश झा भी थे साथ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रातू रोड स्थित मॉल ऑफ रांची का रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन ने दीप जला कर उद्घाटन किया। मॉल ऑफ रांची के पीजेपी सिनेमा हॉल का भी विधिवत उदघाटन किया और दो टिकट खरीद कर पत्नी कल्पना सोरेन संग फिल्म गदर-2 देखी। सीएम ने कहा कि यहां एक छत के नीचे कई सुविधाएं राजधानी वासियों को मिलेगीष पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि पत्नी के साथ आखिरी बार कब फिल्म देखी है। इस पर हेमंत सोरेन ने जवाब दिया कि ऐसी जिम्मेवारी के साथ चल रहा हूं कि यह बता पाना मुश्किल है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म गदर-2 के सभी कलाकार उन्हें पसंद हैं। सीएम ने कहा, सिनेमा, मनोरंजन का सशक्त माध्यम है। एक लंबे अंतराल के बाद पत्नी संग फिल्म देखने का लुत्फ उठा रहे हैं। इस मौके पर फिल्म निर्माता प्रकाश झा के अलावा अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# झारखंड के लाल को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

## राजकीय सम्मान के साथ पैतृक गांव में अंत्येष्टि, भाई ने दी मुखाग्नि

### तिरंगे में लिपटे शहीद की झलक पाने को उमड़ी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में शनिवार को आतंकियों और सुरक्षा बलों की मुठभेड़ में शहीद हुए गिरिडीह के 28 वर्षीय शहीद जवान अजय राय का शव वायु सेना के हेलीकॉप्टर से रविवार को रांची पहुंचा। रांची से शहीद जवान के पार्थिव शरीर को सेना की गाड़ी से गिरिडीह के देवरी लाया गया। गांव के मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। पार्थिव शरीर को उनके बड़े भाई मनोज राय ने मुखाग्नि दी। इस दौरान सैनिकों ने हवाई फायरिंग कर शहीद को अंतिम सलामी दी। वहां मौजूज हजारों लोगों की आंखें नम थीं। सैन्य गाड़ी में तिरंगे में लिपटा शहीद का पार्थिव शरीर और फूलों से सजा वाहन और उनकी तस्वीर हजारों की भीड़ को एहसास कराने लिए काफी था कि अजय राय की मौत सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि देश के लिए सर्वोच्च शहादत है। (शेष पेज 11 पर)

# यशोदा देवी डुमरी से एनडीए की प्रत्याशी

## 17 को करेंगी नामांकन, मंत्री बेबी देवी से मुकाबला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए रविवार को एनडीए ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी। आजसू की यशोदा देवी उम्मीदवार होंगी। झामुमो की ओर से नये गंठबंधन इंडिया की प्रत्याशी मंत्री बेबी देवी (झामुमो) से उनका मुकाबला होगा। आंदोलनकारी नेता स्व दामोदर महतो की पत्नी यशोदा देवी 17 को नामांकन करेंगी। वहीं बेबी देवी स्व जगरनाथ महतों की पत्नी हैं। यशोदा देवी के नाम की घोषणा होते ही अब डुमरी के रणक्षेत्र में दो महिलाओं के बीच सीधी टक्कर के आसार बन गये हैं। डुमरी उपचुनाव के लिए 5 सितंबर को वोटिंग है और 8 सितंबर रिजल्ट। बैठक के बाद आजसू नेताओं ने कहा कि उनका लक्ष्य डेढ़ लाख से अधिक वोट लाना है। रविवार को हरमू स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा और आजसू पार्टी की बैठक में यशोदा देवी को डुमरी से एनडीए प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एनडीए गठबंधन के सभी सहयोगियों ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके डुमरी में जीत की रणनीति बनायी। बैठक में यशोदा देवी की जीत का दावा किया है। यशोदा देवी 17 को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन के समय आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो और भाजपा के तमाम बड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बैठक के बाद में आजसू पार्टी के नेताओं ने एक प्रेस कांफ्रेस में कहा कि हमारा लक्ष्य डेढ़ लाख वोट हासिल करना है। भाजपा दफ्तर में एनडीए की बैठक आजसू की तरफ से यशोदा देवी के नाम पर मुहर लगी। बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी ने की। हालांकि भाजपा ने इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की है। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी के अलावा कर्मवीर सिंह व आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो मौजूद थे। सभी नेताओं ने डुमरी उपचुनाव एनडीए की जीत की रणनीति बनायी। अमर बाउरी, लुईस मरांडी, अमित मंडल, जेपी भाई पटेल सहित भाजपा महानगर के पदधारी समेत आजसू की ओर से सुदेश महतो, सांसद जेपी चौधरी और लंबोदर महतो बैठक में मौजूद थे।

## हर घर तिरंगा अभियान में सभी भाग लें : पीएम

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के लिए रविवार से हर घर तिरंगा अभियान शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने सभी देशवासियों से 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में भाग लेने और हर तिरंगे के साथ फोटो अपलोड करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तिरंगा स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतीक है। हर भारतीय भावनात्मक रूप से तिरंगे से जुडा हुआ है और यह राष्ट्र की प्रगति के लिए और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है। अभी तक एक करोड़ 30 लाख से अधिक लोग तिरंगे के साथ फोटो अपलोड कर चुके हैं।

# तालाब में डूबने से संथाल में छह बच्चों की हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका और गोड्डा में तालाब में नहाने के दौरान छह बच्चों की मौत हो गयी। सभी बच्चों की उम्र दस साल के बीच है। पहला हादसा दुमका के सरैयाहाट प्रखंड के पथरिया गांव में तालाब में नहाने के दौरान हुआ। इनमें तीन लड़की और एक लड़का है। वहीं दूसरी ओर महगामा, गोड्डा के मोहनपुर गांव के पास पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। इन दोनों हादसों से परिजनों के घर मातम फैल गया।

**दुमका में चार बच्चों की मौत :** सरैयाहाट के पथरिया गांव के तालाब में नहाने के दौरान तीन लड़की और एक लड़का की मौत हो गयी। सभी बच्चे अलग-अलग परिवार के थे। हादसे के शिकार बच्चों में पिंडरा गांव के कुंदन कुमार (12), रेखा कुमारी (10), ज्ञान गंगा कुमारी (12) एवं नंदनी कुमारी (10) हैं। सुबह ये बच्चे तालाब में नहाने गये थे। बच्चे तालाब की गहराई को समझ नहीं सके और नहाने-नहाते डूब गये।

**गोड्डा में पानी भरे गड्ढे में दो बच्चे डूबे :** गोड्डा के महागामा थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव के पास रविवार को पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। मृतकों में रहीम अंसारी का पुत्र रेहान अंसारी (8) और अताउल अंसारी का पुत्र तौफीक अंसारी (8) हैं। दोनों ग्राम मोहनपुर के रहने वाले थे।

## पाकिस्तान के ग्वादर में बीएलए का हमला

# 4 चीनी नागरिक, 13 पाक सैनिक मारे गये

**कराची(एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर शहर में रविवार को चरमपंथियों ने चीन के कर्मचारियों को ले जा रहे एक काफिले पर हमला कर दिया। हमले के बाद हुई मुठभेड़ में दो चरमपंथी मारे गये। अधिकारियों यह जानकारी दी। चरमपंथी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया कि मुठभेड़ में चार चीनी नागरिक और पाकिस्तानी सेने के 13 जवान मारे गये हैं। यह प्रमुख बंदरगाह अरबों डॉलर की लागत वाले 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे' (सीपीइसी) का एक प्रमुख केंद्र है। चीन के भी कई कर्मचारी यहां काम करते हैं। सीपीईसी परियोजना के तहत चीन, बलूचिस्तान में भारी निवेश कर रहा है। पाकिस्तानी थलसेना की मीडिया शाखा के अनुसार पूर्वाह्न 10 बजे चरमपंथियों ने छोटे हथियारों और हथगोलों से हमला किया। सेना ने देश की शांति और समृद्धि को नुकसान पहुंचाने की दुश्मनों की कोशिशों को नाकाम करने का संकल्प लिया। हालांकि, उसने अपने बयान में चीन के इंजीनियरों पर किसी हमले का उल्लेख नहीं किया है। बलूचिस्तान में सक्रिय चरमपंथी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी - मजीद ब्रिगेड ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। (शेष पेज 11 पर)

## वेस्टइंडीज ने जीती सीरीज

**फ्लोरिडा।** वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज 3-2 से जीत ली। अमेरिका के फ्लोरिडा में भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार को खेले गये पांचवे व निर्णायक मुकाबले को वेस्टइंडीज ने भारत को आठ विकेट से हरा दिया। यह वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली भारतीय टीम 20 ओवर में 165 रन ही बना सकी। जवाब में वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 18 ओवर में 171 रन बनाकर यह मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया। वेस्टइंडीज ने पांच मैचों की सीरीज 3-2 से जीत ली। भारत के युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा का इस मैच में पहला इंटरनेशनल विकेट मिला। (खेल पेज भी देखें)

# लालकिला से मिल सकता है 2024 का संदेश

## पीएम मंगलवार को देंगे अपने दूसरे कार्यकाल का आखिरी संबोधन

एजेंसी



नयी दिल्ली। पीएम मोदी 15 अगस्त को 77वें स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में लालकिले की प्राचीर पर राष्ट्र ध्वज फहरायेंगे और देशवासियों को संबोधित करेंगे। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर पिछले दो वर्ष से जारी आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन सम्पन्न हो रहे हैं। इनकी शुरुआत पीएम ने 12 मार्च 2021 को गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती आश्रम से की थी। मंगलवार को पीएम मोदी का लाल किला से 10वां संबोधन होगा। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले का यह आखिरी संबोधन है। यह तो तय है कि वह आजादी के अमृतकाल से विकसित भारत की ओर बढ़े कदम पर विशेष चर्चा करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

**1,800 अतिथि आमंत्रित :** इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर पिछले वर्ष की तुलना में लालकिले पर अधिक अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें अलग-अलग पेशों से जुड़े एक हजार आठ सौ अतिथि हिस्सा लेंगे। यह पहल जन-भागीदारी के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप की गयी है। इन विशिष्ट अतिथियों में छह सौ साठ से अधिक सशक्त ग्रामों के चार सौ से अधिक सरपंच, किसान उत्पादक संगठनों के ढाई सौ प्रतिनिधि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि स्कीम के 50 सहभागी, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50 सहभागी और सेंट्रल विस्ता परियोजना के 50 श्रमयोगी शामिल हैं। (शेष पेज 11 पर)

### अमृत महोत्सव के बाद अमृत काल होगा शुरू

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव समारोह का समापन होगा। 12 मार्च, 2021 को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम से पीएम ने इसका शुभारंभ किया था। इसके साथ ही वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के श्री मोदी के सपने को साकार करने के लिए देश नये उत्साह के साथ अमृत काल के इस सफर आगे बढेगा। स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए कई नयी पहल की गयी हैं।



# भाईचारे और अपनत्व की आधारशिला पर ही रखी जा सकती है उज्ज्वल करियर की नींव : डॉ शांडिल्य

## डीएसपीएमयू के स्कूल ऑफ एनवायरमेंटल स्टडीज में विदाई सह सांस्कृतिक समारोह आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में रविवार को स्कूल ऑफ इन्वायरमेंट स्टडीज विभाग में विद्यार्थियों के लिए विदाई सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विभाग के स्नातक सेमेस्टर-6 और स्नातकोत्तर चतुर्थ के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह के साथ-साथ आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विद्यार्थियों को आनेवाले दिनों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपसी भाईचारे और अपनत्व की आधारशिला पर ही एक ठोस और उज्ज्वल करियर की नींव रखी जा

### विदाई से नहीं समाप्त होता है विद्यार्थियों का संस्थान से संपर्क

सकती है। एक परंपरा के तहत अंतिम सत्र के विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन वर्षों से किया जाता रहा है। इसका यह कदापि अर्थ नहीं है कि विद्यार्थियों का संस्थान से संपर्क समाप्त हो गया है, बल्कि यह उनके जीवन की दूसरे चरण की शुरुआत है, जहां की नींव इस विदाई समारोह के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा रखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह आप विद्यार्थियों के लिए एक सुखद संयोग का पल है कि विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर यूजीसी के दिशा निर्देशों पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है और ऐसे में यह सांस्कृतिक आयोजन भी



विदाई समारोह में डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य।

### इससे होती है उनके जीवन की दूसरे चरण की शुरुआत

एक उत्सव जैसा ही है, जो आपको प्रेरित करेगा। इसके पूर्व समारोह की शुरुआत कुलपति डॉ शांडिल्य ने विभागीय शिक्षकों के साथ द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल ऑफ इन्वायरमेंट स्टडीज के समन्वयक डॉ सजलेंदु घोष, डॉ देबू मुखर्जी, डॉ अमृता लाल, सोनी कुमारी, संदीप प्रसाद और अनुशील आनंद सहित विभागीय शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# रांची विश्वविद्यालय में हुआ तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के रिजनल सेंटर के सहयोग से आयोजित की गयी थी।

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर कुलपति ने प्रतिभागियों के काम को सराहा। प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग के छात्र-छात्राएं शामिल हुईं। स्टूडेंट्स ने अपनी रंगोली में देशभक्ति की जीवंत कला को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता के जज वरिष्ठ कलाकार प्रवीण कर्मकार थे। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस, आरयू के डॉ स्मृति सिंह, पीएफए विभाग



रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में बनायी गयी एक रंगोली।

के शिक्षक, कलाकार व अन्य लोग उपस्थित थे।

मालूम हो कि हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में एक अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# स्पर्श लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड का हुआ आयोजन



स्पर्श लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रेणुका आर्ट्स द्वारा रविवार को स्पर्श लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड का आयोजन पुरानी विधानसभा सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र महतो, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, सुबोध कांत सहाय एवं श्यामल अहमद ने संयुक्त रूप से किया।

इस समारोह में आपने-अपने क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले को सम्मानित किया गया।

सम्मान पाने वालों में अजय मलकानी, महादेव टोप्पो, सिलवानीस डुगंडुगं, डॉ केपी सिन्हा, गोपाल कृष्ण तिवारी, ज्योति राय चौधरी, दीक्षित राज, अनिल कुमार ठाकुर, चंदन मिश्रा व सुभाष दे को सम्मानित किया गया। मौके पर रेणुका आर्ट्स के साबिर हुसैन, अर्शद उबैद, पी मिश्रा रंजन कुमार सिंह उपस्थित थे।

# एकल विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आरोग्य भवन स्थित वनवासी कल्याण केंद्र में संस्था द्वारा संचालित एकल विद्यालय के बच्चों के साथ रविवार को महिला समिति ने रक्षाबंधन उत्सव मनाया। वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा शिक्षा प्रकल्प के अंतर्गत झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 390 एकल विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। उनमें से रांची के आसपास के एकल विद्यालयों के बच्चों के साथ महिला समिति के सदस्यों ने बच्चों को रक्षा सूत्र बांधा और उन्हें उपहार भी दिया।

इस मौके पर बच्चों ने शिक्षाप्रद मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि डी ए वी ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक एम के सिन्हा ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा की श्रृष्टि ने हमे विवेक, बुद्धि





एकल विद्यालय में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया।

और समझ दी है जो हमे अन्य प्राणियों से अलग करती है जिसे हमें समाज के उत्थान और सुधार में उपयोग करना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नेल्सन मंडेला ने कहा था कि शिक्षा एक ऐसा शस्त्र है जिससे दुनिया बदल सकते हैं. हर व्यक्ति को ज्ञान, परिश्रम, संस्कार, विवेक और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का सामंजस्य बना कर चलना चाहिए ताकि देश और समाज का हित हो।

रांची महानगर समिति के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने कहा कि रांची महानगर समिति द्वारा अभी तक 295 निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में एकल विद्यालयों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है. जहां एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं उन ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहे हैं. बच्चे शिक्षित होकर अपने घर, टोला, गांव को अपने अच्छे संस्कारों में ढाल रहे हैं। वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि देश के 367 जिलों के 55840 गांवों में कल्याण आश्रम का संपर्क है और देश के 15577 स्थानों पर 20243 सेवा प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। यह सभी जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास और जागरूकता के लिए चलाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता हुई जिसमे प्रथम दिवाकर उरांव, द्वितीय सलोनी कुमारी, तृतीय सुनैना कुमारी रहीं। इस अवसर पर कृपा प्रसाद सिंह, नीता सेठ, पूनम गुप्ता, सुमित्रा मोदी, रीझू कच्छप, बिनित लाल, विनोद उपाध्याय, देवनंदन सिंह, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुनील सिंह, के एल चौधरी सुशील मरांडी, विजय केशरी, सुलेखा कुमारी, बी एन झा सहित सैकड़ों बच्चे और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### डोरंडा काली मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार, विशेष पूजा 16 को



**रांची।** डोरंडा के तुलसी चौक स्थित जय मां आदिशक्ति काली मंदिर का जीर्णोद्धार पूर्ण हो चुका है। इसका विधिवत उदघाटन सह पूजा-अर्चना 16 अगस्त को होगी। जीर्णोद्धार के बाद इस प्राचीन मंदिर की भव्यता देखते ही बन रही है। मंदिर में मां के नौ स्वरूप को भी दर्शाया गया है। 16 अगस्त को प्रातः पूजा अर्चना के बाद मंदिर श्रद्धालु भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा। इस दिन भजन कीर्तन होगा। मां का भोग प्रसाद स्वरूप वितरित होगा। मंदिर को फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है।

### कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में स्वतंत्रता पर्व का आयोजन



**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा एवं हटिया केंद्र और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वतंत्रता पर्व का आयोजन रविवार को किया गया । इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि टेंडर हार्ट स्कूल की प्राचार्या उषा किरण, समाजसेविका अनीता मोथे एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर कर कलाकृति के बच्चों ने रंगारंग सांकृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी को देशभक्ति से व्रोत्प्रोत कर दिया । चित्रकला प्रदर्शनी में 3 साल से 25 साल तक 250 प्रतिभागियों के देश भक्ति विषय पर पेंटिंग बनाई । चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं एवं सांकृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया । बच्चों ने जहां चंद्रयान, भारत माता, स्वतंत्रता सेनानियों, भारतीय सेना के पराक्रम, लाल किला के प्राचीर के हमारा तिरंगा, देश की एकता अखंडता, पारंपरिक विबिधता आदि को अपने कैनवास पर उकेरा। इस अवसर पर संस्था निदेशक एवं कला शिक्षक धनंजय कुमार ने ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगोताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा को आगे लाने का अवसर मिलता है साथ ही साथ उनकी सृजनात्मक क्षमता में विकास भी होता है।

### लायंस क्लब ऑफ ईस्ट ने आयोजित किया सावन महोत्सव



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने रविवार को निरामया हॉल में सावन महोत्सव का आयोजन किया। मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें लायंस क्लब ऑफ ईस्ट कि महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने गीत, संगीत, नृत्य के माध्यम से सभी सदस्यों को मंत्र मुग्द कर दिया। इस महोत्सव की विजेता बनीं रेखा सिंघानिया जिन्हें सावन क्वीन का ताज दिया गया। वहीं उप विजेता रही अनिता झा। इस मौके पर सदस्यों ने कई स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार, सचिव विजया केडिया, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा , पूर्व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, रतन अग्रवाल, दिवाकर राजगढ़िया, भारतेंदु झा, राजीव रंजन, मनोज अग्रवाल, सुनील ,सुरेश, राकेश, राजू चक्रवर्ती, रवि आनंद, समेत कई लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुषमा, मीणा, विनीता, स्वेता, डॉली, सायरी, रेणु, सरोज, स्वाति, रंजना रंजन ने अपना योगदान दिया। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पी आर वो आशुतोष द्विवेदी ने दी।

### संगीतकार ने की आत्महत्या

**रांची।** झारखंड के जाने-माने गीतकार डब्बू महली ने रविवार को आत्महत्या कर ली। गीतकार की आत्महत्या करने से सोशल मीडिया पर शोक की लहर है। फिलहाल अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गीतकार किस वजह से आत्महत्या की है। गीतकार डब्बू महली लालपुर के करम टोली इलाके में रहते थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### डॉ जेएन सिंह रघुवंशी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**रांची।** डॉ जेएन सिंह रघुवंशी आइडियल होमियोपैथिक वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। डॉ रघुवंशी को कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। वे पहले भी आइडियल होमियोपैथिक वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव रहे हैं।

# पहाड़ी मंदिर के लिए बाल कांवर यात्रा 20 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर का बाल कांवर यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू के अध्यक्षता में रविवार को पहाड़ी मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक में 20 अगस्त को होने वाले बाल कांवर यात्रा को लेकर चर्चा हुई ।

बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए राजेश साहू ने बताया कि पूरे देश मे भोलेनाथ के अनोखे भक्तों द्वारा 20 अगस्त को पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया जाएगा। इसमें पंजीकृत लोग ही एक न्यूनतम शुल्क के माध्यम से इसमें भाग ले सकते हैं। सबको ड्रेस और पूजा सामग्री, कांवर, दूध, नास्ता, फूल, लोटा महासमिति की तरफ से दी जायेगी। इसमें शिव-पार्वती के स्वरूप होंगे। ढोल-ताशा एवं डीजे धुन पर मनमोहक दृश्यों के साथ कांवर



श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर की बैठक में शामिल लोग।

यात्रा निकलेगी। इस यात्रा में रांची शहर एवं आसपास के जिलों से 3 साल से 11 साल तक के जो भी बच्चे बाल कांवर यात्रा लेकर पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करना चाहेंगे वैसे बच्चे महासमिति के संपर्क नंबर पर फोन या व्हाट्सप के माध्यम से कर सकते हैं। महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू 9431114482, बादल सिंह 9334347352, दीपक नंदा 7004021801 पर कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यह यात्रा नक्षत्र वन राजभवन के समीप से निकलेगा और पहाड़ी मंदिर तक आएंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति बच्चों को जागरूक करना हैं। बैठक में मुख्य रूप से राजेश साहू, दीपक नंदा, बादल सिंह, राजकुमार तलेजा, मेहुल प्रसाद, गुलशन मिढा, उर्मिला चौधरी, गगन कुमार, मुरारी लाल मंगल, अमृत रमन, रंजीत बिहारी प्रसाद, रानी सिन्हा, दिलीप वर्मा, अमन सिंह, अंकित सरकार आदि लोग शामिल थे।

# रोटरी क्लब जनसेवा को कटिबद्ध : शरत चंद्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची के तत्वावधान में रविवार को होटल बीएनआर चाणक्य में डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोटरी कॉर्डिनेटर शरत चंद्रा ने कहा कि रोटरी सदस्य जनसेवा के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध रहते हैं। इनका जुझारूपन ही क्लब के किसी भी प्रोजेक्ट को सफल बनाता है। क्लब के कार्य अत्यंत प्रशंसनीय रहे हैं। क्लब इसे लगातार साबित भी करता रहा है। उन्होंने क्लब के कार्यों को और नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए सफलता के सूत्र भी बताए।

मौके पर क्लब में अध्यक्ष डॉ विनय ढांढानिया ने कहा कि हम सभी लोगों को रोटरी क्लब की प्रतिष्ठा के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ना





रोटरी क्लब ऑफ रांची के सेमिनार के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित सदस्य।

चाहिए। सहयोग की भावना से ही मानव सेवा और नए प्रोजेक्ट की सफलता की राह तैयार होती है। क्लब ने अपनी एकजुटता और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति की बदौलत पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस सफलता का श्रेय सभी सदस्यों को जाता है। कार्यक्रम की चेयरमैन एवं पूर्व अध्यक्ष रेखा सिंह ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस आयोजन से झारखंड बिहार के सभी क्लबों के बीच बेहतर समन्वय बनाने का अवसर मिला है। यह डिस्ट्रिक्ट में नई ऊर्जा का संचार करेगा। कार्यक्रम का संचालन शाहीद पॉल, एवं धन्यवाद ज्ञापन मुकेश तनेजा ने किया । मौके पर भंडारी लाल, एस के मल्होत्रा, सुरेश साबु, अमित अग्रवाल, आदित्य मल्होत्रा, सुधा ढांधहनिया, प्रियंका त्रिपाठी, मंजु गंभीर, रश्मि अग्रवाल, ख्याती मुंजाल, नताशा साहू, श्वेता अग्रवाल, अनंत सिन्हा, संदीप मुंजाल, प्रवीण राजगढ़िया आदि मौजूद थे।

# होमियोपैथी में संभव है स्थायी इलाज : होमियोपैथिक फोरम

## हैनिमैन होमियोपैथिक फोरम के सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय स्तर के लोगों ने लिया हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के होमियोपैथिक चिकित्सकों की टीम ने होमियोपैथिक चिकित्सकों और होमियोपैथिक चिकित्सा विज्ञान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए रांची के आइएमए भवन में निःशुल्क सेमिनार का आयोजन किया।

मुंबई के प्रसिद्ध चिकित्सक और होमियोपैथिक चिकित्सा विज्ञान के वक्ता श्री नाइस मैन के द्वारा वक्तव्य दिया गया। इनके द्वारा उपस्थित चिकित्सकों को बताया गया कि कैसे मस्तिष्क के व्यवहार से बीमारी को पकड़ते है।

श्री नाइस मैन के नाम से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ योगेश राजुरकर, डॉ श्रीकृष्णा दाफले, डॉ आलोक कुमार की टीम ने होमियोपैथिक चिकित्सकों को बताया कि बीमारी को कैसे पकड़ना है। कौन सी बीमारी कब हुई है, क्या जिस समय



सेमिनार में भाग लेते होमियोपैथिक चिकित्सक।

बीमारी हुई है, उस समय मरीज के साथ कोई घटना घटी है या मरीज को किसी कारणवश से कार्य करने में कोई दिक्कत हो रही है। बीमारी होने से मरीज के मस्तिष्क पर मानसिक रूप से क्या कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

मस्तिष्क के व्यवहार को देखते हुए रूब्रिक्स को देखते है की कौन सी दवा की रूब्रिक्स, मस्तिष्क व्यवहार से मरीज का व्यवहार मिल रहा है। उसके बाद दवा का चुनाव करते है और बहुत ही कम मात्रा में दवा की खुराक मरीज को दी जाती है जो ज्यादा असरदार होती है और मरीज को कोई भी दुष्प्रभाव नही पड़ता है। इसमें सबसे बड़ी कला यह है की निरंतर अभ्यास एवं इस पद्धति की कला से इलाज करने के लिए हमेशा अभ्यास की जरूरत पड़ती है। सेमिनार में रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, झारखंड के युवा नेतृत्वकर्ता संजय मेहता एवं डोरंडा महाविद्यालय के वक्ता वी.पी.वर्मा अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस सेमिनार में बंगाल, तेलंगाना, बिहार, उड़ीसा के साथ-साथ नेपाल के चिकित्सकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची के प्रसिद्ध, अनुभवी और वरिष्ठ होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ अरविंद तिवारी, हजारीबाग के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ महादेव मेहता, धनबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ लक्ष्मण मोदी, कोडरमा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एस.मैथी, जमशेदपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एनडी गुप्ता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भावेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार मेहता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निशांत कुमार मोदी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कविता गंगानी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विक्रम सम्राट, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शंपा चांद, डॉ अनूप सिंह, डॉ गौरव कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविकांत पांडेय, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार एकलव्य, डॉ कल्याण कुमार, आईटी विशेषज्ञ राहुल कुमार, डॉ कहकशा नाज ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन ने दिव्यांग बच्चों संग आयोजित किया शिव उपासना कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सृजन हेल्प परिवार प्रांगण में फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन की ओर से रविवार को दिव्यांग मंदबुद्धि एवं मूक बधिर बच्चों के बीच शिव उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रत्येक दिव्यांग बच्चों को भगवान शिव का गण मानते हुए चंदन टीका से विशेष पूजन किया गया। उनके पूजन के बाद दिव्यांग बच्चों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

मौके पर एसोसिएशन की अध्यक्षा विभा श्रीवास्तव ने कहा कि इनकी देख-भाल करना इनके बीच उठना-बैठना इनको बराबर का सम्मान देना यह हम सब का कर्तव्य है। पांचो उंगली बराबर नहीं होती ईश्वर ने इनको अगर इस रूप में बनाया है तो हमारा आपका सबका कर्तव्य है कि हम सब उनकी सेवा ईश्वर का रूप मान कर करें और इनको भी अपने परिवार के सदस्य



दिव्यांग बच्चों के साथ फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन की सदस्य।

के रूप में आत्मसात करें। इनको सम्मान दें, इनको प्यार दें और इनके बीच एक सद्भाव का का एक ऐसा वातावरण बनाएं जैसे हम अपने परिवार में कमजोर से कमजोर बच्चों को देखते हैं। उसी प्रकार हमारा कर्तव्य है कि इन बच्चों को भी हम सब देखें और समाज की मुख्य धारा से इन सबको जोड़ें इनका शोषण इनका तिरस्कार ना हो इन्हें सम्मान और प्यार मिले यह हम सब का कर्तव्य है। मौके पर वाइस प्रेसिडेंट रुचि उपाध्याय, सचिव सनन्दिता दास, कोषाध्यक्ष मीनू पांड्यान, पूर्व अध्यक्षा सविता मिश्रा, अंजू सिंह, रंजना सावंत और कलावती पांडे को सम्मान देने के लिए कार्यक्रम में कैलाश केसरी अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर ने रामनाम का पळा दिया. कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा रांची विभाग सेवा प्रमुख, अशोक कुमार अग्रवाल प्रांत सह-सेवा प्रमुख, गुंजन गुप्ता निदेशिका, संजय कुमार संचालक, प्रकाश बजाज, ज्ञान प्रजापति, संध्या उरांव सृजन हेल्प परिवार के अन्य कार्यरत सहयोगी और बड़ी संख्या में दिव्यांगों के अभिभावक उपस्थित थे।

# जेजेएमपी के नाम पर रांची के कारोबारियों से मांगी जा रही है लेवी

## एटीएस जांच जारी

### आठ कोयला कारोबारी को अपराधकर्मियों ने मारी गोली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कोयला का कारोबार कर रहे कारोबारी अपराधकर्मियों के निशाने पर हैं। अपराधी रंगदारी नहीं मिलने से उन्हें मौत के मुंह में पहुंचा रहे हैं। हाल के दिनों में घटी घटना के बारे में जिक्र करें तो अबतक आठ कोयला कारोबारी को अपराधियों ने निशाना बनाया है। गोलीकांड में लेवी का पैसा नहीं देने पर कोयला कारोबारियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है, इधर, जेजेएमपी की ओर से राजधानी रांची के बिल्डर, जमीन कारोबारी समेत अन्य व्यवसायियों को लेवी की डिमांड की जा रही है। लेवी की डिमांड पूरी नहीं करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सारे डिमांड व्हाट्सएप्प कॉल के जरिए मांगी जा रही है। कहा जा रहा है कि जब लेवी नहीं देंगें तो आपकी जान को खतरा है। जेजेएमपी की ओर से मांगी गयी लेवी में खुद को पप्पू लोहरा बताता है, लेकिन जब पुलिस ने इस मामले में तहकीकात की तो पता चला कि वह सिम किसी पुष्पा कुमारी के नाम से रजिस्टर्ड है। सूचना के मुताबिक लेवी और रंगदारी के मामले की जांच आतंकवादी निरोधक दस्ता(एटीएस) कर रही है।



### जनवरी से अबतक इन कोयला कारोबारियों को बनाया निशाना

23 जनवरी 2023 : रामगढ़ जिला के भुरकुंडा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने कोयला कारोबारी गज्जू साहू की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की थी।

22 जनवरी 2023 : धनबाद के कतरास में अपराधियों ने कोयला कारोबारी मनोज यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

15 मार्च 2023 : धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बागसुमा बहादुरपुर निवासी कोयला कारोबारी बंटी चौधरी के आवास पर अपराधियों ने गोलीबारी की थी।

09 मई 2023 : हजारीबाग के बड़कागांव स्थित ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर शरत कुमार की अमन साहू गिरोह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

14 जून 2023 : धनबाद के झरिया के पाथरडीह थाना क्षेत्र स्थित चासनाला साउथ कॉलोनी में कोयला व्यवसायी और ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय की अपराधियों ने हत्या कर दी थी।

07 जुलाई 2023 : रांची के अरगोड़ा में अपराधियों ने कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को उसके ऑफिस के गेट पर गोली मार दी थी।

09 जुलाई 2023 : लातेहार में रहने वाले ट्रांसपोर्टर अमित सिंह से रंगदारी मांगी गयी थी।

12 अगस्त 2023 : लातेहार के बालूमाथ में कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू को अपराधियों ने गोली मार दी।

### ये गिरोह हैं सक्रिय

**अमन साहू गिरोह :** रांची, लातेहार, रामगढ़ और हजारीबाग।
**अमन सिंह गिरोह :** धनबाद, बोकारो।
**अमन श्रीवास्तव गिरोह:** रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार।
**प्रिंस खानः** धनबाद।
**विकास तिवारी गिरोह :** रामगढ़ और हजारीबाग।
**सुजीत सिन्हा गिरोह :** लातेहार और पलामू।

### राजधानी में सीआरपीएफ-133 बटालियन ने निकाली तिरंगा रैली

## घर-घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को रांची में सीआरपीएफ 133 बटालियन के जवानों ने बाइक रैली निकाली। सीआरपीएफ के जवानों ने बाइक रैली निकालकर घर-घर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान जवानों ने लोगों से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की। रैली कैंप से निकलकर पुरानी विधानसभा होते हुए जेएससीए स्टेडियम तक गयी।

**13 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा अभियान :** घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए निकाली गई बाइक रैली में शामिल सीआरपीएफ के कमांडेंट अमित कुमार ने कहा कि घर-घर में तिरंगा लगने से आम लोगों में देशभक्ति का संचार होगा क्योंकि जो जवान हैं वो तो अपने कार्यों और देश सेवा के लिए संकल्पित हैं, लेकिन आम लोग जीवन की इस आपाधापी में जश्न-ए-आजादी खुलकर नहीं मना पाते हैं। ऐसे में घर-घर तिरंगा अभियान के माध्यम से तिरंगा को देख आम लोगों को भी देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ख्याल आयेगा। इसलिए 13 से 15 अगस्त तक लोगों को अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**सोशल साइट पर भी तिरंगा प्रदर्शित करने के लिए किया प्रोत्साहित :** बता दें कि लोगों को सिर्फ अपने घरों और दफ्तरों में तिरंगा लगाने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है, बल्कि फेसबुक, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया अकाउंट पर भी तिरंगा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**डाकघर से 25 रुपए में खरीद सकते हैं तिरंगा :** तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए डाक विभाग तिरंगा की बिक्री कर रहा है, जिसकी कीमत 25 रुपए प्रति झंडा है। घर-घर तिरंगा अभियान-2 को सफल बनाने के लिए आम लोगों के बीच जन जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने घरों में तिरंगा फहरा सकें।

### झंडारोहण समारोह : डीआइजी संग डीसी व एसएसपी भी रहे मौजूद

## मोरहाबादी मैदान में फुल ड्रेस रिहर्सल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन समारोह को लेकर रविवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। डीआईजी अनूप बिरथरे, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल की अगुवाई में फुल ड्रेस रिहसल किया गया। डीआईजी अनूप बिरथरे एवं उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने परेड की सलामी ली एवं सभी पार्टियों को परेड से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की हुई ब्रीफिंग :** स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित झंडोत्तोलन समारोह के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की ज्वायंट ब्रीफिंग की हुई। इस दौरान पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा निकाले गए संयुक्तादेश की पूरी जानकारी दी गई। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को समय पर प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया।

ब्रीफिंग के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले सभी आगंतुकों की जांच गंभीरता से करें। कोई अवांछित व्यक्ति आपत्तिजनक सामग्री लेकर समारोह स्थल में प्रवेश न करे, इसका विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा समारोह स्थल का मुआयना कर शेष आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपविकास आयुक्त, रांची, पुलिस अधीक्षक नगर, अपर समाहर्त्ता, अपर जिला दंडाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर एवं अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।



स्वतंत्रता दिवस को लेकर परेड का रिहर्सल करते अधिकारी।



कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते उपायुक्त व अन्य।

### समारोह में हिस्सा लेने वाले विभिन्न प्लाटून

- सीआरपीएफ एक प्लाटून
- आईटीबीपी एक प्लाटून
- सीआईएसएफ एक प्लाटून
- एसएसबी एक प्लाटून
- उत्तर प्रदेश पुलिस एक प्लाटून
- झारखण्ड जगुआर एक प्लाटून
- जैप 1 एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी
- जैप-10- एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी
- जैप-2 एक प्लाटून
- रांची पुलिस (महिला) एक प्लाटून
- रांची पुलिस (पुरुष) एक प्लाटून
- होमगार्ड एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड
- एनसीसी एसआर एक प्लाटून (गर्ल्स)
- एनसीसी एसआर एक प्लाटून (ब्वॉयज)

## खबर एक नजर में

### आदिकांत बने लालपुर थानेदार

**रांची।** आदिकांत महतो को लालपुर का नया थानेदार बनाया गया है। बता दें कि तत्कालीन लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी को लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। ममता कुमारी को डीआइजी अनूप बिरथरे ने डबल मर्डर में लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड किया है।

### रांची विवि की आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**रांची।** आजादी का अमृत महोत्सव भारत के 76 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान 2023 का हुआ आगाज। 14 अगस्त को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा यात्रा सुबह 9 बजे राजभवन के मुख्य द्वार से निकाली जाएगी। इस यात्रा को झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन रवाना करेंगे। रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस हर घर तिरंगा यात्रा में सैकड़ों छात्र भाग लेंगे।

### बीएयू में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत

**रांची।** बिरसा कृषि विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधीन हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गयी। बीएयू के कृषि एवं वानिकी संकाय के विद्यार्थियों ने सुबह प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान छात्रों ने लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने की पहल की। कार्यक्रम में निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल ने कहा कि आजादी के 76वें वर्ष के दौरान एक राष्ट्र के रूप में तिरंगे झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाने का प्रयास ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। को-ऑर्डिनेटर डॉ बीके झा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान की पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए की गई है। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को भारत के लोगों की आशा और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व बताया।

### समस्याओं का करूंगा निदान : आदित्य विक्रम



**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल रविवार को वार्ड-29 रातु रोड की जन समस्याओं से रूबरू हुए। क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनने के बाद आदित्य जयसवाल ने कहा कि समास्याओं को लेकर इस हफ्ते में मीटिंग रखी जाएगी और समस्याओं को निदान करने का प्रयास होगा। मौके पर प्रेम चंद चौधरी, राकेश चौधरी, आयुष राज वर्मा, मनोज कुमार, बाके कुमार, विकाश चौधरी, ललित चौधरी, राजीव चौरसिया, सूरज झा, प्रेम कुमार, श्रीकांत कुमार, विवेक आदि लोग मौजूद थे।

### रिम्स गर्ल्स हॉस्टल की नहीं बदली सूरत, कमरे रहने लायक नहीं

## छात्राओं ने लगाया आरोप, प्रबंधन इन्हीं कमरों में हमें रहने के लिए कर रहा विवश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में मारपीट की घटना के बाद प्रबंधन ने 20 जुलाई को एमबीबीएस और बीडीएस के छात्र-छात्राओं को हॉस्टल खाली करने का निर्देश दे दिया था। तब, प्रबंधन की ओर से दलील दी गई थी कि नए सिरे से हॉस्टल का आवंटन होगा और जर्जर हॉस्टल के कमरों की रिपेयरिंग भी होगी। इन सबके बीच प्रबंधन ने 7 अगस्त से बीडीएस छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी। छात्राओं में नाराजगी है कि प्रबंधन ने जर्जा हॉस्टल की रिपेयरिंग नहीं करायी।



**छोटे-छोटे कमरों में रखे जा रहे 2 से 4 स्टूडेंट्स :** नाम न लिखने की शर्त पर कुछ छात्राओं ने कहा कि गर्ल्स हॉस्टल-5 का कमरा रहने लायक नहीं है। सीलिंग में दरारें हैं। यह कभी भी गिर सकता है। रूम में पानी टपकता है। ऐसी स्थिति में रहेंगे तो तबीयत खराब होगी। नए सिरे से हॉस्टल के आवंटन से पूर्व कहा गया था बैच के अनुसार हॉस्टल का आवंटन होगा लेकिन आवंटन के वक्त सीनियर-जूनियर को एक साथ मिलाकर रखा जा रहा है। छोटे कमरे में 2 से 4 छात्राओं को रखा जा रहा है।

### हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए भाजपा सांसद और विधायक



### फिल्म निर्माता प्रकाश झा और सीएम के साथ कल्पना सोरेन ने ली सेल्फी



## पवित्र स्थलों की मिट्टी संग्रह कर अमृत वन के लिए भेजेंगे : सांसद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रविवार को पवित्र स्थलों से मिट्टी संग्रह की गयी। भाजपा के महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा के समीप मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के समापन एवं अमृत काल में प्रवेश पर 75 फलदार पौधा स्मृति पार्क परिसर में लगाया गया। भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा की सफाई की गई। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत महानगर के सभी 17 मंडलों एवं 7 मोर्चा अध्यक्षों को सैकड़ों तिरंगा ध्वज का वितरण किया गया। सभी मंडलों को मिट्टी का कलश वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि पवित्र मिट्टी नयी दिल्ली के अमृत वन के लिए भेजा जायेगा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सोमवार को शहीद चौक से मार्च निकाला जायेगा। कार्यक्रम का संचालन वरूण साहु एवं धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने किया। मौके पर राकेश भास्कर, संजय जयसवाल, कृपाशंकर सिंह, मुनचुन राय, राजश्री जयंती, रमेश सिंह, बसंत दास, मुकेश मुक्ता, मुकेश कुमार, जितेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र सिंह पटेल, रोमित नारायण सिंह, रवि मुंडा, रौशनी खलखो, अनिता वर्मा, सुजाता सिंह, अर्जुन मुंडा आदि उपस्थित थे।

## मोरहाबादी में 2 नवंबर से जेसोवा का दिवाली मेला

**मेले में दिखेगी गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड की झलक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड आईएएस आफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) रांची की ओर से इस साल 2-6 नवंबर तक जेसोवा दिवाली मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर रविवार को जेसोवा की अध्यक्ष मिनी सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सचिव मनु झा समेत सभी सदस्य शामिल थे। उन्होंने बताया कि दिवाली मेले का उद्देश्य महिला उद्यमिता और ग्रामीण कारीगरों को बढ़ावा देना है। मेले में गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के कारीगर भाग लेंगे। मेले में 200 से ज्यादा स्टॉलों लगाया जायेगा।

**एडवेंचर गेम्स होंगे आकर्षण के केंद्र :** दिवाली मिलन में बच्चों के साथ-साथ वयस्कों के लिए एडवेंचर गेम्स आकर्षण के मुख्य केंद्र होंगे। सावन मिलन में स्टॉलों और मनोरंजन के अलावा पूरे भारत के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये जायेंगे। झूमर, छउ और अन्य पारंपरिक नृत्यों का आनंद भी मेले में आने वालों को मिलेगा। मेले में आगंतुकों की सुविधा के लिए मोबाइल एटीएम भी रहेगा। हेल्थ चेकअप कैंप, आधार पंजीकरण केंद्र एवं झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी से संबंधित स्टॉल भी रहेंगे। स्टॉल के लिए इच्छुक लोग जेसोवा से संपर्क कर सकते हैं।

संस्था द्वारा आयोजित मेले के आयोजन से होने वाली आय, विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी कार्यों पर खर्च किये जाते हैं। जेसोवा की ओर से हेल्थ चेकअप कैम्प, समाज में पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, नेत्रहीन विद्यालय, मूक एवं बधिर विद्यालय, प्रोबेशन होम, वृद्धाश्रम एवं अन्य जरूरतमंद लोगों के बीच उनके जरूरत की सामग्रियों का समय-समय पर वितरण, उनकी चिकित्सा अनुदान, पौधारोपण अभियान आदि कार्यक्रम किये जाते हैं।

### वृंदावन से पधारे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के कथा वाचक श्रीराम कृष्ण जी महाराज, 20 तक बहायेंगे भक्ति की गंगा

## 101 महिलाओं ने मेफेयर अपार्टमेंट से निकाली कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** ओटीसी मैदान के समीप स्थित मेफेयर अपार्टमेंट में रविवार से 8 दिनी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन रविवार की सुबह 9 बजे मेफेयर अपार्टमेंट से कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में 101 महिलाएं शामिल थीं। सभी अपने-अपने माथे पर कलश लेकर जल लेने को पंडरा मध्य विद्यालय के समीप स्थित देवी मंडप पहुंची और जल भरकर सभी महिलाएं जुलूस की शक्ल में मेफेयर अपार्टमेंट वापस आयीं। कलश यात्रा के आगे-आगे वृंदावन से पधारे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के कथा वाचक श्रीराम कृष्ण जी महाराज चल रहे थे।

**दूसरे पहर कथा और शाम में अरती का आयोजन :** श्रीमद भागकथ ज्ञान यज्ञ के दूसरे पहर यानी 3:30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तहत कथा की शुरूआत की गयी। कथावाचक के रूप में वृंदावन से पधारे श्री रामकृष्ण जी महाराज ने अपनी कथा वाचन से श्रोताओं के मन मोह लिया। पहले दिन की कथा समाप्ति के उपरांत आरती का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में श्री भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजक ध्रुव चौरसिया और उनकी पत्नी सरिता चौरसिया के अलावा भाजपा की वरिष्ठ नेत्री कुमुद झा, राजेश शाह, उदय चौधरी, मिथिलेश केसरी, दिनेश चौबे, पंडरा मुखिया सुनील तिर्की, संजय तिर्की, कमड़े की मुखिया नीलम तिर्की, अरुण कुमार सिहं, महादेव साहू, गीता देवी, संजय गुप्ता, पप्पू केसरी, वीरेंद्र केसरी और छोटू आदि शामिल थे।

**श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आज :** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन दोपहर साढ़े तीन बजे से कथा वाचन होगा। वृंदावन से पधारे कथा वाचक श्रीराम कृष्ण जी महाराज महाभारत की कथा से श्रोताओं को अवगत करायेंगे।

खबर मन्त्र

रांची.सोमवार .14 अगस्त 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


# मानव तस्करी का दंश

मानव तस्करी निषेध दिवस पर वर्ष 2016 से 2022 तक की जारी रिपोर्ट न केवल चिंताजनक है वरन वह विकास की पोल खोलती हुई भी नजर आती है। यह रिपोर्ट रविवार को नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा उन्हीं के नाम से स्थापित चिल्ड्रेंस फाउंडेशन एवं एनजीओ गेम्स 24 गुणा 7 की ओर से जारी की गयी। इसे 'चाइल्ड ट्रेफिकिंग इन इंडियाः इनसाइट्स फ्रॉम सिचुएशनल डाटा एनालिसिस एंड दी नीड फॉर टेक ड्रिवन इंटरवेंशन स्ट्रेटेजी' के नाम से प्रकाशित किया गया है। इसमें 2016-22 के दौरान हुई मानव तस्करी के विस्तृत आंकड़े व विवरण तो दिये ही गये हैं, इस अपराध की रोकथाम के उपाय भी सुझाए गये हैं। वैसे इस रिपोर्ट के अनुसार कोरोना के बाद मानव तस्करी में बेतहाशा इजाफा दर्ज हुआ है, विशेषकर बच्चों की तस्करी के मामले में। देश के 21 राज्यों और 262 जिलों में किये गये सर्वेक्षणों के आधार पर तैयार रिपोर्ट दुखदायी हैं। इसमें बताया गया है कि उपरोक्त बतलाई गयी अवधि में ज्यादातर बच्चों की ही तस्करी हुई है लेकिन महामारी के पश्चात ऐसे मामलों में 68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बड़े पैमाने पर बच्चों को उनके जीवन जीने और शिक्षा के अधिकार से वंचित होना पड़ा है। रिपोर्ट बतलाती है कि 13 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 15 फीसदी से अधिक बच्चे विभिन्न तरह की दुकानों, ढाबों एवं उद्योगों में काम करते हैं, तो वहीं 13 फीसदी कपड़े की दुकानों से आजीविका प्राप्त करते हैं। 11 फीसदी से ज्यादा बच्चे खुदरा दुकानों में काम करते हुए गुजारा कर रहे हैं। उपरोक्त उल्लेखित अवधि यानी 2016-22 के दौरान जिन बच्चों की तस्करी की गयी उनमें 13 फीसदी 9 से 12 वर्ष और 2 फीसदी 9 साल से कम उम्र के हैं। फाउंडेशन व सहयोगी संगठनों ने 13500 से ज्यादा बच्चों को उनके कामों (दुकानें, ढाबे, उद्योग) से छुड़ाया।

# चुनावी सत्र

सन दिनों तक चली इस बहस का निचोड़ देखेंगे तो यही सामने आता है कि सभी नेताओं ने अपने अपने राजनीतिक हित साधे। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने के बाद कांग्रेस ने उनका भाषण कराके अपने कार्यकताओं में उत्साह का संचार किया। इसके अलावा, एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी अपनी पार्टी से वक्ता के रूप में लोगों का चयन करते समय चुनाव से जुड़े हितों को ही ध्यान में रखा। देखा जाये तो सभी पार्टियों के नेता साल 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले खुद की तैयारियों को परखना चाहते थे इसलिए सबने अपने भाषण को ज्यादा से ज्यादा प्रभावी बनाने का काम किया। देखा जाये तो राजनेताओं के भाषणों को उनके समर्थकों ने सराहा, लाइक किया और शेयर किया। लेकिन सवाल उठता है कि इससे देश को और मणिपुर को क्या मिला? देश चाहता था कि संसद के मॉनसून सत्र में चर्चा हो कि महंगाई को कैसे कम किया जाये, बेरोजगारी को कैसे कम किया जाये, साम्प्रदायिक सद्भाव के बिगड़ते माहौल संबंधी घटनाओं को कैसे काबू में लाया जाये, भ्रष्टाचार को कैसे पूरी तरह खत्म किया जाये, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर कैसे लगाम लगायी जाये, ऑनलाइन फ्रॉड की बढ़ती घटनाओं पर कैसे तत्काल रोक लगाई जाये...लेकिन इसमें से किसी भी विषय पर चर्चा नहीं हुई। यानि जनता के जो मुद्दे थे वो वहीं के वहीं रह गये। यानि दोनों पक्ष अलग-अलग तरह से अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं लेकिन इस सारे शोर में हार तो संसदीय प्रणाली की हुई है क्योंकि विपक्ष ने संसद के मॉनसून सत्र का अधिकांश समय हंगामा करके बर्बाद कर दिया जिससे जनहित के मुद्दों पर गंभीर बहस हो सकती थी। आज देश का तीव्र विकास जिस प्रकार असमान तरीके से हो रहा है इसे भी उठायाजाना चाहिए था।

# आजाद भारत में आदिवासियों के अस्तित्व की चिंता





- ललित गर्ग

> आदिवासी महिलाएं आदिवासी समुदाय की रीढ़ है, वे पारंपरिक पैतृक ज्ञान के संरक्षण और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राकृतिक संसाधनों की देखभाल और वैज्ञानिक ज्ञान के रखवाले के रूप में उनकी एक अभिन्न सामूहिक और सामुदायिक भूमिका है। दुनिया भर में रहने वाले 47 करोड़ आदिवासी और जनजाति समुदायों के सामने जंगलों का कटना और उनकी पारंपरिक जमीन की चोरी सबसे बड़ी चुनौती है।

**स्वतंत्रता** आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आदिवासी महिलाएं आदिवासी समुदाय की रीढ़ है, वे पारंपरिक पैतृक ज्ञान के संरक्षण और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राकृतिक संसाधनों की देखभाल और वैज्ञानिक ज्ञान के रखवाले के रूप में उनकी एक अभिन्न सामूहिक और सामुदायिक भूमिका है।

आदिवासी लोगों के मूलभूत अधिकारों जल, जंगल, जमीन को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व में शांति कायम हो की थीम पर यह दिवस मनाया जायेगा। यह दिवस उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करता है जो वनवासी लोग पर्यावरण संरक्षण, आजादी, महा आंदोलनों, जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था। ग्रह पर कुल मानव आबादी का लगभग 47 करोड़ हिस्सा आदिवासी लोगों का है। इसके अलावा, दुनिया में 100 से अधिक गैर-संपर्क जनजातियाँ हैं। दुनिया में बोली जाने वाली 7000 भाषाओं में से 4000 भाषाएँ आदिवासी लोगों द्वारा बोली जाती हैं। आदिवासी लोग प्रकृति की पूजा करते हैं, प्रकृति में जीते है, जल, जंगल एवं जमीन से जुड़े इन लोगों ने प्रकृति एवं पर्यावरण को संरक्षित कर रखा है।

आदिवासी महिलाएं आदिवासी समुदाय की रीढ़ है, वे पारंपरिक पैतृक ज्ञान के संरक्षण और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राकृतिक संसाधनों की देखभाल और वैज्ञानिक ज्ञान के रखवाले के रूप में उनकी एक अभिन्न सामूहिक और सामुदायिक भूमिका है। दुनिया भर में रहने वाले 47 करोड़ आदिवासी और जनजाति समुदायों के सामने जंगलों का कटना और उनकी पारंपरिक जमीन की चोरी सबसे बड़ी चुनौती है। वे धरती पर जैव विविधता वाले 80 प्रतिशत इलाके के संरक्षक हैं लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लोभ, हथियारबंद विवाद और पर्यावरण संरक्षण संस्थानों की वजह से बहुत से समुदायों की आजीविका एवं अस्तित्व खतरे में हैं, ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हालात को और खराब कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार आदिवासी जनजातियां 90 देशों में फैली हैं, 5,000 अलग अलग संस्कृतियां और 4,000 विभिन्न भाषाएं, इस बहुलता के बावजूद उन्होंने अनेक संघर्ष झेले हैं और आज भी दुनिया में आदिवासी समुदाय खतरे में हैं। भारत सहित दुनिया की आदिवासी महिलाएं हिंसा, यौन शोषण एवं अपराध की शिकार है। मणिपुर में 19 जुलाई, 2023 को दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने एवं पश्चिम बंगाल के मालदा में भीड़ ने दो आदिवासी महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया। आदिवासी महिलाओं के साथ होने वाली ऐसी घटनाएं देश-विदेश के सभ्य समाजों को झकझोर दिया है।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। भारत भी इसी समृद्धता का देश है, लेकिन इनकी समृद्धता की उपेक्षा के कारण अनेक समस्याएं विकास की बड़ी बाधा बनती जा रही है। संभव है कि द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में प्रकृति एवं पर्यावरण की समस्या के साथ-साथ आदिवासी महिलाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा।

प्रलोभनों एवं साम्प्रदायिक ताकतों के कारण कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर हो रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। एशिया में विशेषकर भारत के आदिवासी भी इस मानसिकता की ओर तेजी से बढ़ रहे है, ईसाई मिशनरियों ने भारत के आदिवासी क्षेत्र छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। करीब 400 पीढ़ियों पूर्व सभी भारतीय वन में ही रहते थे और वे आदिवासी थे परंतु विकासक्रम के चलते पहले ग्राम बने फिर कस्बे और अंत में नगर, महानगर। यही से विभाजन होना प्रारंभ हुआ। जो वन में रह गए वे वनावासी, जो गांव में रह गए वे ग्रामवासी और जो नगर में चले गए वे नगरवासी कहलाने लगे। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है।

स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अनेक महा- आदिवासी हुए हैं जिन्होंने भारत की मिट्टी एवं उसके स्वतंत्र अस्तित्व-आजादी के लिए अपना बलिदान एवं महान योगदान दिया। ऐसे महान वीर आदिवासियों से भारत का इतिहास समृद्ध है, जिनमें अप्पा साहब, तात्या टोपे, डा. बी.आर. अम्बेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गंडाधुरा, शहीद रानी दुगार्वाती, शहीद बीरसा मुंडा, शहीद सिद्धों, कानु, शहीद तिलका मांझी, शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा जैसे महान आदिवासियों ने अपना बलिदान देकर समाज एवं देश के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिर क्या कारण है कि इस जीवंत एवं मुख्य समाज को देश की मूल धारा से काटने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे हैं। आजादी के बाद बनी सभी सरकारों ने इस समाज की उपेक्षा की है। यही कारण है कि यह समाज अनेक समस्याओं से घिरा है। अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाते हुए हमें आदिवासी समाज के अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने के प्रयासों को नियंत्रित करने पर चिन्तन करना होगा।

## खास बात

### आजादी की आवाज

9 अगस्त 1942 को दिन निकलने से पहले ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सभी सदस्य गिरफ्तार हो चुके थे और कांग्रेस को गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया गया। गांधी जी के साथ भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को यरवदा पुणे के आगा खान पैलेस में, डॉ. राजेंद्र प्रसाद को पटना जेल व अन्य सभी सदस्यों को अहमदनगर के किले में नजरबंद किया गया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस जनान्दोलन में 942 लोग मारे गये, 1630 घायल हुए, 18 हजार डीआईआर में नजरबंद हुए तथा 60 हजार 229 गिरफ्तार हुए। जयप्रकाश नारायण, अरूणा आसफ अली व मदनलाल बागड़ी का इस क्रांति में अविस्मरणीय योगदान रहा था।

6 अगस्त 1925 को ब्रिटिश सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से बिस्मिल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ के दस जुझारू कार्यकताओं ने काकोरी कांड किया था। जिसकी यादगार ताजा रखने के लिए पूरे देश में हर साल 9 अगस्त को काकोरी काण्ड स्मृति-दिवस मनाया जाता था। इस दिन बहुत बड़ी संख्या में नौजवान एकत्र होते थे। गांधी जी ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत 9 अगस्त 1942 का दिन चुना था। दूसरे विश्व युद्ध में इंग्लैंड को बुरी तरह उलझता देख जैसे ही नेताजी सभाषचंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज को दिल्ली चलो का नारा दिया। गांधी जी ने मौके की नजाकत को भांप लिया और 8 अगस्त 1942 की रात में ही बम्बई से अंग्रेजों को भारत छोड़ो व भारतीयों को करो या मरो का आदेश जारी किया।

1942 का अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन 1920, 1921, 1930, 1940-41 के आंदोलनों से काफी भिन्न था। इसी कारण सुभाष बाबू ने कहा था कि 1942 में पेसिव रजिस्टेन्स के युग का अंत होकर एक्टिव रजिस्टेन्स का सूत्रपात हुआ। राजनारायण मिश्र, महेंद्र चैधरी, लेना प्रसाद, मातिंगिनी हाजरा, चाफेकर बंधुओं, खुदीराम बोस, कन्हाई लाल, करतार सिंह, रामप्रसाद बिस्मित, अशफकाउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे वीरों के अविस्मरणीय योगदान ने आजादी की राह काफी सरल बना दी थी। गांधीजी का करो या मरो का नारा अत्यन्त ही शक्तिशाली मंत्र बना।

**हजारीबाग** विधानसभा की बूथ संख्या 216 के बूथ अध्यक्ष श्री अविनाश कुमार सिंह जी से मोबाइल पर बातचीत कर उनका हाल चाल जाना। साथ ही उनसे बूथ कमेटी गठन के विषय में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पूरी बूथ कमेटी की गठन हो चुका है।
**– रघुवर दास पूर्व सीएम**

## रोचक ट्वीट

**गिरिडीह** जिलांतर्गत देवरी प्रखण्ड के ढेंगाडीह निवासी श्री राजेंद्र राय उर्फ राजो राय के कनिष्ठ सुपुत्र अजय राय के कश्मीर के पुलवामा में वीरगति प्राप्त करने की सूचना प्राप्त हुई है।शहीद अजय राय के सर्वोच्च बलिदान का अभिनंदन!
**–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**दुमका** जिले के सरैयाहाट क्षेत्र स्थित पथरिया गांव में नहाने के दौरान तालाब में डूबने से चार बच्चों की मृत्यु की दुःखद खबर से मर्माहत हूँ।
परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।
**–हेमंत सोरेन, सीएम**

# उचित-अनुचित

## धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

केवल अपने लिए ही जीना मानव जीवन का निकृष्टतम दुरुपयोग है। जो केवल अपने लिए ही पैदा हुआ, अपने लिए ही बढ़ा और आप ही खा-खेल कर चला गया, ऐसा व्यक्ति अपनी दृष्टि में सफल भले ही बनता रहे, वह असफल ही माना जाएगा।

इस सृष्टि में सफल जीवन उसका है जो दूसरों के काम आ सके। बादल समुद्र से जल ढोकर लाते हैं और प्यासी धरती को परितृप्त करने में लगे रहते हैं। समुद्र की महानता को सुरक्षित रखने के लिए नदियाँ उसमें अपनी आत्मसमर्पण करते रहने की परंपरा को तोड़ती नहीं। फूल खिलते हैं दूसरों को हँसाने के लिए, पौधे उगते हैं। दूसरों के प्रयोजन पूर्ण करने के लिए। वायु चँवर ढुलाते रहने की अपनी पुण्य प्रक्रिया से समस्त जड़-चेतन को प्रमुदित करती रहती है। इसमें इनका अपना क्या स्वार्थ ? सूर्य-चन्द्रमा और नक्षत्र इस जगती को अहर्निश प्रकाश प्रदान करते हुए भ्रमण करते हैं, यही जीवन की उपयोगिता एवं सार्थकता है।

सृष्टि का प्रत्येक जड़ परमाणु और कीट-पतंग जैसा प्रत्येक जीवधारी अपनी स्थिति से दूसरों का हित साधन करता है। पशु दूध देते और परिश्रम से हमारी सुविधाएँ बढ़ाते हैं। जब छोटे-छोटे जीव-जन्तु तक परोपकार का व्रत लेकर जीवन-यापन करते हैं, तब क्या मनुष्य जैसे बुद्धिमान और विकसित प्राणी के लिए यही उचित है कि वह अपने लिए ही जिए ।

# क्या आजादी इन पाशविक विचारों के सहारे चलेगी



**किशन कुमार सिंह**

## सामयिक

**मानव** समाज अपने आधुनिक होने पर गर्व करता है। यह गर्व मानव समाज को अपनी पाशविक प्रवृतियों पर मिली विजय का गर्व है। यह गर्व भावहीन मनुष्य के भावयुक्त बनने का है। यह गर्व पशुवत जीवन से मानवीय मूल्यों को स्थापित करने का है। हिंसक और बर्बरता के स्थान पर प्रेम और निर्माण का गर्व है। मानव केवल एक शारारिक रचना मात्र ही नहीं है, यह मानवीय मूल्यों और भावों का समावेश है। विचारों का समुच्चय है। इसी मानवीय विचार ने समाज को पाषाणयुगीन असभ्य, विचारहीन अवस्था से सभ्य और विचारयुक्त अवस्था तक पहुचाया है। इसी विचार ने मानवीय जीवन की उत्कृष्टता की इबारत लिखी है। इसलिए आधुनिक समाज मे मानवीय मूल्यों का महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे कौनसे कारण हैं जो मनुष्यों को पुनः पाशविकता की और ले जा रहे है। वह कौनसे कारण है कि मनुष्यो में पाशविकता की प्रवृतियां बढ रही है। मानवता का अवमूल्यन हो रहा है। आधुनिक समाज में ऐसे अनेकों उदाहरण घटित हो रहे है, जो मनुष्यों में व्याप्त पाशविक प्रवृतियों के बढ़ने के संकेत देते है। भारत जैसे देश मे जहां पशु-पक्षी पेड़-पौधों को भी आदर भाव से देखा जाता है। विगत बरसों में घटित घटनाक्रम व्यथित करने वाले है। इन घटनाकर्मो मे अधिकांश में धर्म, जाति, भाषा और श्रेत्रीयता की आड़ में हिंसक वारदातों को अंजाम दिया गया है। ताजा घटना भारत के मणिपुर राज्य की है। इस राज्य से हिंसा के जो चित्र सामने आ रहे है, उसे देखकर लगा कि आधुनिकता की खाल में छुपा मनुष्य मौका मिलते ही अपनी पाशविक प्रवृतियों का नंगा नाच करने से नहीं चूकता है। मणिपुर में जारी जाति और धार्मिक हिंसा ने मानवीयता की गरिमा को तार-तार कर दिया। यहां सामूहिक रूप से पाशविक हुए समुदाय ने दो महिलाओं को नग्न अवस्था में न सिर्फ घुमाया इनके गुप्तांगों से छेड़छाड़ करते हुए बलात्कार की घटना को भी अंजाम दिया। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने ऐसी अनेकों घटना होने की बात स्वीकार की है। जाति, धर्म की आड़ लेकर पाशविकता के इस प्रदर्शन ने मानवीय मूल्यों को भारी आघात पहुचाया है। मणिपुर से दिल दहला देने वाले वीडियो आ रहे है। गली-मोहल्लों की सड़को और नालियों में पढ़ी मनुष्यो की सड़ी-गली लाशें मणिपुर में पाशविकता के प्रदर्शन की ऐसी कहानी है, मणिपुर में अमानवीय और बर्बरता ने देश का सिर शर्म से झुका दिया है। इन घटनाकर्मो ने मानवीय मूल्यों को गहरी चोट पहुचाई है।

यह मनुष्यों द्वारा की जा रही बर्बरता का काला अध्याय है। इसी बर्बरता और पाशविकता को छोड़कर मनुष्य मानवीय मूल्यों के स्थापना की कोशिशों में लगा था। वें सभी कोशिशें धाराशाही हो गई। हम भारत के लोग अफगानिस्तान में पनप रही तालिबानी मानसिकता के विरोध में अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहें थै, तब यहीं बताने की कोशिश कर रहे थै। हमारे भारत में अनेकता में एकता है। अलग-अलग जाति, धर्म, वर्ण, भाषा के लोग एक साथ मिलजुल कर रहते है।

दुनियाँ को मानवीय मूल्यों की शिक्षा देने वाले देश के एक प्रान्त में यह तालिबानी मानसिकता से भी क्रूर विचार ने कैसे और क्यों जन्म ले लिया। मणिपुर ही नहीं देश में आए दिनों धर्म, जाति, वर्ण की आड़ में यह पाशविक प्रवृतियां अपना हिंसक, बर्बर और अमानवीय चेहरा प्रदर्शित करते रहती है।

एक पाशविक चेहरा राजस्थान से जून 2022 में वीडियो के रूप में वायरल हुआ था। जब धर्म के अंधे दो अपराधियों ने उदयपुर शहर में एक टेलर की गर्दन को धड़ से अलग कर दिया था।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### खतरा भी बढ़ा

मेटावर्स एक परस्पर जुड़ी वर्चुअल दुनिया का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें लोग वास्तविक नहीं बल्कि वर्चुअल रूप से मौजूद रहते हैं। यह वास्तविक और डिजिटल सच्चाइयों के बीच की सीमाओं को धुंधला कर देता है। यह व्यवसायों, सामाजिक संस्कृति और बातचीत और मनोरंजन के लिए बड़ी संभावनाएं प्रदान करता है। साईड इफेक्ट पर भी ध्यान देना होगा। **– रविशंकर सिंह हजारीबाग**

### वन का विनाश

**विकास** के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और वनों को उजाड़ा जा रहा है, उससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। पिछले साल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दावा किया था कि अगर जंगलों को बचाने की पहल तेज नहीं हुई तो 2025 तक देश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ पूर्वोत्तर के छह राज्यों में वन प्रदेश कम हो जायेंगे वन कटना बंद हो जायेगा। **सीमा रांची**

# आजादी की पहली लड़ाई थी संथाल आंदोलन!

**सुधांशु कुमार**

## आजादी के 75 साल

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की जनजातियों का अप्रतिम योगदान रहा है। सन 1857 के प्रथम संग्राम के करीब 100 साल पूर्व से ही झारखंड की जनजातियों ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ विद्रोह किया था। झारखंड की सांस्कृतिक पहचान का राजनीतिक अर्थ भी पहली बार 1831 के ह्लकोन विद्रोहह्व से उजागर हुआ था. उन्होंने कहा कि इस विद्रोह के केंद्र थे रांची, सिंहभूम और पलामू. ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ यह संभवतः पहला विराट आदिवासी आंदोलन था. इस आंदोलन के नेतृत्कर्ता तिलका मांझी थे. इसके अलावे ह्लतमाड़ विद्रोहह्व , बंडू में ह्लमुंडा विद्रोहह्व , मानभूम में ह्लभूमिज विद्रोह आदि विद्रोह सबसे प्रचलित थे. देश की आजादी में झारखंड के महापुरुषों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। झारखंड ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान झारखंड को स्थानीय लाभ भी हुआ है। कोयला क्षेत्र में हथियार को छुपाना आसान था. पहली स्वतंत्रता संग्राम (1857) से पूर्व ही झारखंड में संग्राम छिड़ चुकी थी। यहां की जनजातियाँ पहले से ही ब्रिटिश शासन से अपनी भूमि को मुक्त करने के लिए सशस्त्र संघर्ष की एक श्रृंखला में लगी थीं। यहां के झारखंडियों को तिलका मजी (जबरा पहाड़िया), सिद्धू कान्हू, बिरसा मुंडा, काना भगत आदि जैसे दिग्गज आदिवासी नेताओं ने आदिवासी संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। झारखंड में आदिवासी संघर्ष ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को एक नई दिशा दी।

बता दें कि सन 1855 में संथाल के आदिवासी वीर योद्धा सिद्धू और कान्हू का विद्रोह हुआ। इसमें 30-35 हजार आदिवासियों ने भाग लिया। आंदोलन हिंसक रूप ले लिया, अनेक अंग्रेज सैनिक और अधिकारी मारे गए। अंत में पूरे क्षेत्र को सेना से सुपुर्द कर दिया गया। मार्शल लॉ लागू कर दिया गया। देखते ही गोली मारने का आदेश सेना को दे दिए गया। कत्लेआम हुआ.इसमें 10 हजार आदिवासी मारे गए। रमणिका गुप्ता तथा माता प्रसाद ने इन आंकड़ों की पुष्टि की है इसी तरह सन 1913 में मानगढ़ में हुए आदिवासी आंदोलन में भी 15 सौ आदिवासी शहीद हुए थे। ये आंकड़े बताते हैं कि आदिवासी आंदोलनों में लाखों आदिवासियों की जाने गई।

भारत में सबसे पहले आदिवासियों ने स्वतंत्र आंदोलन सन- 1780 में संथाल परगना में प्रारंभ किया। दो आदिवासी वीरों तिलका और मांझी ने आंदोलन का नेतृत्व किया। यह आंदोलन सन- 1790 तक चला इसे ह्लदामिन विद्रोह कहते हैं इस विद्रोह से अंग्रेजी हुकूमत तरबतर हो गया था। पकड़ने के लिए मि. क्लीवलैंड कि नेतृत्व में सेना भेजी गई परंतु तिलका ने अपने तीर से क्लीवलैंड के सीने में तीर मार कर जान ले लिया तब अंग्रेजी सैनिकों ने छापामार युद्ध के तहत तिलका को पकड़कर पेड़ से लटका कर फांसी दे दिया। दलित दस्तक के अनुसार दिल का स्वतंत्रता आंदोलन का पहला शहीद माना जाना चाहिए परंतु 1857 की क्रांति में शहीद हुए मंगल पांडे को स्वतंत्रता संग्राम का पहला शहीद घोषित कर दिया( जबकि सच्चाई यह है कि मंगल पांडे से 70 साल पहले स्वतंत्रता आंदोलन में तिलका शहीद हुआ था।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जमीन विवाद में गोलीबारी, एक की मौत

## कुज्जू के दिग्वार में दो गुटों में हिंसक झड़प, दो घायल और एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ ।** कुज्जू ओपी क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर रविवार को गोली चली है। इस वारदात में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि मुझे कुज्जू ओपी क्षेत्र के दिग्वार क्षेत्र में भूमि विवाद की वजह से दो गुटों में झड़प हो गई। एक गुट के लोग हथियार से लैस होकर वहां पहुंचे थे। उन लोगों ने वहां फायरिंग शुरू कर दी। इस गोलीबारी में पोचरा के जानकी यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथ मौजूद पवन यादव और संतोष यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। पवन यादव के मुंह में गोली लगी है, जिसका इलाज रांची रोड के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटनास्थल पर ही ग्रामीणों ने फायरिंग कर भाग रहे अपराधियों को दबोचा था, जिसे पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किए गए अपराधी रंजन गिरि ने ही गोली चलाई थी। पुलिस के अनुसार रंजन गिरी पिस्टल लेकर जमीन पर पहुंचा था। जैसे ही विवाद शुरू हुआ उसने पिस्तौल निकाला और फायरिंग शुरू कर दी। घटनास्थल पर मौजूद पिंटू ने उसका पकड़कर

### रंजन गिरी ने चलाई थी गोली कई वाहन और हथियार जब्त

पिस्टल ऊपर कर दिया। जिसकी वजह से कई लोगों की जान बच गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कई गाड़ियां और हथियार जब्त किए हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने भूमि विवाद में गोली चलाने वाले पक्ष की गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। एसपी ने बताया कि गाड़ियों के मालिक और भूमि विवाद में गोली चलाने वाले पक्षकारों के नामों का सत्यापन किया जा रहा है। जल्द ही उनको गिरफ्तार किया जाएगा।



गोलीबारी में मृतक और घायल।



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस।



घायल पवन यादव मिलने पहुंचे सांसद और विधायक।

## रामगढ़ में विधि व्यवस्था पूरी तरह चौपट : चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** भूमि विवाद में हुई गोलीबारी की घटना का जायजा लेने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी वृंदावन अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने घायल पवन यादव से मुलाकात की और चिकित्सकों से बात की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में विधि व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। यहां सरेआम माफिया गोली चल रहे हैं और लोगों की जान ले रहे हैं। हर जगह अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और जिला प्रशासन इस मामले पर तत्काल कार्रवाई नहीं करती है और अपराधियों पर अंकुश नहीं लगाती है तो आजसू तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। चौधरी ने कहा कि दो गुटों में हुई झड़प पुलिस की कार्यशैली की विफलता है।

### पुलिस की नाकामी से बढ़ा है अपराध का ग्राफ : विधायक

घायल पवन यादव से मिलने के बाद विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ में पुलिस की नाकामी से अपराध का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी अपराधियों ने कई व्यवसायी और आम नागरिकों को निशाना बनाया है। आजसू पार्टी उन सभी मामलों को संज्ञान में ले चुकी है। यदि जल्द ही पुलिस अपराधियों पर अंकुश नहीं लगाती है तो आजसू के कार्यकर्ता आंदोलन पर उतरेंगे।

## 25 को प्रदर्शन करेगा एजेकेएसएस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ सयाल डी परियोजना शाखा कमेटी की बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता विनोद कुमार व संचालन रणधीर साव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के महासचिव सतीश सिन्हा उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि रैयत 25 अगस्त को यूनियन के बैनर तले धरना देंगे। बैठक में यूनियन के महासचिव सतीश सिन्हा ने प्रबंधन से कहा कि जिन रैयत एव प्रभावित ग्रामीणों का जमीन गया है उन लोगो को नोकरी, मुआवजा एवं पुनर्वास की व्यवस्था करें। मौके पर बरका-सयाल के अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, विनोद कुमार, रणधीर साव, शंकर कुमार, सनी सिंह, गोवर्धन सिंह, राजकुमार सिंह, हीरालाल सिंह, रामशरण सिंह, राजेंद्र गोप, बृजेश सिंह, रामदेव सिंह, अशोक पाठक, सीताराम सिंह, सोनू कुमार सिंह, महेंद्र गोप, विनोद सिंह, संतोष सिंह, पंकज सिंह, श्रावण सिंह, शंकर सिंह, प्रमोद सिंह, निलेश सिंह सहित मूल रैयत विस्थापित एवं दर्जनों प्रभावित ग्रामीण मौजूद थे।

## खिलाड़ियों को मिली खेल सामग्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत में रविवार को खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया आशा देवी ने खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल, जर्सी, बूट जूता-मोजा आदि खेल सामग्री का वितरण करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए हर संभव कदद करती रहूंगी।

उन्होंने कहा कि पंचायत के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। खेल व खिलाड़ियों को

### खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद करूंगा : आशा देवी

बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल सामग्री का वितरण किया गया है। मुखिया ने बताया कि पंचायत के बच्चे फुटबल में काफी बेहतर खिलाड़ी हैं। विगत दिनों मुख्यमंत्री फुटबल टूर्नामिंट में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर पंचायत का मान बढ़ाया था। मुखिया ने कहा कि खेल के माध्यम से नए पीढ़ी को नशा से भी बचाया जा सकता है। मौके पर पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव, उप मुखिया विमलेश कुमार, वार्ड सदस्य गीता कुमारी, कांति कुमारी, सिद्धो-कान्हु क्लब के उपाध्यक्ष प्रिया रंजन कुमार, युवा कांग्रेस नेता अजय पासवान, जसीम अंसारी, रंजीत मेहता, शिबू कुमार, संतोष भुंइया, पिंटू मुंडा, रोहित उरांव सहित दर्जनो ग्रामीण मौजूद थे।



## मां विंध्यवासिनी कॉलेज में लगा रक्दान शिविर

### तीस लोगों ने किया रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता

पदमा। प्रखंड अंतर्गत कर्म टाँड में स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आरोग्यं हॉस्पिटल हजारीबाग के सहयोग से रविवार को लगा रक्तदान शिविर। रक्तदान करने से पहले सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शिव कुमार राणा ने सभी स्वयंसेवकों को कहा कि रक्तदान किन व्यक्तियों को करना चाहिए और किन व्यक्तियों को नहीं करना चाहिए इसे विस्तार पूर्वक चर्चा किए ( संस्था के अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार मेहता ने रक्तदान से जुड़ी अहम बातों को बताईं उन्होंने कहा कि आज के दौर में इंसान के जीवन को बचाने के लिए समय-समय पर रक्तदान करना जरूरी है ।

संस्था के सचिव हरि कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए सभी प्रशिक्षुओं को कहा कि रक्तदान से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है,वजन कंट्रोल रहता है एवं कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। सह सचिव श्री अजीत कुमार ने कहा कि मानव समाज के कल्याण हेतु रक्तदान का कार्य महा कल्याण का कार्य है।

शिविर के आयोजन में हमारे महाविद्यालय के निदेशक रवि कुमार का अहम योगदान रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चेतलाल प्रसाद ने कहा कि रक्तदान करने से मानव कोशिकाओं के निर्माण में सहायता मिलती है और शरीर में कई प्रकार के होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है । आरोग्यं हॉस्पिटल हजारीबाग के तरफ से सभी रक्त दाताओं को एक -एक टी-शर्ट एवं टोपी देकर प्रोत्साहित किया । रक्तदान शिविर में लगभग 30 लोगों ने रक्तदार किया।

जिसमें संस्था के प्रमुख अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार मेहता, सचिव हरि कुमार, सह सचिव श्री अजीत कुमार, निदेशक श्री रवि प्रकाश, प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद, डीएलएड के एचओडी डॉ पुष्पा गुप्ता, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शिव कुमार राणा, प्राध्यापक विकास सिंह यादव, श्रीमती अंशु रोजलीन लकड़ा श्रीमती सारिका मेहता, शिक्षकेतर कर्मचारी अरविंद कुमार सिन्हा, जितेंद्र कुमार , अनुपम कुमार, संजय कुमार, अक्षय कुमार, मिथिलेश कुमार और प्रशिक्षु में प्रमुख रूप से उदय राणा ,गौतम दीपक,यशपाल राणा , रेखा, मनीषा रूपा,शुभम, विकास, रवि, नीरज इत्यादि प्रशिक्षुओं ने ने बढ़-चढ़कर के भाग लिया।

## आधा दर्जन से अधिक पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण

**हजारीबाग।** एसपी चोथे मनोज रतन ने शनिवार की देर रात अपराध समीक्षा बैठक के बाद पुलिस विभाग में फेर बदल किया है। जिले के विभिन्न थाने से आधा दर्जन से अधिक पुलिस पदाधिकारी इधर-उधर किए गए हैं। हस्तांतरित किए गए पुलिस पदाधिकारियों को 24 घंटे के अंदर तबादला किए गए स्थान पर योगदान देने को कहा गया है। वहीं परिचारी प्रवर देवव्रत को निर्देश दिया गया है कि वह 24 घंटे के अंदर तबादला किए गए पदाधिकारियों का योगदान कराना सुनिश्चित करेंगे। सब-इंस्पेक्टर विंध्यवासिनी सिंह को पुलिस लाइन से कंट्रोल रूम सीसीआर भेजा गया है। वहीं सब-इंस्पेक्टर अरविंद सिंह को पुलिस लाइन से विष्णुगढ़ थाना, एसआई जयकुमार को पुलिस लाइन से विष्णुगढ़, एसआई किशोर कुमार दास को पुलिस लाइन से मुफस्सिल थाना, ईश्वरी आशा बाड़ा को महिला थाना सदर से मुफस्सिल थाना, दुलार राम को पुलिस लाइन से मुफस्सिल थाना, केदार महतो को पुलिस लाइन से बरकट्ठा थाना में पदस्थापित किया गया है।

## दोतल्ला पंचायत में मुखिया ने बांटा तिरंगा



रैली में तिरंगा का वितरण करतीं मुखिया सत्यवंती देवी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में रविवार को मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में रैली निकाली गई। मुखिया सत्यवंती देवी ने घर-घर जाकर पंचायतवासियों के बीच लगभग 500 पीस तिरंगा झंडा का वितरण किया। मुखिया ने बताया कि झंडा वितरण करने का उद्देश्य घरों में झंडा लहराकर अमर वीर, स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान एवं श्रद्धांजलि दिया सके। रैली के दौरान घर-घर तिरंगा लगाएंगे अपने शहीदों का सम्मान बढ़ाएंगे, वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि नारे लगा रहे थे। रैली में पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, रविकांत सिंह, छुवि देवी, शेरोफेना एक्का, रंजू सिंह, मंजू देवी, सेविका प्रेमी सलोनी तिर्की, वार्ड सदस्य दयामुनि मुर्मू, जेएसपीएलएस की आतोषी मुखर्जी, राधा देवी, शकुंतला देवी, श्यामा देवी, करण सिंह, मोनू झा, महेन्द्र सोरेन, अभय करमाली, इशांत कुमार पासवान, दीपक कुमार, विनय उरांव, प्रेम पासवान, निखिल कुमार, ष्ण कुमार, विजय राज गोंड, रवि कुमार, ममता कुमारी, आशा देवी, ललिता देवी, सोनिया देवी, सुनीता देवी समेत कई लोग शामिल थे।

# गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य : डब्लू सिंह

## भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह एवं शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने 120 गरीबों के बीच पाव-भाजी का वितरण किया।

मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू, संजय कुमार, डॉ जयश्री मेहता, राकेश शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, लालू उरांव, बीरेंद्र पांडेय, रेणुका देवी, दिलीप गंझू, लखन राम, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।




## जल्द बदलेगी मंडई खुर्द की सूरत, सदर विधायक ने नाली निर्माण का कराया सर्वे

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल के प्रयास से सदर प्रखंड स्थित मंडई खुर्द ग्राम की तस्वीर जल्द बलदेगी। इसके लिए विधायक मनीष जायसवाल ने मंडई खुर्द का विशेष सर्वे कराया है। विधायक के निर्देश पर उनके सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने जेई संजय ठाकुर के साथ स्थल निरीक्षण कर प्राक्कलन तैयार किया। मंडई खुर्द के अंबेडकर चौक से बरकी खोरी होते हुए नई पंचायत भवन तक सुदृढ़ नाली निर्माण कराया जा सके। यहां की सबसे बड़ी समस्या नाली नहीं होने के कारण सड़क पर जल जमाव और बहाव है। उम्मीद है करीब डेढ़ करोड़ की राशि से यहां नाली निर्माण किया जाएगा। मौके पर विशेष रूप से मुखिया उषा देवी, राजकुमार महतो, कृष्णा मेहता, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर में

### संग्रहित मिट्टी का किया वसुधा वंदन



विष्णुगढ़। देश प्रेम से लबरेज प्रखंड पंचायत प्रक्षेत्र मे मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गावों की मिट्टी की पूजा अर्चना और मिट्टी के लिए मर मीटने वाले भारत मां के सपूतों का वंदन किया गया। इस बाबत हेठली बोदरा, बेड़ा हरियारा परियोजना विद्यालय व भेलवारा पंचायत के कस्तूरबा बालिका विद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों और शहीदों को याद किया गया व देश की मिट्टी पर गर्व करने के उद्देश्य से मिट्टी संग्रहित की गई। संग्रहित मिट्टी को कलश में रख वसुधा वंदन किया गया। मौके पर उपस्थित भेलवारा पंचायत मुखिया लक्ष्मी कुमारी ने मिट्टी से भरे कलश की पूजा की। बेड़ा हरियारा मुखिया रामचंद्र यादव ने अपने पंचायत में कलश पूजन किया। उप मुखिया ललिता देवी, पंचायत समिति अजय मंडल, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक संझलु हांसदा,वार्ड सदस्य तुलसी पटेल ,बसंती देवी , मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर कुमार महतो , धनेश्वर यादव, बिनोद रजक, विनोद साव , भुनेश्वर महतो ,सतीश कुमार प्रेमचंद मंडल, बसंती देवी, कविता देवी, दिनेश कुमार, समेत कस्तूरबा बालिका विद्यालय के छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाबत वृक्षारोपण कर राष्ट्रगान गाया गया । कार्यक्रम के दौरान मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत पंच प्रण के तहत सभी को देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा देश के नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई गई।

### मेधा विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय में रविवार को मुख्यमंत्री मेधा विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 23 –24 का आयोजन किया गया। परीक्षा का आयोजन केंद्राधीक्षक फणीश्वर नाथ महतो और मजिस्ट्रेट पशुपालन पदाधिकारी, चन्द्रेश्वर प्रसाद की देखरेख में आयोजीत कि गयी । जिसमें प्रखंड के कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत कुल 343 छात्र–छात्राओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया था। लेकिन रविवार को आयोजित मेधा विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा में मात्र 261 विद्यार्थी परीक्षा दी, 82 अनुपस्थित पाए गए।

### चरही में धोती, साड़ी और लुंगी वितरित



**चरही।** रविवार को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे महात्वाकांक्षी योजना सोना–सोबरन के तहत कार्डधारियों के बीच चरही पंचायत के मुखिया संझली मुर्मू और वार्ड सदस्य सत्येन्द्र नारायण सिंह के द्वारा पीडीएस दुकान पूनम महिला विकास संघ चरही में धोती,साड़ी और लुंगी का वितरण किया ।मुखिया श्रीमती मुर्मू ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रत्येक गरीबों के घरों तक पहुचाया जा रहा है ।साथ ही लोगों के बीच राशन भी उपलब्ध कराया जा जा रहा है ।आगे कहा कि इस योजना के तहत कार्डधारियों को सस्ते दरों पर धोती,साड़ी और लूंगी को उपलब्ध कराया गया है ।जिसका अनुदानित राशि 10–10 रुपये है ।सरकार के जिसका लाभ प्रत्येक कार्डधारी लाभुकों को मिल रहा है ।54 कार्डधारियों के बीच धोती,साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया ।मौके पर पुनम महिला विकास संघ के पूनम देवी,सुनीता देवी,सलमा खातून,तारा देवी,किरण देवी,गीता देवी,मंजू सिंह,जकीमुन खातून सहित दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।

### बहेरा के मुखिया ने डीलर के साथ की बैठक

चरही । रविवार को बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने अपने आवास में पंचायतों के डीलरों के साथ बैठक किया ।डीलरों ने मुखिया को ध्यानाकृष्ट करते हुए अवगत कराया कि इस माह सरकार के द्वारा आवंटित राशन कम मात्रा में दिया गया है ।जिसे उन्होंने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोगता मामले विभाग के ऑनलाइन वेबसाइट में आवंटित मात्रा से मिलान किया गया ।जिसमें पाया कि सरकार के द्वारा कम मात्रा में डीलरों को राशन मिल रहा है ।मुखिया श्री महतो ने डीलरों से कहा कि जल्द ही झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, खाद्य मंत्रालय,स्थानीय विधायक एवं हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार कर राशन में कोई कटौती न करने को लेकर आग्रह किया जाएगा ।ताकि गरीब परिवारों को पहले की तरह राशन मिल सके।

### बाइक -टेंपो में टक्कर, तीन युवक घायल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के जीटी रोड गूंजरा मोड़ पास मोटरसाईकिल और टेम्पू के बीच सीधी टक्कर मे तीन मोटरसाईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए है। सभी का हालत चिंताजनक बानी हुई है। बताया जाता है की तीनो युवक गोरहर थाना क्षेत्र बाँड़ासिंघा गाँव के है एक बाइक पर तिलैया के लिए घर से निकला था जैसे ही गूंजरा मोड़ के समीप पहुंचा बिपरीत दिशा मे आ रही टेम्पू को सीधे टककर मार दिया। बाइक का पचखड़े उड़ गए. तीनो युवक सडक के किनारे गिर गया। घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस तीनो युवाको को प्राथमिक उपचार के लिए अनुमण्डलीय अस्पताल भेज दिया है सभी का हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायलों मे करू साव पिता प्रसाधी साव, हरीश गोस्वामी, पिता लक्ष्मण गोस्वामी अनिल साव पिता रामचंद्र साव सभी गोरहर थाना क्षेत्र के बंड़ासिंघा गांव के है।

### राजद नेता फागू यादव का रांची में निधन



**बड़कागांव।** प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत पैक्स के पूर्व अध्यक्ष सह राजद नेता 56 वर्षीय फागू यादव का निधन इलाज के दौरान रांची में हो गया। स्वर्गीय यादव कुछ महीने से बीमार चल रहे थे। अंतिम संस्कार पैतृक गांव नापो कला के श्मशान घाट में किया गया। मुखाग्नि बडे पुत्र हेमंत यादव ने दी। फागू यादव पत्नी सलमतीया देवी, भाई केदार यादव, पुत्र हेमंत यादव,पीयूष यादव,विक्रम निशांत सहित एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निवास स्थान से शव यात्रा निकाली गई जिसमें पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया गणेश साव,पसस गणेश साव, मुखिया संघ सचिव वासुदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता,पूर्व मुखिया दीपक दास,राजद प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो,पूर्व शिक्षक जगदीश साहू, देवनाथ यादव,चंद्रिका साहू,विक्रम साव,चतुरी गोप,कमल यादव,गणेश गोप,मोहन साव,राजकुमार यादव, कांग्रेस नेता संजय तिवारी,देवनाथ यादव,सुभाष यादव,शंकर यादव, संजय यादव, दुर्जन गोप,जनार्दन साहू, सोना साव, राजेंद्र साहू, कैलाश साव, पुष्कर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के नेता,पंचायत जनप्रतिनिधि,पत्रकार,प्रबुद्ध एवं ग्रामीण लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## मारुति मंगल परिवार का मिलन समारोह

**रातू।** सामाजिक संस्था मारुति मंगल परिवार का मिलन समारोह रविवार को गडरी गूडू में आयोजित किया गया। समाज में फैले अंधविश्वास, डायन-बिसाही व नशापान समेत अन्य कुरीतियों पर चर्चा की गयी। केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि समाज में सुधार लाने के लिये प्रत्येक रविवार को परिवार की बैठक की जाती है। इसके जरिये कई तरह की सूचनाएं मिलती है। उन्होने बच्चे को शिक्षित बनाने एवं एड्रोइड मोबाइल से दूर रखने की अपील की। संगठन प्रमुख सुमेश और जन्मजय महतो ने समाज कल्याण के प्रति संस्था के कार्यक्रमो की जानकारी दी। पूर्व अध्यक्ष ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर अमरनाथ भोक्ता, अम्बुज रजक, फलारी जी, मुकुंद महतो, संदीप रुद्रा, मनोज, कामेश्वर, राजू, पवन, विकाश, विक्की, छोटन मौजूद थे।

# जंगली भालू ने छह लोगों को किया घायल

## दिन में 11 बजे रोपनी कर रहे लोगों पर किया हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के सारंगलोया मोड़ से सेमरटोली जाने वाली सड़क के निकट एक विशालकाय जंगली भालू ने जंगल से निकलकर मड़ुआ की रोपनी कर रहे छह लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिया। अचानक जंगली भालू को सामने पाकर आसपास के लोग घबरा उठे। कुछ साहसी युवकों ने जंगली भालू को खदेड़ना शुरू कर दिया। इससे जंगली भालू भड़क उठा और मड़ुआ लगा रहे लोगों के ऊपर हमला कर कई लोगों को अपने तीखे नाखुन से नोच डाला। राशन दुकानदार ज्योति बरला के यहां राशन उठाने जा रहे तथा कुछ भालू को खदेड़ने वाले लोग भी भालू की चपेट में आ गए। घायलों में 60 वर्षीय तरशीला बरलाए अजीत कोंगाडीए जॉन बरलाए विनोद बरलाए सतीश बरला शामिल हैं। तरशीला बरला के चेहरे और सिर के पास जंगली भालू ने बुरी तरह नोच दिया है। जबकि जॉन बरला का बायां हाथ टूट गया है। विनोद बरला के सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में जख्म हो गया है। जबकि सतीश बारला के गुप्तांग में गहरे जख्म हो गए हैं। घटना पूर्वाहन 11.00 बजे की है । सभी घायलों को लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉण दिलीप उरांव ने अपने सहयोगी लाल प्रवीण कुमार सिंह सहित के साथ मिलकर सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं इसी जंगली भालू ने शाम पांच बजे तोरपा चम्पा बाहा गांव से रायटोली मेहमान आए सुखराम गुड़िया के ऊपर हमला कर उसे भी घायल कर दिया । अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान सुखराम गुड़िया बेहोश हो गया था। चिकित्सा कर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद उसे होश में लाया। सुखराम गुड़िया राय टोली से फुटबॉल मैच देखने सारंगलोया आया था। जंगली भालू के बारे में बताया जा रहा है कि जंगली भालू सेमर टोली के ही झाड़ी में छुपा हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर मुखिया धुचला मुंडाए समाजसेवी सत्यनारायण महतोए कुलदीप कुमार साहु, वन संरक्षण समिति के अध्यक्ष भीखराम बडाईक, जगमोहन उरांव, वार्ड सदस्य घूरन लोहरा घटनास्थल पहुंचे। वहीं बेड़ो के रेंजर सुरेंद्र सिंह के दिशा निर्देश के बाद घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग के वनरक्षी सुभाष चन्द्र प्रमाणिकए भुपेंद्र कुमार सहित कई लोग मौके पर पहुंचे।



घायलों के आश्रित को अग्रिम मुआवजे की राशि प्रदान करते वन विभाग के अधिकारी ।







## वन विभाग ने घायलों को सौंपी मुआवजा राशि

सुभाष चंद्र प्रमाणिक ने मुखिया धुचला मुंडा के माध्यम से घायलों के प्राथमिक उपचार के लिए अग्रिम के रूप में तीन घायलों के आश्रितों को तीन तीन हजार तथा मामूली रूप से जख्मी शेष तीन लोगों को एक एक हजार रुपए प्रदान किए। समाजसेवी सत्यनारायण महतो ने वन विभाग से खतरनाक हो चुके जंगली भालू को स्थायी रूप से भगाने की मांग की है।

# अगस्त-सितंबर के राशन में कटौती को लेकर दुकानदारों में रोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** माह अगस्त और सितंबर 2023 में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को अत्यधिक खाद्यान्न कटौती को लेकर पूरे झारखंड के जनवितरण दुकानदारों में काफी रोष है। दुकानदारों कहना है की विभाग के द्वारा अक्सर भारी मात्रा में राशन की कटौती की जाती है और दुकानदारों को कोई सूचना भी नहीं दी जाती है और ना ही किस मद से खाद्यान्न की कटौती की गई इसकी जानकारी दी जाती है। इन्ही बातों को लेकरए झारखंड राज्य जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार साहू एवं संघ के प्रदेश महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने कहा है कि वे लोग 18 अगस्त को विभागीय सचिव और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात करेंगे और उनसे खाद्यान्न में होने वाले कटौती को लेकर बातें करेंगे। वार्ता के बाद अगर विभाग के द्वारा कटौती को लेकर जानकारी उपलब्ध नहीं की जाती है। तो दुकानदार उग्र प्रदर्शन को मजबूर होंगे। इन लोगों का कहना है कि खाद्यान्न कम मिलने से खाद्यान्न वितरण में परेशानी आएगी और इसका खामियाजा उपभोगता को भुगतना होगा।

## अगस्त माह में पीडीएस के अनाज में कटौती

**राहे।** प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के दुकान में गरीब को मिलने वाली अनाज में अगस्त माह में भारी कटौती किया गया है। 4.5 डीलर को छोड़ कर सभी डीलर का आवंटन शून्य किया गया है। आवंटन शून्य होने की स्थिति में गरीबो को अगस्त माह का अनाज का वितरण नही होने की संभावना है। आवंटन नही होने के कारण डीलर अनाज का उठाव और वितरण करने में असमर्थ है। शनिवार को डीलर संघ का बैठक राहे में हुई। जिसमें गरीब को अनाज देने को लेकर आवश्यक विचार किया गया।

# राज्य में बढ़ते अपराध पर तैलिक साहू सभा का गुस्सा फूटा

## कानून व्यवस्था पर उठे सवाल, सभा ने दी आंदोलन की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य में बढ़ते अपराध पर तेली सभा न केवल चिंतित, बल्कि आक्रोशित भी है। समाज के लोगों की आये दिन हो रही हत्या के खिलाफ झारखंड तैलिक साहू सभा ने रविवार को हेमंत सोरेन सरकार का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। 11 अगस्त को मुकेश कुमार साहू और रोहन कुमार साहू की हत्या कर दी गई। इसके अगले दिन कोयला व्यवसाई राजेंद्र प्रसाद साहू पर जानलेवा हमला किया गया। जबकिए 2022 में भी तेली समाज के 8 लोगों की हत्या कर दी गयी थी। कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुये श्री महतो ने सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने विभिन्न मामले में वांछित अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।



पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन करते समाज के लोग।

### कार्यक्रम में इन्होंने लिया हिस्सा

प्रदेश के मुख्य संरक्षक विजय साहु, प्रधान महासचिव अधिवक्ता मदन कुमार, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मदन प्रसाद, प्रदेश युवा अध्यक्ष दिलीप साहु, युवा महासचिव राजकिशोर साहु, रांची जिला अध्यक्ष कुमार रोशन, समाजसेवी सुरेश साहु, संरक्षक रिपुसुदन साहु, समाजसेवी मनोज टाइगर, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदू साहु, प्रदेश उपाध्यक्ष छाबेश्वर साहु, जिला युवा अध्यक्ष निरंजन साहु, कांके प्रखंड अध्यक्ष रामसूरत साहु, जिला महासचिव अरुण सिंह और समाज के दर्जनों लोग।

# कुंवर सिंह की प्रतिमा अनावरण से पहले ही मंच दो भागों में बंटा

**खलारी।** डकरा स्थित वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा के अनावरण को लेकर मंच से जुड़े लोगों की एक बैठक भीआईपी सभागार डकरा में हुआ। बैठक में उपस्थित लोगों ने मूर्ति अनावरण की तिथि और किन से अनावरण कराया जाए इस बात को लेकर आपसी चर्चा किया। हालांकि बैठक से वीर कुंवर सिंह विचार मंच के पुराने एवं जुझारू कार्यकर्ता नदारद थे। एक और बैठक में उपस्थित कुछ विशेष लोग डकरा में स्थापित हुई मूर्ति का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे थे। बैठक में वीर कुंवर सिंह विचार मंच से जुड़े अधिकांश लोगों ने किनारा किया और उपस्थित नहीं हुए। बैठक में उपस्थित लोगों का कहना था कि उनकी मेहनत और प्रयास से ही डकरा में कुंवर सिंह की मूर्ति स्थापित हो पाई है। वहीं दूसरी ओर बैठक से दूरी बनाने वाले लोगों का कहना था कि उन लोगों के अथक प्रयास और सीसीएल के सहयोग से डकरा में मूर्ति स्थापित हो पाई है और चौक का निर्माण हुआ है। कुछ लोग बेवजह सामाजिक कार्य में राजनीति कर मूर्ति स्थापना का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। वीआईपी सभागार में होने वाली बैठक में समाज के लोग कम और विशेष यूनियन के सदस्य ज्यादा मौजूद थे।

## एक नजर में

### एसएसबी ने ग्रामीणों को दिलायी देश के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ



बच्चों को देशभक्ति की शपथ दिलाते एसएसबी के जवान।

**राहे।** एसएसबी 26 बटालियन के कमांडेंट एसडी शेरखाने के निदेर्शानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सताकी पंचायत के हल्दीबेड़ा गांव में एसएसबी 26 बटालियन ए कंपनी के जवानों ने कार्यक्रम आयोजित कर बिरसा प्रतिमा स्थल से मिट्टी लेकर प्रधानमंत्री पंचप्राण योजना में शामिल किये तथा ग्रामीणों से हाथ में मिट्टी लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई गई। इस क्रम में सताकी गांव में पौधारोपण भी किया गया।मौके पर कंपनी के इंस्पेक्टर जीडी मंटू कुमारएसहायक उपनिरीक्षक के विमल सिंमएदीपक सिंहएतिलक राजएमहेंद्र प्रसादएसुरेंद्र चौधरीएसुनील कुमारएहबिबुल रहमानएकेके यादवएउमेश यादवएउज्वल कुमार आदि मौजूद थे।

### अनगड़ा : वन सुरक्षा समिति ने श्रमदान कर सड़क किनारे से हटायी झाड़ी



झाड़ियों की कटाई करने वाले वन सुरक्षा समिति के सदस्य।

**अनगड़ा।** वन सुरक्षा समिति कुतूरलोवा के सदस्यों और ग्रामीणो ने श्रमदान कर रविवार को पीडब्ल्यूडी सड़क गोला से जोन्हा जाने वाली रोड कुतूर लोवा से बरहा कोचा तक रोड किनारे उगे झाड़ियों की साफ सफाई कार्य का शुभआरंभ किया। चूंकि इस रास्ते से हाथियों का आगमन होता रहता है झाड़ी रहने के चलते ग्रामीण जंगली हाथियों के आने का आभास नहीं कर पाते हैं और उसके शिकार हो जाते हैं स सफाई अभियान में मौके पर सोमरा बेदिया पूर्व वार्ड सदस्यएदिनेश बेदिया ग्राम प्रधान गणेश बेदिया डब्लू बेदिया भीम बेदिया भागीरथ सूरज हृदय हरिपद जातरू, बबलू संजय जय सिंह चैतू राम लखीराम परमेश्वर सुखलाल पर्वत जयराम जयसवाल

# डकरा कोयलांचल में निकली तिरंगा यात्रा, सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** हाथों में तिरंगा और लबों पर देशभक्ति के तराने। कदम.कदम पर भारत माता की जय, वंदे मातरम, इंकलाब जिंदाबाद के गगनभेदी जयकारे के साथ। रविवार सुबह 8 बजे डकरा स्टेडियम से निकाली गई। तिरंगा यात्रा सीसीएल एनके एरिया जीएम संजय कुमार ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टेडियम से निकलकर पूरे क्षेत्र के भर्मण कर डकरा गुरुद्वारा चौक पर समाप्त हुआ। डकरा कोयलांचल की सड़कों पर देशभक्ति की गूंज गूंजने लगे। तिरंगा यात्रा में यह शिविल सोसायटीएचालीस प्लस क्रिकेटर्सए ट्रेड यूनियनए व क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोगो ने भाग लिया। सभी देश भक्त हाथों में तिरंगा और जुबां पर भारत माता की जयएवंदेमातरम के जोशए जज्बा और जुनून के साथ जय श्रीरामए हर हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा।

# भाजयुमो ग्रामीण जिला ने निकाली तिरंगा यात्रा

## अमृत महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के नेतृत्व में रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता सहित पूर्व सैनिक सहित सूर्य नगर के आम नागरिकों ने शामिल हुए। वहीं तिरंगा झंडा लिए यात्रा में शामिल लोग भारत माता की जयकारा लगा रहे थे। कार्यक्रम प्रभारी संजीत सिंह व सह प्रभारी सत्यजीत सिंह ने कहा तिरंगा यात्रा निकालना गर्व की अनुभूति कराती है। तरंगा यात्रा में भाजपा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रदेश कार्यसमीति सदस्य अनिल महतो, जिला प्रभारी विनोद सिंह, रामगढ़ जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप स्वर्णकार, जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, मंत्री कुणाल सहदेव, कर्नल वीरेंद्र सिंह, सत्यदेव मुंडा, पूजा सिंह, नरेश साहू, रामसाय मुंडा, राजा महतो, शिवलाल महतो, संतोष महतो, उमेश महतो, कुंदन कुमार, आशुतोष सिंह, शशिकांत सिंह, रंजन कुमार, आशीष बर्मन, पप्पू महतो, अजीत कुमार, राजकुमार सिंह, पवन जायसवाल, मनीष भगत सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।



ओरमांझी में निकली तिरंगा यात्रा में शामिल भाजयुमो ग्रामीण जिला के सदस्य।

# ओरमांझी : सरना स्थल से हुआ मिट्टी का संग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** अजादी के अमृत महोत्सव को लेकर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे मेरा माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम के तहत रविवार को बारीडीह पंचायत से सरना स्थल से मिट्टी संग्रह की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया पार्वती देवी, पंस सदस्य शशि मिश्रा व उपमुखिया बनवारीलाल साहू के उपस्थित ग्रामीणों ने तिरंगा झंडा लेकर मिट्टी संग्रह कराने निकले और मिट्टी को कलश में भर कर मुख्यालय पहुंचाया गया। इसकी जानकारी देते हुए पंचायत के प्रतिनिधियों ने बताया कि माटी वंदन कर देश के वीरों का अभिनंदन करने के लिए सरना स्थल का मिट्टी संग्रह किया गया है। इसके अलावा अमृत वाटिका के तहत सभी पंचायत में 75-75 पौधे लागाये जायेंगे। कार्यक्रम में ग्रामप्रधान मानकी जयनारायण सिंह, वार्ड सदस्य भुषण महतो, विमला देवी, लक्ष्मी देवी, आरती देवी, अवधकिशोर करमाली, समाज सेवी गोविंद मुंडा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



बारीडीह पंचायत के सरना स्थल से मिट्टी संग्रह कार्यक्रम में शामिल लोग।

## मेरी माटी मेरा देश : बेड़ो मुखिया ने किया मिट्टी संग्रह

**बेड़ो।** मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रखंड के बेड़ो व बारीडीह गांव से पंचायत की मुखिया सुशांति भगत के नेतृत्व में अमृत सरोवर के अमृत वाटिका से गांव के पहान सोमरा उरांव व स्वतंत्रता सेनानी की बहू बंधना भगत ने पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना करके मिट्टी उठाया। वही मिट्टी भरी अमृत कलश को मुखिया को सौंपा गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रविवार को अपने पंचायत क्षेत्र से मिट्टी उठाकर प्रंखड मुख्यालय को सौप दिया गया है।वही सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 जून को मेरी माटी मेरा देश अभियान को जारी करने का ऐलान किया था। इस अभियान से हमारे वीर शहीदों को सम्मान दिया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ी भी शहीदों के बारे में जान सकें। मौके पर जिप सदस्य पूर्वी पार्वती कुमारी, राखी भगत, विजय भगत, ग्राम प्रधान बुधवा उरांव, बिनोद उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# चंद्रवंशी महासभा झारखंड प्रदेश स्तरीय कार्यसमिति की बैठक

**बेरमो।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की झारखंड प्रदेश स्तरीय कार्यसमिति की बैठक रविवार को फुसरो स्थित आर एन रेसिडेंशी मे संपन्न हुई।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्षए गया विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने झंडोत्तोलन कर किया। तत्पश्चात महाराज जरासंध की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेए बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों का प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ राम ने बुके देकर और शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार और संचालन प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ राम ने किया। यहां मुख्य अतिथि प्रेम कुमार ने कहा कि देश की आजादी में हमारे समाज के लोगों का भी अहम योगदान रहा है। हमारे समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। कहा कि हमें समय के साथ चलने की जरूरत है। शिक्षा सहित राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हमें बढ़.चढ़कर भाग लेने की जरूरत है। कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी गांव में रहते हैं। गावों मे जाकर समाज के लोगों को जागरूक करते हुए एक मंच पर लाने की जरूरत है। कहा कि बिहार की स्थिति चिंताजनक है। यहां प्रतिदिन 10 हत्याएं होती है। कहा कि सभी लोग एकजुट होकर समाज हित मे कार्य करे। राष्ट्रीय महासचिव सुदेश चंद्रवंशी ने कहा कि संगठन के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता।

### अनगड़ा भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



अनगड़ा में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा मंडल के सदस्य।

**अनगड़ा।** भाजपा प्रदेश के नेतृत्व के निर्देश पर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में भाजपा अनगड़ा मंडल द्वारा रविवार को अनगड़ा में बाइक से तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, सत्यदेव मुंडा, रामसाय मुंडा, हेमनाथ महतो, राजेन्द्र महतो, सुरेश महतो, रामेश्वर महतो सहित अनगड़ा और नामकुम मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

### होटल में अड्डेबाजी हुई तो होगी कार्रवाई



**ओरमांझी।** होटल में अवैध रूप से शराब बिक्री करने व अड्डा बाजी कराने वाले होटलों पर कार्रवाई होगी। रविवार को मेसरा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने क्षेत्र के होटल संचालकों को बैठक कर एनएच-20 रांची रामगढ़ रोड किनारे चौक चौराहे पर स्थित होटल अवैध शराब बिक्री करने व बिना वजह जमावड़ा करने से मना किया। साथ ही चेतावनी दी कि अवहेलना करने वालों कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सभी होटल संचालन को अपने होटल में सीसीटीवी कैमरा लगवाने व संदिग्ध दिखने पर पुलिस को सूचना देने का निर्देश दिया भी दिया गया। बैठक में पुअनि रामेश्वर बारी, सअनि रंजीत कुमार सिंह सहित होटल संचलक उपस्थित थे।

# गोमिया : केक काटकर सर्व समाज एकता समूह ने मनायी वर्षगांठ




केक काटकर वर्षगांठ मनाते समाज के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** प्रखंड के पलिहारी गुरुडीह पंचायत सचिवालय में सर्व समाज एकता समूह गोमिया का प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुराष्ट्रीय बारूद कारखाना ;ओरिकाद्ध गोमिया के एचआर मैनेजर रोशन सिन्हाए विशिष्ट अतिथि एचआर एडवाइजर राजेश शर्माएसिक्योरिटी मैनेजर संतोष सिंदे, आर्डियर अस्पताल के सीएमओ ए एच टी प्रशांत शेखर पात्रा व जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने केक काटकर प्रथम वर्षगांठ समारोह की शुरूआत की। इस दौरान समूह के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों को गुलदस्ते भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं क्षेत्र के कई समाजसेवियों को फूल माला पहना कर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अथिति ने संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेदकर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आईईएल ;बारूद कारखानाद्ध के एचआर मैनेजर रोशन सिन्हा ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए इच्छा शक्ति का होना जरूरी हैए अगर इच्छा शक्ति प्रबल होगी तो वह कार्य अवश्य ही होगा। समाज के विकास के साथ हमारे देश का विकास जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सर्व समाज एकता समूह गोमिया क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा हैए जो काफी सराहनीय है। कहा कि इस संगठन को सामाजिक कार्यों में कंपनी भी मदद करेगी। वहीं कंपनी के सीएसआर द्वारा भी क्षेत्र में विकास से संबंधित कार्य करने के लिए आपस में बैठकर विचार विमर्श किया जाएगा।

# लोहरदगा स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

1913 में हुई थी लोहरदगा और रांची के बीच रेल सेवा की शुरूआत

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। लोहरदगा रेलवे स्टेशन को मिली नई सौगात से जिले के लोगो में हर्ष व्याप्त है। जिले में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव की मांग का सपना लंबे समय के बाद रविवार को पूरा हुआ। राजधानी एक्सप्रेस की ठहराव को लेकर लोगो में काफी रोमांच और खुशी देखने को मिली। राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को देखने के लिए लोहरदगा

## सांसद व मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाते अतिथि।

रेलवे स्टेशन में हजारों की संख्या में लोग जुटे थें। जिससे जिले वासियों में खुशी का लहर देखने लायक था। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव को हरी झंडी दिखाकर वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, धीरज प्रसाद साहू ने रवाना किया। इस मौके पर सभी ने आज के दिन को लोहरदगा के लिए ऐतिहासिक बताया। साथ ही आने वाले दिनों में कई और ट्रेनों के ठहराव को लेकर पहल करने की बात कही। इससे पूर्व भाजपा द्वारा मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकाली गई जो राणा चौक से निकल कर विभिन्न मार्गो से होते हुए लोहरदगा स्टेशन पहुंची। जिले में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव को लेकर पहुंचे अधिकतर लोगों के हाथों में तिरंगा नजर आ रहा था।

सप्ताह में दो दिन लोहरदगा टोरी रेल लाइन पर रांची से नयी दिल्ली और दो दिन नयी दिल्ली से रांची लोहरदगा होते हुए राजधानी एक्सप्रेस का होगा परिचालन

लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का स्वागत करने के लिए कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें वित मंत्री रामेश्वर उरांव, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, समीर उरांव शामिल हुए। सभी ने ट्रेन का स्वागत कर समय पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव के लिए स्टेशन पर रेलवे फुट ओवरब्रिज और दो नए प्लेटफार्म का निर्माण करा लोहरदगा रेलवे स्टेशन को हाईटेक सुविधा से लैस की गई है जो बड़े ट्रेनों की ठहराव के लिए पूरी तरह तैयार है। वही अब लोहरदगा के यात्रियों को राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव को लेकर लंबा इंतजार अब खत्म हो गया है। अब लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शुरू हो गया है। जिससे लोगो में खुशी देखने को मिला। सप्ताह में दो दिन लोहरदगा टोरी रेल लेन पर रांची से नई दिल्ली और दो दिन नई दिल्ली से रांची लोहरदगा होते हुए राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर व्यापक तैयारियां भी की गई है। बताते चलें की लोहरदगा और रांची के बीच वर्ष 1913 में रेल सेवा की शुरूआत हुई थी। छोटी लाइन से लेकर बड़ी लाइन और अब राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव के बीच लोहरदगा में रेल ने 110 साल का सफर तय किया है। राजधानी का सफर करने को लेकर लोगों का इंतजार खत्म हो गया अब यहां के लोग आराम से राजधानी का सफर तय कर सकते हैं। आने वाले समय पर लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर और भी कई बड़ी ट्रेनों का ठहराव होने की संभावना जतायी जा रही है। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठन के लोगो के अलावा रेलवे के अधिकारी मौजूद थें।

## स्पीड न्यूज

### नशे में बाइक चलाने के दौरान हादसा, अस्पताल में भर्ती

**कान्हाचट्टी।** राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत के खाप गांव के समीप सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक को राजपुर मुखिया विकास कुमार ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार युवक नशे की हालत में मोटरसाइकिल चलाकर चतरा की ओर से कान्हाचट्टी बाजार की ओर जा रहा था। इसी क्रम में खाप गांव के समीप मोटरसाइकिल के अनियंत्रित हो जाने के कारण वाह दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना की सूचना पाकर वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद सिंह ने एंबुलेंस 108 पर कॉल करके उपलब्ध करवाएं।

### मृतक के परिजनों से मिले श्रम मंत्री, जतायी शोक संवेदना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता रविवार को सिमरिया प्रखंड के सबानो गांव पहुंचे और रांची में हुए दोहरे हत्याकांड पर गहरी शोक संवेदना जताई। उन्होंने गोली कांड के मृतक मुकेश साहू और रोहन साहू के परिजनों से मुलाकात किया और ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। उन्हें कठोर से कठोर सजा दी जाएगी। उन्होंने मृतक के आश्रितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आशवासन दिया उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों के परिजनों को तत्काल राहत के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान कर रहा हूं और बाकी सरकारी सुविधाओं के लिए सरकारी स्तर पर विचार कर रहा हूं।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बागीटांड़ स्टेडियम में पूर्वाभ्यास



**कोडरमा।** 15 अगस्त को स्थानीय बागीटांड़ स्टेडियम में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लेने रविवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज पूर्वाभ्यास में शामिल हुई और मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा ली। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया, साथ ही झंडोत्तोलन कर परेड में शामिल प्लाटून के जवानों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर एसी अनिल तिर्की, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय आदि मौजूद थे।

### प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



**सतगावां (कोडरमा)।** आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रविवार को प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के इस कड़ी में समलडीह पंचायत अंतर्गत कृषि फार्म में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीडीओ बैद्यनाथ उरांव, प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, बीपीओ राहुल कुमार व मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से स्थल पर लगे शिला पट्ट का अनावरण कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### प्रदीप सिंह बने डोमचांच कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष



**डोमचांच (कोडरमा)।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के रूप में प्रदीप सिंह के नाम की घोषणा हुई है। इसे लेकर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के बैनर तले शपथ एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, विशिष्ट अतिथि बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, प्रदेश सचिव नारायण वर्णवाल मौजूद रहे। वहीं प्रखंड अध्यक्ष के रूप में प्रदीप सिंह ने शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात सभी सम्मानित कांग्रेस के अधिकारीयों का स्वागत कर माल्यार्पण एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर लक्ष्मण यादव, फईम खान, रामलखन पासवान, नागेश्वर राम, विजय सिंह, सुषमा पांडे, महाप्रसाद गोस्वामी, आशीष मेहता, तैयब अंसारी, फैयाज केसर, दशरथ पासवान, सदानंद पांडे, गोपाल सिंह, गोपाल यादव, आशा लकड़ा आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित

**भंडरा।** प्रखंड स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू हाई स्कूल भंडरा परीक्षा केंद्र में रविवार को जैक द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना को लेकर आठवी व नवी क्लास के विभिन्न स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। कुल 133 छात्रों में 114 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 19 अनुपस्थित रहे। स्कूल के प्राचार्य सुधांशु कुमार ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण कदाचार मुक्त संपन्न हुई।

# घटना की जांच की जा रही है, शीघ्र ही मामले का खुलासा हो जायेगा : अंजनी अंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



राजेंद्र साहू की कुशलक्षेम पूछते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष।

**बालूमाथ।** बालूमाथ भाजपा के कद्दावर नेता राजेंद्र प्रसाद साहू को अज्ञात अपराधियों द्वारा शनिवार को गोली मारकर घायल किए जाने के बाद बालूमाथ का माहौल गरमा गया एवं उनके समर्थकों में भारी आक्रोश देखा गया। घटना के बाद हजारों समर्थकों ने शनिवार को बालूमाथ थाना चौक एवं मुरपा मोड़ में संध्या 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक एनएच 22 मुख्य सड़क को जाम कर इस घटना का विरोध किया एवं पुलिस प्रशासन से शीघ्र ही अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं रविवार को बालूमाथ के सभी दुकानदार एवं सभी संप्रदाय के लोगो ने स्वेक्षा से अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर एक विरोध मार्च निकाला एवं पूरे बालूमाथ टोला मोहल्ला का भ्रमण कर हजारों की संख्या में बालूमाथ थाना पहुंचकर पुलिस पदाधिकारी से अपराधियों को गिरफ्तारी की मांग की।

वहीं घटना की सूचना पाकर लातेहार एसपी अंजनी अंजन बालूमाथ पहुंचकर पूरे घटना की जानकारी ली और पुलिस प्रशासन को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे घटना की जांच की जा रही है शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। अपराधी किसी भी कीमत पर बक्से नहीं जाएंगे। ज्ञात हो कि राजेंद्र प्रसाद साहू लातेहार पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष के साथ-साथ बालूमाथ सद्भावना कमेटी के अध्यक्ष एवं हाईवा ओनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के पद पर रहते हुए इन्होंने कई सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है। वहीं राजेंद्र प्रसाद साहू पूरे पलामू प्रमंडल में सबसे भव्य रामनवमी पूजा समिति पूजा मनाने में इनकी सक्रिय भूमिका रहती है। वह बालूमाथ मंडल रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष भी हैं। इनका मुख्य कार्य कोयला व्यवसाय है। राजेंद्र प्रसाद साहू झारखंड के नामी गैंगस्टर अमन साहू एवं कई उग्रवादी संगठन के निशाने पर थे। वर्ष 2012 में उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के पांच हजार की सख्या में पूरे बालूमाथ को हाईजैक कर इनके घर पर हमला किया था। जिसमें इन्होंने तीन मंजिला मकान से कूद कर अपनी जान बचाई थी। हालांकि इस घटना में इनका दोनों पैर टूट गया था। जिसके बाद माओवादिओ ने उनके घर को भी बम ब्लास्ट कर उड़ा दिया था। राजेंद्र प्रसाद साहू की गोली लगने के बाद उनके परिजन ने उसे मेडिका हॉस्पिटल रांची में भर्ती कराया है। घटना की सूचना पाकर चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह, पूर्व विधायक प्रकाश राम, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता लाल प्रतुल नाथ शाहदेव समेत बालूमाथ, चंदवा, लातेहार, बरवाडीह समेत पूरे जिला के सैकड़ों समर्थक मेडिका अस्पताल पहुंचकर राजेंद्र साहू का कुशलक्षेम की जानकारी ली। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू समेत कई नेताओं ने उनके परिजनों से मोबाइल पर वार्ता कर पूरे घटना की जानकारी ली एवं घटना की निंदा की।

## एक नजर में

### लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बैंड बाजे के साथ राजधानी एक्सप्रेस का किया स्वागत



**लोहरदगा।** राजधानी एक्सप्रेस लोहरदगा रेलवे स्टेशन ठहराव का शुभारंभ होते ही लोहरदगा वासियों के चिरकाल की प्रतीक्षा समाप्त हुई। आज इस खुशी के मौके में लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकरिणी समिति के साथ सदस्यों ने भी ट्रेन का ह्रदय से बैंड बाजे का धुन के साथ स्वागत किया। हालांकि रेलवे विभाग द्वारा इस खुशी के मौजे पर चैम्बर ऑफ कॉमर्स को किसी भी प्रकार का जानकारी या निमंत्रण नही दिया गया था। फिर भी चैंबर द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को चैंबर के सदस्यों द्वारा बुके देकर व माला पहनाकर, उपस्थित यात्रियों को माला पहनाकर तथा राजधानी एक्सप्रेस के कर्मचारियों को पेन देकर स्वागत किया गयावतथा इनकी यात्रा मंगलमय हो इसकी ह्रदय से कामना की गई। राजधानी एक्सप्रेस का स्वागत हेतु चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार, राजेश कुमार महतो, वरीय उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल, उपाध्यक्ष धनन्जय कॉंस्यकर, सह सचिव अनीश मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार खत्री,उत्तम शर्मा, लोकेश प्रसाद, पीयूष केशरी, फिरोज शाह, गुप्तेश्वर गुप्ता सदस्य रंजीत मुखर्जी, मनीष कुमार गुड्डू, प्रहलाद अग्रवाल, संजय बर्म्मन, कमल प्रसाद केसरी इत्यादि समेत अनेको सदस्य उपस्थित रहें।

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के ब्लॉक प्रभारियों की सूची जारी, जल्द कमेटी विस्तार का निर्देश



बैठक में शामिल पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के पदाधिकारी ।

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड में केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में अब तक चले आंदोलन व कार्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुयी। बैठक में संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। सभी जिलों में यथाशीघ्र प्रखंड प्रभारी बनाते हुए प्रखंड कमेटी के साथ-साथ पंचायत कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत गुमला जिले के सभी प्रखंडों के प्रभारी की सूची जारी की गई। जिसमें गुमला ब्लॉक से बाबूलाल साहू, घाघरा ब्लॉक से संतोष ठाकुर एवं शिवनारायण साहू, बिशनपुर से रामप्रसाद साहू, सिसई से सुनील कुमार भगत व जुबेर अंसारी, भरनो से सुनील कुमार भगत व जुबेर अंसारी एवं राम साहू, पालकोट से रामू गोप, बसिया से राम साहू एवं सुदन साहू, कामडारा से बहादुर साहू व मनजीत साहू, रायडीह से जागेश्वर सिंह, गुमला नगर से दीपू ठाकुर, सज्जाद अनवर एवं अजीत विश्वकर्मा को बनाया गया। सभी को 15 दिनों के अंदर प्रखंड कमेटी बनाते हुए केंद्र समिति को सूची देने का आग्रह किया गया। इसी तरह अन्य जिलों को भी कमेटी बनाते हुए केंद्र समिति को लिस्ट देने का काम करेंगे। पिछला बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पिछड़ा समाज के विधायक से मिलकर 7 जिलों में रोस्टर के तहत आरक्षण जीरो कर दिया गया है उसकी जानकारी दी गयी। जिसको लेकर विधायकों ने झारखंड के मुख्यमंत्री को भी उक्त विषय पर लिखित जानकारी दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शिवदयाल गोप, श्यामसुंदर साहू, जागेश्वर सिंह, राजेश खन्ना, आशिक अंसारी, आनंद कुमार गुप्ता, प्रोफेसर भूषण महतो, अजीत विश्वकर्मा, बाबूलाल साहू, शहजाद अनवर, जुबेर अंसारी, दीपू ठाकुर, राम प्रसाद साहू, राम साहू, सुनील कुमार भगत, नूर मोहम्मद, मनजीत राम, बहादुर साहू, बृजमोहन यादव, सतीश ठाकुर, दुर्गा साहू, परमेश्वर साहू, राम केश्वर आदि उपस्थित थे।

# दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घायल का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी।

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी पिठवर टोली के समीप दो बाईकों की भिडंत में रविवार को एक की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गये। घटना में पिठवरटोली निवासी 30 वर्षीय मंतोष उरांव की मौत हुई। जबकि 35 वर्षीय पिठवरटोली निवासी प्रकाश उरांव, चिंगरी विशुनपुर निवासी 18 वर्षीय राजू उरांव व 21 वर्षीय विक्रम उरांव घायल है। जानकारी के अनुसार पिठवर टोली ग्राम निवासी प्रकाश उरांव व मंतोष उरांव मोटरसाइकिल में सवार हो घाघरा से अपना घर पीठवर टोली की ओर जा रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से चिंगरी नवाटोली ग्राम निवासी राजू उरांव व विक्रम उरांव मोटरसाइकिल में तेज रफ्तार में घाघरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हुई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से चारों घायलों को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए चारों को गुमला रेफर कर दिया गया है। यहां बता दे की पिठवर टोली निवासी प्रकाश उरांव व मंतोष उरांव अपना घर पहुंची गए थे। घर से लगभग 50 मीटर की दूरी पर थे और यह घटना घटी। वहीं दुर्घटना में विक्रम उरांव का पैर टूट गया। जबकि प्रकाश उरांव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## प्रवासी श्रमिक की मृत्यु पर परिजनों को उपायुक्त ने दी सहायता राशि



मृतक के परिजन को सहायता राशि का चेक प्रदान करते उपायुक्त।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा रविवार को अन्तरार्जीय प्रवासी मजदूरों को सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना अन्तर्गत प्रवासी श्रमिक भरनो प्रखंड के कुसुमबाहा गांव निवासी स्व. सिमोन केरकेट्टा, पिता स्व. बेने केरकेट्टा जिसका हैदराबाद में सड़क दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात मृत शरीर को पैतृक स्थान पर लाने हेतु उनके आश्रित भाभी बेरोनिका केरकेट्टा को तत्कालिक सहायता राशि के रूप में 50,000 (पचास हजार रूपया) का चेक सौंपा गया। श्रम अधीक्षक द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व. सिमोन केरकेट्टा की मृत्यु सड़क दुर्घटना में 12 अगस्त 2023 को हैदराबाद में हो गई थी। मृत्यु के पश्चात उनके बड़े भाई कमल केरकेट्टा को श्रम विभाग एवं उपायुक्त म्ने स्व० सिमोन केरकेट्टा का शव पैतृक निवास स्थान पर लाने हेतु आवेदन दिया गया था। जिसपर उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लेते हुए श्रम अधीक्षक, गुमला एवं अंचल अधिकारी, भरनो को राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष से समन्वय स्थापित करते हुए मृतक प्रवासी श्रमिक के शव को पैतृक निवास स्थान कुसुम्बाहा लाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद स्टेट लीड शिखा लकड़ा द्वारा संस्था के सहयोग से प्रवासी श्रमिक के शव को उनके पैतृक स्थान में पहुँचाने हेतु आवश्यक कार्रवाई एवं सहायता प्रदान की गई।

# पलामू, चतरा और औरंगाबाद के सांसदों ने संयुक्त रूप से उत्तर कोयल परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**मोदी सरकार किसानों की है हितैषी, जल्द आयेगी खेतो में हरियाली : सांसद**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह और भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने मण्डल डैम के उत्तर कोयल परियोजना के मोहम्मदगंज भीम बराज स्थित गति-एवं प्रगति का संयुक्त रूप से भौतिक निरीक्षण किया। इसके बाद हुसैनाबाद शहर के रिद्धि सिद्धि होटल के सभागार में सांसद बीड़ी राम, सांसद सुशील कुमार सिंह एवं चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील हैं। हर खेत को पानी पंहुचाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही हैं। मण्डल डैम उत्तर कोयल नहर परियोजना निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया हैं, ताकि झारखण्ड के पलामू प्रमण्डल और बिहार के औरंगाबाद खेतों तक ससमय पानी पंहुचे। वहीं निर्माण कर रही कम्पनी के अधिकारी एच एस सन्धु ने बताया कि मण्डल डैम निर्माण में जो तकनीकी बाधा आ रही थी वो सरकार के स्तर से ठीक कर लिया गया और डैम के इर्द गिर्द गांव व किसान के विस्थापन की राशि को पुनः केंद्र सरकार के द्वारा मंजुरी मिल गयी है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि डैम के 10 गेट तक कार्य पूर्ण कर लिया गया। 2026 तक सभी कार्य पूरा कर लिया जाएगा। वही सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि भाजपा की सरकार कार्य पर भरोसा करती हैं। वही भाजपा सांसदों ने बिहार सरकार और झारखण्ड सरकार के इस कार्य में दिलचस्पी नहीं लेने की बात कही।

**पलामू औरंगाबाद सांसद ने सिंचाई परियोजना को लेकर की अधिकारियों संग बैठक**

मोहम्मदगंज। पलामू और औरंगाबाद सांसद ने उतर कोयल सिंचाई परियोजना में लगी वेपकोस और सिचाई विभाग के अधिकारियों के साथ भीम बराज स्थित कंट्रोल रूम में की। सांसदों ने बैठक कर परियोजना से संबंधित कार्य की गहनतापूर्ण जानकारी लिए। अधिकारियों की जमकर लगाई क्लास। जल्द से जल्द परियोजना को पूरा करने का दिए निर्देश। औरंगाबाद सांसद ने कहा कि वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने परियोजना का शिलान्यास किये थे।

### मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में 198 परीक्षार्थी हुए शामिल

**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा में मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना को तहत रविवार को प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 198 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा के दौरान फ्लाइंग ऑफिसर सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राज किशोर प्रसाद ने परीक्षा सेंटर का जायजा लिया। कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संचालन के लिए दंडाधिकारी के लिए कनीय अभियंता नीरज कुमार नवीन, केंद्राधीक्षक के रूप में प्रधानाध्यापिका प्रफुल्लित लकड़ा के अलावा वीक्षक के रूप में विद्यालय के शिक्षक सुशील टोपा, भीम यादव समेत कई शिक्षक शामिल हुए। केंद्र अधीक्षक प्रफुल्लित लकड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता परीक्षा में 228 छात्र-छात्राओं को शामिल होना था जिसमें 30 अनुपस्थित रहे। परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न हो गई।

### जन कल्याण ट्रस्ट ने किया गृह रक्षकों के बीच इंकलेट फलूमस और नेम प्लेट का वितरण



**ड्यूटी के प्रति समर्पित रहते हैं होमगार्ड जवान : अजीत दुबे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में पलामू जिला होमगार्ड कार्यालय परिसर परिसर में वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कंपनी कमांडर अनुज कुमार झा, कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा, जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, जलसहिया संघ के जिला अध्यक्ष पिंकी विश्वकर्मा, प्लाटून कमांडर अनिल तिवारी, समाजसेवी तुलसी यादव, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, बंटी गुप्ता, जिला प्रभारी केंद्रीय संगठन सचिव नंदलाल दुबे और पलामू जिला के प्रभारी ट्रस्ट के वंदना कुमारी के द्वारा गृह रक्षकों के बीच इंकलेट फलूमस और नेम प्लेट वितरण किया गया। अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि जिला में होमगार्ड के जवान सामान्य व इमरजेंसी ड्यूटी में महत्वपूर्ण भूमिका रहता है। जवान के बदौलत हम सुरक्षित हैं। मौके पर ट्रस्ट के अखिलेश कुमार पाठक, डब्लू की सानिया, इंदल कुमार सिंह, राकेश पांडेय, नारद यादव, राम लाल यादव, राम विकास महतो, जितेंद्र कुमार, राम फुल, शेरा खातून, चंदा कुंवर आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा प्रवक्ता प्रतुल ने राजेंद्र साहू पर हुए हमले की कड़ी निंदा की



**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। प्रतुल शनिवार की रात ही मेडिका पहुंचे और घायल राजेंद्र साहू का ईलाज कर रहे डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने कहा की लातेहार के बालूमाथ क्षेत्र में कार्य कर रहे कोयला व्यवसायियों को लगातार टारगेट किया जा रहा है। ये हमले इस क्षेत्र में संगठित अपराधियों के बढ़ते मनोबल को दिखा रहा है। प्रतुल ने मांग किया कि लातेहार पुलिस, बालूमाथ क्षेत्र में कोयला कारोबार कर रहे व्यवसायियों को समुचित सुरक्षा प्रदान करें और इस इलाके में संगठित आपराधिक गिरोहों की बढ़ती गतिविधियों पर भी लगाम कसे। प्रतुल ने कहा की हाल ही में राज्य के गृह सचिव ने भी स्पष्ट किया है की संगठित आपराधिक गिरोहों का अभियान चला कर खात्मा किया जाएगा। इसी आलोक में लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग जिलों में रंगदारी वसूल रहे इन गिरोहों के खिलाफ बड़ा अभियान चले। प्रतुल ने कहा की हाल में हुई कुछ घटनाओं से विशेषकर बालूमाथ क्षेत्र में दहशत है। पुलिस को जनता का विश्वास कायम करने के लिए इन संगठित अपराधियों के गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

### उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने अंतिम तैयारियों का लिया जायजा



**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर 15 अगस्त को जिला खेल स्टेडियम लातेहार में पूर्ण गरिमा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसी क्रम में रविवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हिमांशु मोहन एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले झंडोतोलन-राष्ट्रगान एवं परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर व सार्जेंट द्वारा पूर्व अभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया गया। ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के तहत परेड का पूर्वाभ्यास 10 अगस्त से चल रहा है जिसके तहत आज अंतिम पूवार्भास किया गया। इस दौरान सभी का उत्साहवर्धन किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त ने समारोह स्थल में बैठने की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य बिंदुओं के बारे जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी को चाहिए कि देशभक्ति से ओत-प्रोत हो शांतिपूर्ण ढंग से इस राष्ट्रीय पर्व को मनाएं। विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने परेड समेत अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित हो कि 15 अगस्त को प्रातः 09.05 बजे उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में झंडोत्तोलन किया जायेगा। मौके पर जिले के वरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### छात्रा ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के रांकीकला पंचायत अंतर्गत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेवधरा की छात्रा कलावती कुमारी ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर महुआडाड़ प्रखंड में आयोजित की गई जिला स्तरीय आर्चरी खेल प्रतियोगिता 2023 में गोल्ड मेडल हासिल कर अपने विद्यालय के साथ साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जिसे लेकर छात्रा कलावती कुमारी को जिला खेल पदाधिकारी लातेहार के द्वारा 5 हजार रुपए नगद एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया और विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा भी कलावती कुमारी को बुके देकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद साहू को गोली मारने के बाद बालूमाथ का माहौल गरमाया लोगों में आक्रोश

# घटना की जांच की जा रही है शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा: अंजनी अंजन

### एसपी के निर्देश के बाद पुलिस संभावित ठिकानों पर कर रही है छापेमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ भाजपा के कद्दावर नेता राजेंद्र प्रसाद साहू को अज्ञात अपराधियों द्वारा शनिवार को गोली मारकर घायल किए जाने के बाद बालूमाथ का माहौल गरमा गया एवं उनके समर्थकों में भारी आक्रोश देखा गया। घटना के बाद हजारों समर्थकों ने शनिवार को बालूमाथ थाना चौक एवं मुरपा मोड़ में संध्या 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक एनएच 22 मुख्य सड़क को जाम कर इस घटना का विरोध किया एवं पुलिस प्रशासन से शीघ्र ही अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं रविवार को बालूमाथ के सभी दुकानदार एवं सभी संप्रदाय के लोगो ने स्वेक्षा से अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर एक विरोध मार्च निकाला एवं पूरे बालूमाथ टोला मोहल्ला का भ्रमण कर हजारों की संख्या में बालूमाथ थाना पहुंचकर पुलिस पदाधिकारी से अपराधियों को गिरफ्तारी की मांग की।

वहीं घटना की सूचना पाकर लातेहार एसपी अंजनी अंजन बालूमाथ पहुंचकर पूरे घटना की जानकारी ली और पुलिस प्रशासन को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे घटना की जांच की जा रही है शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। अपराधी किसी भी कीमत पर बक्से नहीं जाएंगे। ज्ञात हो कि राजेंद्र प्रसाद साहू लातेहार पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष के साथ-साथ बालूमाथ सद्भावना कमेटी के अध्यक्ष एवं हाईवा ओनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के पद पर रहते हुए इन्होंने कई सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है। वहीं राजेंद्र प्रसाद साहू पूरे पलामू प्रमंडल में सबसे भव्य रामनवमी पूजा समिति पूजा मनाने में इनकी सक्रिय भूमिका रहती है। वह बालूमाथ मंडल रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष भी हैं। इनका मुख्य कार्य कोयला व्यवसाय है। राजेंद्र प्रसाद साहू झारखंड के नामी गैंगस्टर अमन साहू एवं कई उग्रवादी संगठन के निशाने पर थे। वर्ष 2012 में उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के पांच हजार की सख्या में पूरे बालूमाथ को हाईजैक कर इनके घर पर हमला किया था। जिसमें इन्होंने तीन मंजिला मकान से कूद कर अपनी जान बचाई थी। हालांकि इस घटना में इनका दोनों पैर टूट गया था। जिसके बाद माओवादिओ ने उनके घर को भी बम ब्लास्ट कर उड़ा दिया था। राजेंद्र प्रसाद साहू की गोली लगने के बाद उनके परिजन ने उसे मेडिका हॉस्पिटल रांची में भर्ती कराया है। घटना की सूचना पाकर चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह, पूर्व विधायक प्रकाश राम, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता लाल प्रतुल नाथ शाहदेव समेत बालूमाथ, चंदवा, लातेहार, बरवाडीह समेत पूरे जिला के सैकड़ों समर्थक मेडिका अस्पताल पहुंचकर राजेंद्र साहू का कुशलक्षेम की जानकारी ली। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू समेत कई नेताओं ने उनके परिजनों से मोबाइल पर वार्ता कर पूरे घटना की जानकारी ली एवं घटना की निंदा की।



राजेन्द्र साहू का कुशलक्षेम पुछते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष।



सड़क पर उतरे लोग

#### टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर पुलिस कर रही है छापामारी

इधर घटना के बाद लातेहार एपी के निर्देश पर बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार के नेतृत्व में बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज, लातेहार के पुलिस अलग-अलग टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है। बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने कहा कि शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। वहीं बालूमाथ के सद्भभावना कमिटी के उपाध्यक्ष हाजी शब्बीर, प्रेम प्रसाद गुप्ता, संजीव सिन्हा, नमेश्वर गुप्ता, शैलेश सिंह, झामुमों नेता उपेंद्र यादव, अरविंद यादव, लातेहार के समाजसेवी रिंकू लाल,मोहर सिंह, कमलेश सिंह, सुनील पांडे, कृष्णा यादव, देवपाल प्रसाद, मोतिउरर रहमान, मौलाना जियाउला, बीरेंद्र गुप्ता, आशिक सिद्दकी, मनोहर साव, अफरोज आलम, रवि रजक, ज्ञानी पांडे, आजम अंसारी, अरविंद भगत, नरेश लोहरा, बालेश्वर साव, अर्जुन कुमार, अमर ठाकुर, सचिन समेत कई लोगो ने घटना की निंदा करते हुए पुलिस से अपरधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर सजा देने का मांग किया।

## जागरुकता व सफाई अभियान चला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर रविवार सुबह से महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन के नेतृत्व में दुर्गा बाड़ी, शास्त्री चौंक, बाजार, बिरसा चौंक, रामपुर समेत अन्य जगहों पर जागरुकता और सफाई अभियान चलाया गया, अनुमंडल पदाधिकारी श्री सुरीन ने प्रखंड के सभी नागरिको से आग्रह किया है कि घर के सामने एवं अगल-बगल गंदगी ना रखें, साथ ही रोड में बह रहे गंदे पानी का बहाव ना करें, इस अभियान में महुआडांड़ बीडीओ अमरेन डांग, फादर दिलीप, इफ्तेखार अहमद, अजित पाल कुजूर, रामनरेश ठाकुर, नूरूल अंसारी, रानू खान, राम जयसवाल, संजय जयसवाल, शंभू प्रसाद, अंचल सीआई समेत अन्य मौजूद है।



जागरुकता व सफाई करवाते पदाधिकारी

### सीआरपीएफ डी/112 के जवानों ने नक्सल प्रभावित गांवों में निकाली तिरंगा यात्रा

## वीर सेनानियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता समर्पित करती है सीआरपीएफ : जीएन बर्मन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र हरातु पंचायत अंतर्गत लाभर गांव में स्थित सीआरपीएफ 112वीं वाहिनी कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू के निर्देश पर डी/112 कंपनी कमांडर जीएन बर्मन के नेतृत्व में जवानों ने आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार को हर हर झंडा, हर घर झंडा अभियान का आयोजन किया। सीआरपीएफ के जवानों ने अपने अपने हाथों में देश की आन- बान और शान तिरंगा झंडा लेकर मुंडू, हरातु, गेंठा टोली और लाभर आदि गांवों का भ्रमण कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। वहीं विभिन्न गांव के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कंपनी कमांडर जीएन बर्मन ने लोगों को राष्ट्रध्वज के महत्व और आजादी का अमृत महोत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सभी को उनके घरों पर झण्डा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया और तिरंगे के मान-सम्मान को बनाए रखने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान जवानों द्वारा ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण देशभक्ति नारे लगाये गये। बटालियन का तिरंगा रैली देख ग्रामीण इलाके में उत्साह का माहौल देखने मिला। भारत सरकार के इस कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने को सीआरपीएफ 112 के जवानों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर तिरंगा भी बांटा। वहीं तिरंगा यात्रा में एएसआई अर्जुन पासवान, एचसी/जीडी राजीव कुमार, विजय सैकिया, रंजित उरांव, अभिषेक सिंह, अवनीश कुमार और जवाहर लाल समेत सैकड़ों जवान शामिल थे।



तिरंगा यात्रा में शामिल सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के कलश किया गया संरक्षित



कलश लेकर जाते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडाड़।** प्रखंड कार्यालय सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम तहत प्रखंड के अंतर्गत पंचायत चंपा, अंमवाटोली, महुआडांड़, रेंगाई, चटकपुर, ओरसा, नेतरहाट, अक्सी, परहाटोली, गड़बूढ़नी, हामी, दूरूप, सोहर, चैनपुर सभी 14 पंचायतों से कलश में मिट्टी लेकर गाजे बाजे के साथ वीर शहीदों का नारा लगाते हुए प्रखंड परिसर पहुंची। महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग के समक्ष सभी पंचायत के मुखिया द्वारा कलश सुपुर्द किया। इसके पूर्व पंचायत में वीर सपूतों श्रद्धांजलि देते हुए वीर सपूतों के सम्मान में स्मारक पट्टीका भी लगाई गई। जिसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए झंडोत्तोलन के समय ध्यान देने योग्य उचित दिशा निर्देश देते हुए हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा झंडा उपलब्ध कराया गया। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों को झंडा लगाते हुए सेल्फी लेकर साझा करने समेत कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने की बात कही, साथ 15 अगस्त के दिन महुआडांड़ मुख्यालय स्थित राजकीय आवासीय विद्यालय स्टेडियम में होने वाले आयोजनों में भाग लेने की अपील की।

## 13 से 15 तक हर घर तिरंगा के लिए प्रखंड के लोगों को करेंगे जागरूक: बीडीओ

मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश को विकसित बनाने और देश की सुरक्षा करने वालों का सम्मान करने की ली गयी शपथ



शपथ लेते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गारू।** गारू प्रखंड अंतर्गत करवाई पंचायत सचिवालय में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ प्रमुख सीता देवी ने राष्ट्र गान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ प्रताप टोप्पो सह सीओ शम्भू राम उपस्थित रहे। इस दौरान बीडीओ, प्रमुख सीता देवी, पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी, मुखिया सुनेश्वर सिंह, बीपीओ प्रिंस कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फलदार पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम के बारे में बीडीओ ने बताया की राष्ट्रव्यापी इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा गया, फलदार पौधा पंचायत सचिवालय के प्रांगण में लगाये गए। भारत को विकसित देश बनाने की शपथ ली गयी। साथ ही गुलामी की मानसिकता को जड़ से निकाल फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता के लिए कर्तव्यबध्य रहने, देश का नागरिक होने के कर्तव्य को निभाने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने सहित भारत को 2047 में विकसित देश बनाने का सपना साकार करने में हर संभव सहयोग की शपथ ली गयी। इसके अलावे बीडीओ ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर राष्ट्रीय ध्वज लगाने हेतु पूरे प्रखंड के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर बीडीओ प्रताप टोप्पो,सीओ शम्भू राम,प्रमुख सीता देवी,पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी,मुखिया सुनेश्वर सिंह, बीपीओ प्रिंस कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## केएन त्रिपाठी पहुंचे महुआडांड़, कांग्रेस कार्यकताओं के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआंडाड़।** रविवार अपने दौरे के क्रम में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री के एन त्रिपाठी महुआंडाड़ पहुंचे। इसके उपरांत महुआंडाड़ स्थित जिला परिषद भवन में बैठक किया। सर्वप्रथम महिला समूह के साथ बैठक कर महिला समूह से आजीविका के साधन के बारे में विचार विमर्श किया। इसके बाद प्रखंड के स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उनकी समस्याओं को लेकर हर संभव मदद करने की बात कही। इस दौरान उपस्थित स्वयंसेवकों के द्वारा कहा गया की आपके द्वारा ही रांची में हमारे धरना को समर्थन किया गया था यह सराहनीय कार्य है इसके लिए हम सभी स्वयंसेवक आपके आभारी हैं। जिसके बाद सभी स्वयंसेवकों के द्वारा श्री त्रिपाठी को समस्या से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसके उपरांत जिला परिषद भवन में ही महुआडांड़ की कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद जिला महामंत्री उदय सिंह, जिला युवा महासचिव मजहर खान, प्रखंड अध्यक्ष रुडोल्फ खलखो राजीव गांधी पंचायती राज के जोनल कोर्डिनेटर अजीत पाल कुजूर,समेत अन्य लोगों ने संगठन की मजबूती को लेकर अपना विचार रखें। मौके पर गोपाल त्रिपाठी परमदेव सिंह रंजीत कुमार राजू, पूर्व प्रखंड प्रमुख जॉन वाल्टर, अजीत पाल कुजूर, जीबीआर खलखो, हबीब उल्लाह खान, अब्दुल मतीन उर्फ गुड्डु, विनोद सिंह, जसीम खान समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



बैठक करते मंत्री के एन त्रिपाठी

# मनिका प्रखंड में भाकपा माले नेता की हत्या के विरोध में कार्यकताओं ने किया सड़क जाम

### 24 घंटा के अंदर हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर 16 को पूरे जिले में बंद का किया आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में भाकपा माले पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा दिन शनिवार को लगभग 5:00 बजे संध्या में अपने पार्टी के नेता के हत्या के विरोध में अचानक ही राष्ट्रीय मार्ग 39 को जाम कर दिया गया। राष्ट्रीय मार्ग 39 सड़क जाम होने से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं भाकपा माले के कार्यकर्ता संजय सिंह ने बताया कि हमारे जिला कमेटी सदस्य नन्ददेव सिंह की हत्या अज्ञात अपराधियों के द्वारा बर्बरता पूर्वक दिन रविवार की सुबह लगभग 5:00 बजे कर दी गई है। और नंदेव सिंह के शव को नालियों में फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता के इस तरह से हत्या कैसे हुई और उनकी हत्या किसने की इसके लिए प्रशासन से जल्द से जल्द पूरे मामले की जांच और हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग करते हैं। हम लोग पुलिस प्रशासन से 24 घंटे के अंदर इस हत्या के मामले को उद्भेदन और हत्यारों की गिरफ्तारी कर उनको कड़ी से कड़ी सजा की मांग करते हैं अगर पुलिस के द्वारा हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो हम लोग 16 अगस्त को पूरे लातेहार जिले में बंद का आह्वान करते हैं। वहीं सड़क जाम के दौरान माले के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर मनिका पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम को हटाया गया और कार्यकताओं को आश्वासन दिया गया कि 24 घंटे के अंदर हत्या के मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा और इस मामले से संबंधित जो भी हत्यारे हैं सभी की गिरफ्तारी की जाएगी। जिसके बाद भाकपा माले के कार्यकताओं ने सड़क जाम हटा दिया। वहीं मौके पर माले के कार्यकताओं के अलावा सड़क जाम से प्रभावित कई लोग उपस्थित थे।



सड़क जाम में उपस्थित लोग।

## होंडा रेसिंग इंडिया ने एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के चौथे दौर में दो अंक जुटाये

**कुटा (इंडोनेशिया)।** इडेमित्सु होंडा इंडिया रेसिंग टीम ने रविवार को यहां मांडलिका इंटरनेशनल स्ट्रीट सर्किट में 2023 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप (एआरआरसी) के चौथे चरण में दो अंक हासिल किए। काविन क्विंटल और मोहसिन पी की भारतीय जोड़ी ने रेस एक को क्रमशः 16वें और 22वें स्थान पर समाप्त किया। इन दोनों ने दूसरे रेस मे अपने खेल में सुधार किया जहां क्विंटल 18 मिनट 17.388 सेकंड के समय के साथ 14 स्थान पर रहे। उन्होंने इस प्रदर्शन से दो अंक हासिल किये।

## गोकुलम केरला ने केरला ब्लास्टर्स को 4-3 से हराया

**कोलकाता।** गोकुलम केरला ने रविवार को यहां डूरंड कप के ग्रुप लीग मैच में इंडियन सुपर लीग की मजबूत टीम केरला ब्लास्टर्स को 4-3 से शिकस्त दी। मैच के पहले हाफ में चार जबकि दूसरे हाफ में तीन गोल हुए। गोकुलम ने लगातार दूसरे मैच में जीत हासिल की और वह ग्रुप में शीर्ष पर बनी हुई है।

## पीसीबी ने एशिया कप के लिए खेल मनोवैज्ञानिक मकबूल बाबरी को नियुक्त किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका में अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला और एशिया कप के दौरान पुरुष टीम को सलाह देने के लिए खेल मनोवैज्ञानिक डॉ. मकबूल बाबरी को नियुक्त किया है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, हां, डॉ मकबूल बाबरी टीम के साथ रहेंगे। उन्होंने अतीत में हमारे कुछ खिलाड़ियों की ह्यकाउंसलिंग (परामर्श देना) की है।

## ऑल इंडिया ओपन ब्रिज टूनामेंट का समापन



**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के तत्वावधान में सैंटनरी हॉल में तीन दिवसीय 49वां ऑल इंडिया ओपन ब्रिज टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। इस टूर्नामेंट में झारखंड, बिहार, ओड़िशा, बंगाल सहित पूरे देश से 140 प्रतिभागीयों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में तीन तरह का ब्रिज प्रतियोगिता हुआ। जिसमें मास्टर प्लेयर, डुप्लीकेट, प्रोग्रेसिव शामिल था। इस टूनामेंट के विजेता इस प्रकार मास्टर प्लेयर में प्रदीप देव दे और अर्णब घोष, तन्मय मजूमदार और एस भट्टाचार्य, भावेश शाह और केशव सिन्हा, राणा राय और एस एन घोष, आशीष पान अमिताभ मुखर्जी, विद्युत गोस्वामी और केदार शॉ, एस बनर्जी और आर जैन, सुजीत भटटाचार्य और सुभेंदु पटनायक विजेता रहे। डुप्लीकेट संजय दास गुप्ता, विद्युत गोस्वामी, सर्वेश्वर, अर्णव फोर बनारस, पीके दास विजेता रहे। प्रोग्रेसिव में अर्णव फोर, एस घोष,महाराजा रहें। सभी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में डॉ तपन कुमार प्रतिहार, प्रवीर लाहिरी, सचिव सेतांक सेन और डॉ पम्पा सेन विश्वास रहा।

# 6 साल बाद वेस्टइंडीज से हारी टी-20 सीरीज

### हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टीम इंडिया हुई शर्मसार

एजेंसी




**फ्लोरिडा।** वेस्टइंडीज और भारत के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला फ्लोरिडा में खेला गया। यह एक डिसाइडर मुकाबला था, जो टीम यह मैच अपने नाम करती वह यह सीरीज भी जीत जाती। मेजबान टीम वेस्टइंडीज ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया और भारत को 8 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज के सामने 166 रन का टारगेट रखा था। वेस्टइंडीज ने बड़ी आसानी के साथ महज 18 ओवर में दो विकेट पर ही टारगेट पूरा कर लिया। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने 3-2 से सीरीज भी अपने नाम कर ली।

**वेस्टइंडीज ने भारत को 6 साल बाद हराई टी20 सीरीज:** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने रोवमैन पॉवेल की कप्तानी में 6 साल बाद भारत को टी20 सीरीज हराई है। वेस्टइंडीज ने भारत को इस सीरीज में 3-2 से मात दी। इससे पहले 2017 में वेस्टइंडीज ने भारत को टी20 सीरीज (1 मैच की सीरीज) हराई थी। वहीं वेस्टइंडीज ने सिर्फ दूसरी बार 1 से ज्यादा मैच की टी20 सीरीज में भारत को हराया है।

# यूसीएल का ऑल इंडिया ओपन ब्रिज टूनार्मेंट संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी (यूसीएल) के तत्वाधान में रविवार को सैंटनरी हॉल में तीन दिवसीय 49वीं ऑल इंडिया ओपन ब्रिज टूनार्मेंट का समापन हुआ। इस टूनार्मेंट में संपूर्ण भारतवर्ष से विभिन्न राज्यों से 140 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बताते चलें कि डूपलिकेट ऑल इंडिया ओपन ब्रिज टूनार्मेंट के डायरेक्टर डॉ तपन कुमार प्रतिहार हैं। डॉ पंपा सेन विश्वास ने बताया कि क्लब के सदस्यों ने ब्रिज टूनार्मेंट में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बसंत चौधरी मेमोरियल कप, प्रशांत चौधरी मेमोरियल कप, विजय बॉश मेमोरियल कप समेत अन्य आयोजन के विजयी प्रतिभागियों को यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के तरफ से सम्मानित किया गया।

### तीन दिवसीय ब्रिज ओपन टूनार्मेंट का रिजल्ट

मास्टर प्लेयर 11/08/23
प्रथम : प्रदीप देव डे और अर्णब घोष
द्वितीयः तन्मय मजूमदार और एस भप्ताचार्य
तृतीय : भावेश शाह और केशव सिन्हा
चतुर्थ : राणा राय और एस एन घोष
पंचम : आशीष पान अमिताभ मुखर्जी
छट्ठा : विद्युत गोस्वामी और केदार शॉ
सातवां : एस बनर्जी और आर जैन
आठवां : सुजित भप्ताचार्य और सुभेंदु पटनायक

**डुप्लीकेट 12/08/33**
प्रथम : संजय दास गुप्ता
द्वितीय : डॉक्टर फोर
तृतीय : विद्युत गोस्वामी
चतुर्थ : सर्वेश्वर
पंचम : अर्णव फोर बनारस
छट्ठा : पीके दास

प्रोग्रेसिव 13/08/23
प्रथम : अर्णव फोर
द्वितीय : एस घोष
तृतीयः महाराजा

## गोकुलम केरला ने केरला ब्लास्टर्स को 4-3 से हराया

**कोलकाता।** गोकुलम केरला ने रविवार को यहां डूरंड कप के ग्रुप लीग मैच में इंडियन सुपर लीग की मजबूत टीम केरला ब्लास्टर्स को 4-3 से शिकस्त दी। मैच के पहले हाफ में चार जबकि दूसरे हाफ में तीन गोल हुए। गोकुलम ने लगातार दूसरे मैच में जीत हासिल की और वह ग्रुप में शीर्ष पर बनी हुई है।

## पेरिस ओलंपिक में पहुंची ऑस्ट्रेलियाई हॉकी टीम

**वांगरेई।** ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने रविवार को 2023 ओशिनिया कप जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई कर लिया है। दोनों टीमों ने न्यूजीलैंड को हराकर ओलंपिक में जगह पक्की की। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 3-1 से जीत दर्ज की, जबकि महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया।

## आरपीएफ के स्पेशल अभियान में 6 गिरफ्तार

**सहरसा।** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रविवार को सहरसा जंक्शन पर आरपीएफ द्वारा स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न मेल एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन की चेकिंग की गई। जिसमें महिला कोच में सफर करते दो पुरुष यात्री को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा दो दिव्यांग कोच और अनाधिकृत रूप से रेल परिसर में घूमते 2 लोगों को संदिग्धावस्था मे गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए सभी के खिलाफ रेल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। यह स्पेशल अभियान आरपीएफ इंस्पेक्टर बंदना कुमारी के नेतृत्व में चलाई गई।

## नेपाल में हो रही बारिश की वजह से गंडक बैराज से 2.31 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा




**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** पड़ोसी देश नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले दो-तीन दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश से गंडक नदी के जलस्तर में फिर एक बार वृद्धि जारी है। गंडक बराज द्वारा रविवार की शाम लगभग पांच बजे दो लाख एकत्तीस हजार दो सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। गंडक बराज के अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि जल स्तर में वृद्धि को देखते हुए गंडक बराज के सभी 36 फाटकों को आंशिक रूप से जल स्त्राव के लिए उठा दिया गया है। वहीं पानी की बढ़ती स्थिति के मद्देनजर गंडक बराज पर तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारियों को हाई अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि गंडक बराज के जल स्तर में बनी वृद्धि को देखते हुए रात दिन बराज पर कैंप किया जा रहा है तथा पल-पल की रिपोर्ट पर नजर रखी जा रही हैं। दूसरी तरफ गंडक बराज के निचले अन्य कई इलाकों में फिर से पानी फैलने लगा है। वही गंडक नदी से सटे वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के कक्षा संख्या एम 29 एवं 30 तथा ठाडी के जंगल में गंडक का पानी और बरसात का पानी फैला रहा है। वन क्षेत्र में बरसाती पानी व गंडक नदी का पानी घुसने से वन्य जीव सुरक्षित जगहों की तलाश में ऊंचे स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

## दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने वाला पति सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रमई घोड़ाघाट में 22 जुलाई को हुए नवविवाहिता 19 वर्षीय जूली हत्याकांड मामले में पुलिस ने आरोपित पति के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में मृतका के पति गोपाल बहरदार पिता - सहदेव बहरदार और प्रह्लाद बहरदर पिता - कृपानंद बहरदार है। दहेज में मोटरसाइकिल की मांग पूरी नहीं होने पर पांच माह पहले प्रेम विवाह में बंधी 19 वर्षीय जूली कुमारी को हत्या का दोनों पर आरोप है।मामले में सैफगंज भाग परवाहा वार्ड संख्या एक के रहने वाले मृतका की मां आशा देवी पति -उपेंद्र बहरदार ने 14 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए 23 जुलाई 2023 को एफआईआर कांड संख्या 670/2023 दर्ज कराया था।आरोपितों की गिरफ्तारी एसआई सुबोध चौधरी ने पुलिस बलों के साथ की। मृतका की मां आशा देवी ने फारबिसगंज थाना में केस कर बताया था कि उनकी 19 साल की बेटी जुली कुमारी रमई घोड़ाघाट बहरदार टोला मुखिया चौक के समीप रहने वाले गोपाल बहरदार पिता- सहदेव बहरदार से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही पति समेत ससुराल वालों पर दहेज में मोटरसाइकिल के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और उसी के तहत बेटी का हत्या कर देने का आरोप लगाया गया था। घटना के बाद से सभी आरोपित फरार थे। जिसमे से पुलिस ने पति सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया और न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## राजद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ता करें: इफ्तिखार अहमद



**बेतिया।** राजद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ता करें ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को परास्त किया जा सके। पार्टी के नेतृत्व में अल्पसंख्यको, अति पिछड़ो, समाज के कमजोर वर्गों का उत्थान हुआ है। आज कार्यकताओं के बदौलत ही पार्टी को नई ऊंचाई मिली है। उक्त बातें अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के सदस्य इफ्तिखार अहमद उर्फ मुन्ना त्यागी ने कही। वह रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी और जिला प्रधान महासचिव नौतन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमर यादव, जिला मीडिया प्रभारी प्रभु यादव ने कहा कि हमें समाज के सभी वर्गों को एक साथ लेकर चलना है। महागठबंधन के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में विजय दिलाने के लिए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना है। मंच संचालन अधिवक्ता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश यादव ने किया।

# ससुर ने पोते के सामने किया बहू की हत्या

एजेंसी



**अररिया।** अररिया के रानीगंज में एक ससुर ने अपने पोते के सामने ही दबिया से प्रहार कर बहु की हत्या कर दी और शव को शौचालय के टैंक में छिपाने के ख्याल से फेंक दिया।

घटना की जानकारी लोगों को तब हुई जब चश्मदीद बने पुत्र ने रविवार को अपने मामा को फोन कर सारी बात की जानकारी दी।जिसके बाद मौके पर रानीगंज थाना पुलिस के साथ मामा पहुंचा और फिर शौचालय की टंकी से मृतका का शव बाहर निकालते हुए दरिंदा ससुर को गिरफ्तार किया।

घटना रानीगंज थाना क्षेत्र के परिहारी पंचायत अंतर्गत कॉलोनी बस्ती वार्ड संख्या 15 की है।ससुर ने अपनी बहू की हत्या दबिया से काटकर कर दी। ससुर ने बहु की हत्या अपने नाबालिग पोते के सामने ही किया। पोते को धमकाकर कहा कि सो जाओ अन्यथा तुम्हे भी काट देंगे। घटना शनिवार देर रात की है। इसका खुलासा रविवार को तब हुआ जब मृतका के नाबालिग पुत्र ने पहले अपने मामा को फोन कर सूचित किया फिर मामा ने थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष कौशल कुमार को सारी जानकारी दी।घटना की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और आरोपी ससुर को गिरफ्तार किया।

घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार कोकन शर्मा की बहू रंजू रक्षाबंधन में मायके जाना चाह रही थी। लेकिन सास ने इनकार कर दिया था। बावजूद इसके भाई को राखी बांधने को जिद पर अड़ी थी। इससे कोकन शर्मा नाराज हो गए और अपनी बहु को ही तेज धारदार दबिया से प्रहार कर काट डाला। जिससे उनकी मौत हो गई। शव को छिपाने के लिए महिला का हत्या के बाद ससुर ने शव को पैर में रस्सी बांधकर खींचकर शौचालय का टंकी में डाल दिया। मृतक महिला का नाम 40 वर्षीय रंजू देवी है।हालांकि हत्या को लेकर कई तरह चचाएं हैं,लेकिन स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है।

मृतका का भाई बनमनखी निवासी प्रेम शर्मा ने बताया कि मेरी बहन की शादी परिहारी कॉलोनी निवासी कोकन शर्मा के पुत्र मनोज शर्मा से करीब 20 वर्ष पूर्व हुआ था। उसे तीन पुत्र है दो पुत्र रूपेश और राकेश मृतका के पति मनोज शर्मा के साथ पंजाब मजदूरी करने गए हुए है। मृतका अपने छोटे पुत्र आशीष के साथ घर में सोए हुए थी कि शनिवार की रात्री करीब 12 बजे ससुर कोकन शर्मा ने घर का टाटी को तोड़कर घर में घुसकर दबिया से मेरी बहन का गला काटकर हत्या कर दिया। मेरी बहन की हत्या करने की सूचना मेरे भांजा ने फोन कर दिया।

# सुशील मोदी ने दरभंगा एम्स के मुद्दे पर नीतीश को घेरा, दागे सवाल

एजेंसी



**पटना।** राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि महागठबंधन सरकार बनने के बाद नीतीश कुमार ने राजद-जदयू के बीच श्रेय लेने की खींचतान के चलते दरभंगा में एम्स बनाने का मामला उलझा दिया। वे बताएं कि एम्स को दी गई 81 एकड़ जमीन वापस क्यों ली गई?

सुशील मोदी ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि यदि दरभंगा मेडिकल कालेज अस्पताल ( डीएमसीएच) व्यस्त क्षेत्र में होने के कारण एम्स के लिए उपयुक्त नहीं है, तो सरकार ने इसी परिसर में पहले 81 एकड़ जमीन क्यों दी थी? सुशील मोदी ने उन्होंने पूछा कि 2000 करोड़ रुपये से बनने वाले एम्स-दरभंगा को सहरसा ले जाने के लिए नीतीश कुमार ने दिनेश चंद्र यादव सहित 15 जदयू सांसदों से ज्ञापन क्यों दिलवाया?

सुशील मोदी ने पूछा कि महागठबंधन सरकार बनने और स्वास्थ्य सहित कई विभाग तेजस्वी प्रसाद यादव को मिलने पर लालू प्रसाद के करीबी भोला यादव ने अशोक पेपर मिल (हायाघाट) के परिसर में एम्स के लिए जमीन देने की घोषणा किसके इशारे पर की थी? कौन चाहता था कि एम्स दरभंगा में नहीं बने?

उन्होंने कहा कि दरभंगा में एम्स बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नहीं मिले, इसलिए पहले दो साल तक तो मुख्यमंत्री इस बात अड़े रहे कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) को ही अपग्रेड कर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बना दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी मेडिकल कॉलेज को अपग्रेड कर एम्स बनाने का नियम नहीं है। इसलिए अन्ततः बिहार सरकार दरभंगा एम्स के लिए डीएमसीएच परिसर में ही 150 एकड़ जमीन देने पर राजी हो गई। 82 एकड़ जमीन आवंटित भी कर दी गई थी।

मोदी ने कहा कि बाद में जदयू के दबाव में बिहार सरकार ने शोभन बाइपास में जो 151 भूमि आवंटित की, वह सड़क से 30 फीट नीचे गड्ढे में जल-जमाव वाली भूमि थी। उसे केंद्रीय टीम ने एम्स का भवन बनाने के लिए उपयुक्त नहीं पाया। उन्होंने कहा कि शोभन की जमीन का निरीक्षण करने बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने इसे अस्वीकार कर दिया और कोई दूसरी भूमि आवंटित करने का आग्रह किया।

मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार ने दरभंगा एम्स की कल्याणकारी योजना को ही घटिया राजनीति के गहरे गड्ढे में धकेल दिया। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के बाद केवल बिहार को दो एम्स (पटना, दरभंगा) की सौगात देने का निर्णय किया था लेकिन राज्य सरकार के असहयोग के कारण यहां केवल एक एम्स (पटना) बन पाया।

## पूर्णिया एयरपोर्ट मांग को लेकर ट्विटर ट्रेंड कर युवाओं ने विकास का दिखाया दृढ़ संकल्प




**पूर्णिया।** पूर्णिया में हवाई अड्डा जल्द शुरू हो इसके लिए आज पूर्णिया के युवाओं ने महा ट्यूटर अभियान चलाया। युवाओं की यह दूरदर्शिता सीमांचल वासियों के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा। आज चले इस अभियान में पूर्णिया सहित कई जिलों और राज्यों के युवाओं और युवतियों ने अपनी विकास की प्रतिज्ञा के वचन को प्रदर्शित किया। खास बात यह रही की बिहार में प्रथम और भारत में टॉप 25 पर यह ट्रेंडिंग रहा। इस ट्रेंडिंग ने अपने इस अभियान से जाता दिया की पूर्णिया एयरपोर्ट बनाने से इस इलाके में बड़ी व्यावसायिक क्रांति आएगी।एक बेहतर विकास के लिए यातायात एक मजबूत सीढ़ी है। आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राजनीतिज्ञों के लिए एक सीधा सपाट संदेश है की बिना एयरपोर्ट के वोट नही मिलने वाला। इस अभियान पर आज राज्य और केंद्र सरकार की नजरें जरूर नजर गड़ाए देख रही होंगी।वर्तमान में यह अभियान का चलना पुनः एक जागरूकता के झंडे को फहरा गया। लगभग 21 हजार ट्रेंडिंग ने जनप्रतिंधियों के माथे पर शिकन लाने में सफल तो अवश्य रहा।

इस कार्यक्रम के लिए श्रीनायक कैंपस में वॉर रूम बनाया गया था। कई सारे युवा मिलकर राज्य और देश के साथियों के संपर्क में थे।प्रेस क्लब पूर्णिया के कोषाध्यक्ष तथा एबीपी न्यूज के वरिष्ठ संवाददाता पंकज नायक ने अपनी तथा अपने टीम के साथ युवाओं को पूर्ण साकारात्मक साथ दिया।

प्रेस क्लब पूर्णिया, मिथिला स्टूडेंट यूनियन,कई महिलाओं की टीम,अमन केसरी जैसे युवाओं, ज्योति कुमारी इत्यादि की टीमों ने अपने सहयोग को देकर अपनी सार्थकता को दिखाया।

एमएसयू राष्ट्रीय संगठन मंत्री अविनाश कुमार मिश्र, अमन जायसवाल सहित दर्जनों युवाओं के इस अभियान को ऐसे चला रहे थे जैसे लग रहा हो बहुत बड़ा यज्ञ किया जा रहा हो।

## स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर आशा कार्यकताओं का हड़ताल समाप्त

**बेगूसराय।** बिहार राज्य आशा एवं आशा फेसिलिटेटर संघ संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर 12 जुलाई से चल रहा अनिश्चित कालीन हड़ताल रविवार को समाप्त हो गया। स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव एवं राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक के साथ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के नेताओं की वार्ता पर हड़ताल समाप्त हुआ। रविवार को सीमा कुमारी की अध्यक्षता में कर्मचारी भवन महासंघ कार्यालय बेगूसराय में आयोजित बैठक में आशा एवं आशा फेसिलिटेटर द्वारा वार्ता हर्ष जताते हुए उक्त निर्णय के आलोक में हड़ताल समाप्त होने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा मानदेय में बढ़ोतरी सहित विभिन्न बिंदुओं पर अपेक्षित कार्रवाई के आश्वासन को संघर्ष का जीत बताया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय ने इसे संघर्ष की जीत बताया। मौके पर अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री मोहन मुरारी, चिकित्सा संघ के जिला मंत्री लव कुमार सिंह, संघ के संयोजक शंकर मोची, जिला महासंघ के संयुक्त मंत्री रामानंद सागर, सिद्धार्थ शंकर शर्मा एवं संघ के नेता रंजना कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### झारखंड के लाल...

**भारत माता की जय, अजय अमर रहे की गूंज :** गांव में प्रवेश करते ही भारत माता के के साथ शहीद अजय राय अमर रहें का नारा गूंज उठा। इस दौरान हर किसी की आंखें नम थीं। रांची से गये सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट के नेतृत्व में जवानों ने तिरंगे में लिपटे उनके पार्थिव शरीर को कांधा देते हुए सम्मान के साथ वाहन से नीचे उतारा और घर तक पहुंचाया। शहीद का अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक केदार हाजरा, गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा, एसडीपीओ मुकेश महतो, भाजपा नेता दिनेश यादव, विनय शर्मा समेत काफी संख्या में नेता और अधिकारी पहुंचे थे।

**रास्ते में तिरंग लिये खड़े थे लोग :** रांची से गिरिडीह पहुंचना के क्रम में भारत माता के इस वीर सपूत पार्थिव शरीर जहां से गुजरा हराजों में लोग हाथ तिरंगा थामे खड़े थे। 20 हजार से अधिक की भीड़ देवरी के लिए चल पड़ी। भारत माता के जयकारे से पूरा रास्ता गूंजता रहा। शहीद जवान अजय राय पर लोगों को गर्व था। हर कोई ढेंगाडीह गांव में जुटे थे।

**पिता लिपट कर रोने लगे :** जवान बेटे का शव जब पिता राजेंद्र राय ने देखा तो वे बेटे के शव से लिपट कर रोने लगे। उन्हें बड़ी मुश्किल से लोगों ने सम्हाला। शहीद की पत्नी करिश्मा कुमारी की आंख के आंसू सूख चुके थे, पर पति का शव देख वह भी फफक पड़ी। अन्नपूर्णा और सहायक कमांडेंट ने दोनों को हिम्मत दी। गिरिडीह निवासी सीआरपीएफ जनान अजय, अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए जम्मू कश्मीर के पुलवामा में तैनात थे। वहीं शनिवार को आतंकियों की गोलीबारी में शहीद हो गये थे। शहीद अजय और उनकी पत्नी करिश्मा के दो पुत्र हैं। उनके परिवार के सदस्य गिरिडीह के सिरसिया में रह रहे हैं।

### 4 चीनी नागरिक...

पाकिस्तानी ने ग्वादर हमले को तूल न देते हुए इसे महज आतंकवादी गतिविधि' करार दिया। चीन के दूतावास ने ग्वादर में चीन के नागरिकों को ले जा रहे काफिले पर हमले की गहन जांच' की मांग की। पाक स्थित चीन के दूतावास ने इस ह्यआतंकवादी गतिविधि' की कड़े शब्दों में निंदा की है। मौजूदा स्थितियों को देखते हुए चीन के दूतावास ने पाकिस्तान में रह रहे अपने नागरिकों को याद दिलाया कि वे सतर्क रहें और सुरक्षा खतरों से बचने के लिए एहतियाती कदम उठाये, ताकि उनकी जान और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### लालकिला से मिल

ये श्रमयोगी नये संसद भवन के निर्माण से जुड़े रहे हैं। इस वर्ष के आयोजन में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 75 युगल, पारंपरिक परिधानों में लालकिले पर मौजूद रहेंगे। यह पहल सरकार के जनभागीदारी दृष्टिकोण के अनुरूप की गयी है।

**सेल्फी प्वाइंट :** राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों को समर्पित सेल्फी प्वाइंट बनाये गये हैं।

स्पीड न्यूज

## पाक के बाजौर में चार आतंकवादी ढेर

रावलपिंडी। पाकिस्तान इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने रविवार को कहा कि बाजौर जिले के चारमांग में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ एक सैनिक शहीद हो गया और चार आतंकवादी मारे गए। स्थानीय प्रमुख सूचना संचार माध्यमों के इंटरनेट प्लेटफार्म पर यह मुठभेड़ सुर्खियों है। सुरक्षा बलों ने चारमांग में आतंकवादियों की उपस्थिति की खुफिया रिपोर्ट पर अभियान चलाया। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच तेज गोलीबारी हुई। इस दौरान एक आतंकवादी को जीवित दबोचा गया। मौके से हथियार, गोला-बारूद, आत्मघाती जैकेट और विस्फोटक बरामद हुए हैं।

## नेपाल में भारी बारिश से कई उड़ानें रद्द

काठमांडू। नेपाल में रविवार सुबह से ही मॉनसून के अति सक्रिय होने से हवाई उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। तेज बारिश के कारण काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की विजिबिलिटी काफी कम हो गई है, जिससे विमानों की उड़ानों पर भी असर पड़ा है।नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के महाप्रबंधक प्रताप बाबू तिवारी ने कहा कि लगातार तेज बारिश होने के कारण दिल्ली से आये एयर इंडिया के विमान को वाराणसी डायवर्ट कर दिया गया। इसी तरह चीन के कुनमिंग से आया एयर चाइना और सिचुवान एयर को वापस कुनमिंग ही भेजा गया है।

## पद्मा सेतु के पास स्थापित होगी बंगबंधु की प्रतिमा

ढाका। राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की प्रतिमा बांग्लादेश में पद्मा नदी सेतु के ठीक बगल में स्थापित होगी। इसके लिए शिबचर (मदारीपुर) में पुराने नौका घाट के निकट कंथलबाड़ी का चयन किया गया है। कंथलबाड़ी में प्रतिमा के पास ही एक संग्रहालय भी होगा। मुक्ति युद्ध मामलों के मंत्री एकेएम मोजम्मेल हक ने इस स्थान को देखा। उन्होंने कहा कि पद्मा सेतु राष्ट्र के लिए गौरव का प्रतीक है। प्रतिमा के यहां स्थापित होने से इस सेतु का महत्व और बढ़ जाएगा।

## नक्सलियों ने की कोटवार की हत्या

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कोंडागांव जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने अपहरण के बाद कोटवार की हत्या कर दी ।पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के बयानार थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेंगागोंदी गांव के कोटवार धरमदास बघेल की नक्सलियों ने अपहरण के बाद हत्या कर दी।

## भाजपा सांसद को जान से मारने की धमकी

भदोही । उत्तर प्रदेश के भदोही से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रमेश बिंद को भदोही आने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने रविवार को बताया कि सांसद रमेश बिंद ने जिले के गोपीगंज थाने में शनिवार को एक तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर भदोही आने पर जान से मारने की धमकी दी है ।

## करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष को मारी गोली, हालत नाजुक

उदयपुर। श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह पर उदयपुर में एक कार्यक्रम के दौरान संगठन के ही पूर्व जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह उर्फ भम्मू ने गोली चला दी। गोली पीठ पर लगी है। हालत नाजुक है। इस दौरान वहां मौजूद कार्यकताओं ने आरोपित को पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। बताया जा रहा है कि आरोपित जिला अध्यक्ष पद से हटाने के कारण नाराज था। 23 सितंबर को उदयपुर के गांधी मैदान में सेना की ओर से न्यायाधिकार महासभा का आयोजन होगा।

# स्वतंत्रता दिवस : पहली बार लाल किले पर गूंजेगी स्वदेशी फील्ड गन

एजेंसी

नयी दिल्ली। लाल किले की प्राचीर से इस साल पहली बार स्वतंत्रता दिवस के दौरान 105 मिमी भारतीय फील्ड गन (आईएफजी) से 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। इस तरह की सात बंदूकें 52 सेकंड में 21 फायर करके सलामी देंगी, यानी राष्ट्रगान के साथ प्रति राउंड 2.4 सेकंड फायर होंगे।

औपचारिक 21 तोपों की सलामी की अवधि राष्ट्रगान की लंबाई के साथ मेल खाती है। पिछले साल सलामी देने के लिए स्वदेशी उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) फायर करके सलामी दी गई थी। स्वदेश निर्मित 105 मिमी. भारतीय फील्ड गन्स से पहली बार 8711 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) के गनर्स ने

## भारतीय फील्ड गन से दी जाएगी 21 तोपों की सलामी

▶▶ दो हेलीकॉप्टर मार्क-III ध्रुव फूलों की करेंगे बारिश

इस साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर पारंपरिक 21 तोपों की सलामी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आईएफजी पुरानी 25-पाउंडर्स तोपों की जगह लेंगी, जो रक्षा क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता को दर्शाती हैं। इंडियन फील्ड गन (आईएफजी) 105 को 1972 में डिजाइन किया गया था। गन कैरिज फैक्ट्री, जबलपुर और फील्ड गन फैक्ट्री, कानपुर इसका निर्माण करती हैं। ये फील्ड गन कॉम्पैक्ट लाइट हैं और इन्हें हवा से भी गिराया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त को ऐतिहासिक लाल किले से 77वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाने



में देश का नेतृत्व करेंगे। वह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को पारंपरिक संबोधन देंगे। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। लाल किला पहुंचने पर प्रधानमंत्री का स्वागत रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट और रक्षा सचिव गिरिधर अरमने करेंगे। रक्षा सचिव अरामने दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ का परिचय प्रधानमंत्री से कराएंगे। इसके बाद जीओसी नरेन्द्र मोदी को सलामी स्थल तक ले जायेंगे, जहां एक संयुक्त इंटर-सर्विसेज और दिल्ली पुलिस गार्ड प्रधानमंत्री को सलामी देंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे। प्रधानमंत्री के गार्ड ऑफ ऑनर दल में सेना, वायु सेना और दिल्ली पुलिस के एक-एक अधिकारी और 25 कर्मी तथा नौसेना के एक अधिकारी और 24 कर्मी शामिल होंगे। भारतीय सेना इस वर्ष के लिए समन्वय सेवा की भूमिका में है। गार्ड ऑफ ऑनर की कमान मेजर विकास सांगवान के हाथों में होगी। गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करने के बाद प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर की ओर बढ़ेंगे, जहां उनका स्वागत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुख करेंगे। दिल्ली क्षेत्र के जीओसी प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्राचीर पर बने मंच तक ले जाएंगे। मेजर निकिता नायर और मेजर जास्मीन कौर राष्ट्रीय ध्वज फहराने में प्रधानमंत्री की सहायता करेंगी। झंडा फहराए जाने के बाद तिरंगे को राष्ट्रीय सलामी दी जाएगी। सेना का बैंड राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रीय सलामी' प्रस्तुत करने के दौरान राष्ट्रगान बजाएगा। बैंड का संचालन नायब सूबेदार जतिंदर सिंह करेंगे। इसके बाद स्वदेश निर्मित 105 मिमी. भारतीय फील्ड गन्स से पहली बार 8711 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) के गनर्स पारंपरिक 21 तोपों की सलामी देंगे। लेफ्टिनेंट कर्नल विकास कुमार सेरेमोनियल बैटरी की कमान संभालेंगे और नायब सूबेदार (एआईजी) अनूप सिंह गन पोजिशन ऑफिसर होंगे। राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने के दौरान वायु सेना के दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर मार्क-III ध्रुव कार्यक्रम स्थल पर फूलों की बारिश करेंगे। हेलीकॉप्टर के कैप्टन विंग कमांडर अंबर अग्रवाल और स्क्वाड्रन लीडर हिमांशु शर्मा होंगे। पुष्प वर्षा के बाद प्रधानमंत्री राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

### प्रधानमंत्री के गार्ड की कमान इनके हाथों में होगी

प्रधानमंत्री के गार्ड की कमान मेजर इंद्रजीत सचिन, नौसेना के सैन्यदल की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर एमवी राहुल रमन और वायु सेना के सैन्यदल की कमान स्क्वाड्रन लीडर आकाश गांघस के हाथों में होगी। दिल्ली पुलिस के दल की कमान एडिशनल डीसीपी संध्या स्वामी संभालेंगी।

# बिहार समेत पांच राज्यों में 14 स्थानों पर एनआइए का छापा

## पीएफआइ के साजिश के खिलाफ चलाया तलाशी अभियान

एजेंसी

▶▶ कई डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त

▶▶ केरल के कन्नूर और मालप्पुरम जिलों, कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़, महाराष्ट्र के नासिक और कोल्हापुर, बंगाल के मुर्शिदाबाद और बिहार के कटिहार में रेड

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लोगों के बीच सांप्रदायिक भावना पैदा कर शांति भंग करने और देश को अस्थिर करने की पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की साजिश को नाकाम करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत रविवार को पांच राज्यों में छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि बिहार, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में 14 स्थानों की तलाशी ली गई, जिसमें कई डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि एनआईए ने केरल के कन्नूर और मालप्पुरम जिलों, कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़, महाराष्ट्र के नासिक और कोल्हापुर, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और बिहार के कटिहार में छापेमारी की। प्रवक्ता ने कहा कि एनआईए आतंक, हिंसा और तोड़फोड़ की गतिविधि के माध्यम से 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए एक सशस्त्र कैडर बनाने के पीएफआई और उसके शीर्ष नेतृत्व के प्रयासों को उजागर करने और विफल करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीएफआई समाज के कुछ वर्गों के खिलाफ लड़ाई छेड़कर भारत विरोधी हिंसक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए भोले-भाले




युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें हथियार प्रशिक्षण प्रदान करने की साजिश रच रहा है। अधिकारी ने कहा कि एजेंसी को संदेह है कि कई मध्य स्तर के पीएफआई सदस्य प्रशिक्षक के रूप में काम कर रहे हैं, जो अपने अत्यधिक कट्टरपंथी कैडर के लिए कई राज्यों में हथियार प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी साजिश को नाकाम करने के लिए एनआईए कर रहा है छापेमारी।

## मणिपुर हिंसा के नौ और मामलों की जांच करेगी सीबीआइ

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मणिपुर हिंसा से संबंधित नौ और मामलों की जांच अपने हाथ में लेने वाला है, जिससे एजेंसी द्वारा जांच किए जाने वाले मामलों की कुल संख्या बढ़कर 17 हो जाएगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी की जांच इन 17 मामलों तक सीमित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध या यौन उत्पीड़न से संबंधित किसी अन्य मामले को भी प्राथमिकता के आधार पर उसे भेजा जा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने अब तक आठ मामले दर्ज किए हैं, जिनमें मणिपुर में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित दो मामले शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि वह नौ और मामलों की जांच की जिम्मेदारी संभालने की प्रक्रिया में है। उनके अनुसार, जांच एजेंसी राज्य के चुराचांदपुर जिले में कथित यौन उत्पीड़न के एक और मामले को अपने हाथ में ले सकती है।

# इजराइली हेरॉन मार्क-2 ड्रोन वायु सेना में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना में इजराइली हेरॉन मार्क-2 ड्रोन को शामिल किया गया है। एक बार संचालित होने पर लंबे समय तक उड़ने वाले यह ड्रोन एक ही उड़ान में पाकिस्तान और चीन दोनों के साथ पूरी सीमाओं को कवर करने की क्षमता रखते हैं। इसलिए इन्हें उत्तरी क्षेत्र में एक फॉरवर्ड एयर बेस से संचालित किया जा रहा है। इस स्क्वाड्रन को वार्डन ऑफ द नॉर्थ के रूप में जाना जाता है। आने वाले दिनों में इसे तीनों सेनाओं के लिए तैयार किया जाएगा ताकि जरूरत पड़ने पर दोनों दुश्मन के खिलाफ एक साथ आक्रामक हमला किया जा सके। सेटेलाइट से नियंत्रित होने वाला हेरॉन ड्रोन 250 किलोग्राम हथियार लेकर उड़ सकता है। भारतीय वायु सेना अब मेक इन इंडिया के तहत अपने प्रोजेक्ट चीता को आगे बढ़ाने की योजना बना रही है। इन्हें उत्तरी क्षेत्र में एक फॉरवर्ड एयर बेस पर तैनात किया गया है। हेरॉन मार्क-2 ड्रोन का संचालन करने वाली स्क्वाड्रन को वार्डन ऑफ द नॉर्थ के रूप में जाना जाता है। वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि उपग्रह संचार लिंक से सुसज्जित यह भारतीय सशस्त्र बलों में सबसे उन्नत ड्रोन हैं। वायु सेना में शामिल किये गये चार नए हेरॉन ड्रोन

### पाक और चीन पर नजर

लंबी दूरी की मिसाइलों और अन्य हथियार प्रणालियों से लैस हैं। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के राडार और सेंसर, एंटी-जैमिंग क्षमता और 35 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंचने की क्षमता के साथ ड्रोन एलएसी के पास सभी प्रकार की खुफिया जानकारी इकट्ठा करने में सक्षम होंगे।









# सात कंपनियों का मार्केट कैप 74,603 करोड़ घटा

### एचडीएफसी बैंक को 25000 करोड़ का नुकसान, रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा फायदा

नयी दिल्ली। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का कुल बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 74,603.06 करोड़ रुपये घट गया। इनमें सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 398.6 अंक या 0.60 फीसदी की गिरावट आई। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और भारतीय स्टेट बैंक को लाभ हुआ। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 25,011 करोड़ रुपये घटकर 12,22,392.26 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 12,781 करोड़ रुपये घटकर 6,66,512.90 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 11,096.48 करोड़ रुपये घटकर 4,86,812.08 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 10,396.94 करोड़ रुपये घटकर 5,87,902.98 करोड़ रुपये और आईटीसी का मूल्यांकन 7,726.3 करोड़ रुपये घटकर 5,59,159.71 करोड़ रुपये रह गया। इसके अलावा बजाज फाइनेंस और इंफोसिस का मूल्यांकन भी घटा। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 25,607.85 करोड़ रुपये बढ़कर 17,23,878.59 करोड़ रुपये हो गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया डीपी पर लगाया तिरंगा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों से हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी में तिरंगे की तस्वीर लगाने का आग्रह किया। मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की डीपी में भी राष्ट्रीय ध्वज की तस्वीर लगाई है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को लोगों से 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा आंदोलन में हिस्सा लेने का आह्वान किया था।मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि हर घर तिरंगा आंदोलन की भावना के साथ आइए हम सोशल मीडिया अकाउंट्स की डीपी को बदलें और इस अनूठे प्रयास को समर्थन दें जो हमारे प्यारे देश और हमारे बीच के बंधन को गहरा करेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि वे हर घर तिरंगा वेबसाइट पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ तस्वीरें अपलोड करें।

# कोलकाता में राष्ट्रपति 17

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 अगस्त को 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज विंध्यगिरी लॉन्च करेंगी। इस प्रोजेक्ट के जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। इसका नाम कर्नाटक की पर्वत शृंखला के नाम पर रखा गया है, जिसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड, कोलकाता में निर्मित किया गया है। इस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक विंध्यगिरि प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज है। इस युद्धपोत में बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। तकनीकी रूप से उन्नत यह फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती लिएंडर क्लास एएसडब्ल्यू फ्रिगेट आईएनएस विंध्यगिरी को विशिष्ट सेवा के लिए एक तरह से श्रद्धांजलि है। आईएनएस विंध्यगिरी ने 08 जुलाई 1981 को नौसेना में शामिल होकर 11 जून 2012 तक विभिन्न चुनौतीपूर्ण अभियानों और बहुराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लगभग 31 वर्षों तक सेवा दी थी। प्रोजेक्ट 17ए कार्यक्रम के तहत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) को चार और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड को तीन जहाजों का निर्माण सौंपा गया था। इस परियोजना के पहले पांच जहाज तारागिरी, उदयगिरि, दूनागिरी, नीलगिरि, हिमगिरी लॉन्च किए जा चुके हैं।

भारत में पर्वत शृंखलाओं के नाम पर इन सभी जहाजों के नाम रखे गए हैं। इस परियोजना को स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल फ्रिगेट






# राष्ट्रपति के लिए आशा भोंसले ने गाया...'राधा कैसे ना जले'

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आशा भोसले को भारत के शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया है। राष्ट्रपति ने उन्हें स्मृति चिन्ह दिया और एक गाने की फरमाइश की भी रखी। इस पर आशा भोंसले ने 89 साल की उम्र में फिल्म लगान का गाना 'राधा कैसे ना जले' गाया। राष्ट्रपति ने जब उनसे अपनी पसंद का गाना गाने का अनुरोध किया तो आशा भोसले ने 70 के दशक का गाना चुरा लिया है तुमने जो दिल को गाया। यह गाना फिल्म यादों की बारात (1973) का था। यह गाना न सिर्फ जबरदस्त हिट हुआ, बल्कि आशा भोसले की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों पर ले गया। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने कुछ शब्दों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि नारी शक्ति के योगदान से भारत



विकसित देशों की कतार में शामिल हो जाएगा। मेरा मानना है कि अमृत काल में भारत नारी शक्ति के योगदान से विकसित देशों में अपनी जगह बना सकेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि महिला शक्ति के बिना एक स्वस्थ, मजबूत और विकसित समाज की कल्पना करना असंभव है, महिलाओं के योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाने के उद्देश्य से इस पहल में भाग लेकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।आशा भोंसले ने 1940 के दशक के अंत में संगीत यात्रा शुरू की। उन्होंने चुपके-चुपके मस्त निगाहें, बादल घिर आए, रिमझिम पानी बरसे और कहदूं तुम्हें (दीवार), ये वादा रहा (ये वादा रहा) जैसे गाने गाए।

# 87 साल की हुईं वैजयंती माला

मुंबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री वैजयंती माला रविवार को 87 वर्ष की हो गयीं। तमिलनाडु में 13 अगस्त 1936 को जन्मीं वैजयंती माला ने अपने सिने करियर की शुरूआत महज 13 वर्ष की उम्र में एक तमिल फिल्म से की।वर्ष 1951 में प्रदर्शित फिल्म बहार से वैजयंती माला ने बॉलीवुड में पदार्पण किया।वर्ष 1954 में प्रदर्शित फिल्म नागिन वैजयंती माला के सिने करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। वर्ष 1955 में प्रदर्शित फिल्म देवदास वैजयंती माला के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है।विमल राय के निर्देशन में शरतचंद्र के उपन्यास पर बनी इस फिल्म में वैजयंती माला ने चंद्रमुखी के किरदार को रुपहले पर्दे पर साकार किया है।इस फिल्म में अपने



दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयीं।वर्ष 1958 में प्रदर्शित फिल्म साधना वैजयंती माला के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार है।बी.आर.चोपड़ा निर्मित-निर्देशित फिल्म साधना में वैजयंती माला अपने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रहीं।


VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



# आजादी के बाद भारत के कृषि क्षेत्र को बदलने के कवायद



डॉ. मनसुख मंडाविया

(लेखक केंद्रीय रसायन और उर्वरक, और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं। व्यक्त किये गये विचार व्यक्तिगत हैं।)

**आर्थिक** सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, देश की लगभग 65% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 47% आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि एक समयबद्ध गतिविधि है जिसमें उत्पादन और उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए सही समय पर सही कृषि-इनपुट की आवश्यकता होती है। कृषि-इनपुट कृषि के आवश्यक तत्व हैं और एक कुशल वितरण प्रणाली कृषि आय की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भारत में, इनपुट सेवाओं का नेटवर्क बिखरा हुआ है और साइलो में बीज, उर्वरक, कीटनाशकों और उपकरणों के लिए अलग-अलग डीलर नेटवर्क काम कर रहे हैं। इसके अलावा, मिट्टी, बीज, उर्वरक की जांच की सुविधाएं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से असंबद्ध और टुकड़ों में किसानों तक पहुंचती है। यह व्यवस्था एक समुचित निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समग्र जानकारी प्रदान करने में विफल रहता है। जिसका समाधान सरकार द्वारा समर्थित एक छत के नीचे किसानों को समग्र सुविधाएँ प्रदान करने में निहित है, जिस पर किसान भरोसा कर सकें और उसका पालन कर सकें। अतीत में, निजी क्षेत्र ने किसानों के इनपुट और सेवाओं के लिए ऐसे ही केंद्रों के मॉडल को दोहराने की कोशिश की है, लेकिन काफी हद तक असफल रहा।

इस प्रकार, मौजूदा उर्वरक खुदरा दुकानों को वन-स्टॉप शॉप समाधान , प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) में बदलने का विचार किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्थायी और दीर्घकालिक समाधान के रूप में सामने आया है। इस कार्यक्रम ने देश के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरूआत की है। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से, इस पहल का उद्देश्य कृषि इनपुट, सूचना और सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाना, किसानों के जीवन का उत्थान करना और देश की प्रगति में योगदान देना है।

पीएमकेएसके पहल के तहत, लगभग 280,000 सक्रिय खुदरा उर्वरक दुकानें किसानों के लिए व्यापक वन-स्टॉप शॉप में चरणबद्ध रूपांतरण के दौर से गुजर रही हैं। इसके मूल में, पीएमकेएसके किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से उर्वरक, बीज और कीटनाशक, ड्रोन सेवाओं और कीटनाशकों सहित छोटी कृषि मशीनरी सहित कृषि-इनपुट की एक विविध श्रृंखला की पेशकश केंद्रित है। एक महत्वपूर्ण पहलू मिट्टी और बीज

## कृषि में विकास से आजादी के बाद सबसे अधिक लाभ किसानों को

परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान भी है। किसानों को उनकी विशिष्ट मिट्टी और फसल की स्थितियों के बारे में ज्ञान प्रदान करके, ये सुविधाएं उचित निर्णय लेने, अनुकूलित संसाधन उपयोग और उच्च पैदावार को सक्षम बनाती हैं। यह सटीक कृषि और संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, पीएमकेएसके एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करते हैं, जो फसलों और सरकारी कल्याण योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार करते हैं। सूचना अंतर को पाटते हुए, ये केंद्र किसानों को सही विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे उनकी दक्षता और आय में वृद्धि होती है।

इसका उद्देश्य लाखों किसानों के जीवन को सरल बनाना है। हाल के घटनाक्रम इसकी सफलता को दशार्ते हैं। 27 जुलाई को राजस्थान के सीकर में आयोजित पीएम-किसान सम्मेलन जैसे एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 125,000 पीएमकेएसके राष्ट्र को समर्पित किए। देश भर के लगभग 20 मिलियन किसानों की व्यापक भागीदारी इस पहल पर अंतिम उपयोगकताओं तक पहुंच की सकारात्मक मुहर दिखाती है।

सफलता का अंदाजा विभिन्न हितधारकों के बीच एकता और गर्व की भावना से भी लगाया जा सकता है। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि केंद्रों पर आने वाले किसानों की संख्या में पहले से ही 15-20% की वृद्धि हुई है और यह पाया गया है कि वे पीएमकेएसके के माहौल और उपलब्ध इनपुट से खुश हैं। इन पीएमकेएसके के माध्यम से नैनो यूरिया की बिक्री भी 6 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। उर्वरक कंपनियों द्वारा समर्थित ड्रोन उद्यमी उर्वरकों और रसायनों के छिड़काव को बेहतर तरीके से बढ़ावा देने के लिए धीरे-धीरे किसानों को पीएमकेएसके के साथ जोड़ पा रहा है। राज्यों, केवीके और डीलरों के बीच बढ़ते संबंधों के परिणामस्वरूप ज्ञान और सेवाओं का सफल प्रसार हुआ है।

**पीएमकेएसके पहल के तहत, लगभग 280,000 सक्रिय खुदरा उर्वरक दुकानें किसानों के लिए व्यापक वन-स्टॉप शॉप में चरणबद्ध रूपांतरण के दौर से गुजर रही हैं। इसके मूल में, पीएमकेएसके किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से उर्वरक, बीज और कीटनाशक, ड्रोन सेवाओं और कीटनाशकों सहित छोटी कृषि मशीनरी सहित कृषि-इनपुट की एक विविध श्रृंखला की पेशकश केंद्रित है। एक महत्वपूर्ण पहलू मिट्टी और बीज परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान भी है। यह सटीक कृषि और संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, पीएमकेएसके एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करते हैं, जो फसलों और सरकारी कल्याण योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार करते हैं।**

पीएमकेएसके पहल किसानों को सशक्त बनाने और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करने में गेम चेंजर साबित हो रही है। कृषि इनपुट्स और नॉलेज तक पहुंच को सरल बनाकर, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ किसानों को सशक्त बनाकर और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर, पीएमकेएसके कृषक समुदाय के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरूआत कर रहे हैं। अटूट सरकारी समर्थन और हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से, पीएमकेएसके सकारात्मक बदलाव लाना जारी रखेंगे, देश की कृषि रीढ़ को मजबूत करेंगे और एक संपन्न और आत्मनिर्भर कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देंगे।

# हर काम देश के नाम



**77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी; प्रधामंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक लाल किले से इस समारोह का नेतृत्व करेंगे।**

इस समारोह को देखने के लिए देश भर से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त, 2023 को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले से 77वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाने में देश का नेतृत्व करेंगे। वह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को पारंपरिक संबोधन देंगे। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ह्यआजादी का अमृत महोत्सवह्न समारोह, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री ने 12 मार्च, 2021 को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम से किया था, का समापन होगा और 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने हेतु देश को नए उत्साह के साथ एक बार फिर अमृत काल में प्रवेश कराया जाएगा। 77वें स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए कई नई पहल की गई हैं। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष बड़ी संख्या में अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल किले में आयोजित समारोह का हिस्सा बनने के लिए देश भर से विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। यह पहल सरकार के जनभागीदारी दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है।

इन विशिष्ट अतिथियों में 660 से अधिक जीवंत गांवों के 400 से अधिक सरपंच; किसान उत्पादक संगठन योजना से जुड़े 250 लोग; प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50-50 प्रतिभागी; नई संसद भवन सहित सेंट्रल विस्टा परियोजना से जुड़े 50 श्रम योगी (निर्माण श्रमिक); 50-50 खादी कार्यकर्ता, सीमा पर स्थित सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे शामिल हैं। इनमें से कुछ विशिष्ट अतिथियों का दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करने और रक्षा राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

प्रत्येक राज्य/केन्द्र-शासित प्रदेश से पचहत्तर (75) जोड़ों को भी उनकी पारंपरिक पोशाक में लाल किले में आयोजित समारोह को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

**सेल्फी प्वाइंट**

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं।

इन योजनाओं/पहलों में वैश्विक आशाः टीके और योग; उज्ज्वला योजना; अंतरिक्ष शक्ति; डिजिटल इंडिया; कौशल भारत; स्टार्ट-अप इंडिया; स्वच्छ भारत; सशक्त भारत, नया भारत; पॉवरिंग इंडिया; प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन शामिल हैं।

इस समारोह के हिस्से के रूप में, रक्षा मंत्रालय द्वारा 15-20 अगस्त तक मायगव पोर्टल पर एक ऑनलाइन सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। लोगों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 12 में से एक या अधिक स्थानों पर सेल्फी लेने और उन्हें मायगव प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कुल बारह विजेताओं, प्रत्येक स्थान से एक, का चयन ऑनलाइन सेल्फी प्रतियोगिता के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 10,000 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

**ई-निमंत्रणः** सभी आधिकारिक निमंत्रण आमन्त्रण पोर्टल के जरिए ऑनलाइन भेजे गए हैं। इस पोर्टल के जरिए 17,000 ई-निमंत्रण कार्ड जारी किये गये हैं।

समारोहः लाल किला पहुंचने पर, प्रधानमंत्री का स्वागत रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट और रक्षा सचिव श्री गिरिधर अरामने करेंगे। रक्षा सचिव, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी), दिल्ली क्षेत्र का परिचय प्रधानमंत्री से कराएंगे। इसके बाद जीओसी, दिल्ली क्षेत्र श्री नरेन्द्र मोदी को सलामी स्थल तक ले जायेंगे, जहां एक संयुक्त इंटर-सर्विसेज और दिल्ली पुलिस गार्ड प्रधानमंत्री को सलामी देंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे।

प्रधानमंत्री के गार्ड ऑफ ऑनर दल में सेना, वायु सेना और दिल्ली पुलिस के एक-एक अधिकारी और 25 कर्मी तथा नौसेना के एक अधिकारी और 24 कर्मी शामिल होंगे। भारतीय सेना इस वर्ष के लिए समन्वय सेवा की भूमिका में है। गार्ड ऑफ ऑनर की कमान मेजर विकास सांगवान के हाथों में होगी। प्रधानमंत्री के गार्ड की कमान मेजर इंद्रजीत सचिन, नौसेना के सैन्यदल की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर एमवी राहुल रमन और वायु सेना के सैन्यदल की कमान स्क्वाड्रन लीडर आकाश गांघस के हाथों में होगी। दिल्ली पुलिस के दल की कमान एडिशनल डीसीपी संध्या स्वामी संभालेंगी।

गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करने के बाद, प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर की ओर बढ़ेंगे, जहां उनका स्वागत रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी करेंगे। । दिल्ली क्षेत्र के जीओसी प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्राचीर पर बने मंच तक ले जाएंगे।

झंडा फहराए जाने के बाद, तिरंगे को 'राष्ट्रीय सलामी' दी जाएगी। सेना का बैंड, जिसमें एक जेसीओ और 20 अन्य सैन्यकर्मी शामिल होंगे, राष्ट्रीय ध्वज फहराने और 'राष्ट्रीय सलामी' प्रस्तुत करने के दौरान राष्ट्रगान बजाएगा। बैंड का संचालन नायब सूबेदार जतिंदर सिंह करेंगे।

मेजर निकिता नायर और मेजर जास्मीन कौर राष्ट्रीय ध्वज फहराने में प्रधानमंत्री की सहायता करेंगी। विशिष्ट 8711 फील्ड बैटरी (औपचारिक) के बहादुर बंदूकधारियों द्वारा 21 तोपों की सलामी के साथ, इस कार्यक्रम का समन्वय किया जाएगा। लेफ्टिनेंट कर्नल विकास कुमार सेरेमोनियल बैटरी की कमान संभालेंगे और नायब सूबेदार (एआईजी) अनूप सिंह गन पोजिशन ऑफिसर होंगे।

राष्ट्रीय ध्वज गार्ड में सेना, नौसेना, वायु सेना और दिल्ली पुलिस के पांच अधिकारी और 128 अन्य कर्मी शामिल होंगे, जो प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने के समय राष्ट्रीय सलामी देंगे। सेना के मेजर अभिनव देथा इस इंटर-सर्विसेज गार्ड और पुलिस गार्ड की कमान संभालेंगे।

राष्ट्रीय ध्वज गार्ड में सेना के सैन्यदल की कमान मेजर मुकेश कुमार सिंह, नौसेना के सैन्यदल की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर हरप्रीत मान और वायु सेना के सैन्यदल की कमान स्क्वाड्रन लीडर श्रेय चौधरी के हाथों में होगी। दिल्ली पुलिस के दल की कमान एडिशनल डीसीपी शशांक जयसवाल संभालेंगे। जैसे ही प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, पार्श्व पंक्ति विन्यास में भारतीय वायु सेना के दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर मार्क-ककक ध्रुव द्वारा कार्यक्रम स्थल पर फूलों की वर्षा की जाएगी। हेलीकॉप्टर के कैप्टन, विंग कमांडर अंबर अग्रवाल और स्क्वाड्रन लीडर हिमांशु शर्मा होंगे।पुष्पवर्षा के बाद, प्रधानमंत्री राष्ट्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन के समापन पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट राष्ट्रगान गाएंगे। राष्ट्रीय उत्साह के इस उत्सव में देश भर के विभिन्न स्कूलों के एक हजार एक सौ (1,100) बालक और बालिका एनसीसी कैडेट (सेना, नौसेना और वायु सेना) भाग लेंगे। ज्ञानपथ पर सीटें लगाए गयीं हैं, जिन पर कैडेट आधिकारिक सफेद पोशाक में बैठेंगे।

# स्वाधीनता के अमृतकाल में शान से फहराएं तिरंगा

चक्र के भीतर कुल 24 से तीलियां है। यह भारत के निरंतर प्रगति का संकेत देती हैं। संविधान सभा की बैठक में 22 जुलाई 1947 को इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता मिली। राष्ट्रीय ध्वज पर किसी भी प्रकार कि कशीदाकारी, कुशन , रूमाल , नैपकिन नहीं बनाई जा सकती है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट के लिए नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किसी वस्तु को लपेटने , कोई वस्तु प्राप्त करने या वितरित करने के लिए नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किसी भी वाहन की साइड्स , पृष्ठ भाग और ऊपर का भाग ढंकने के लिए नहीं किया जाएगा । इसे सूर्योदय से सूर्यास्त तक हर मौसम में सभी दिनों में फहराया जा सकता है। झंडे को तेज गति से फहराया जाना चाहिए और धीरेझधीरे नीचे उतारा जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज पानी , जमीन , फर्श या पगडंडी को नहीं छूना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज को किसी भी ऐसे तरीके से प्रदर्शित या बांधा नहीं जाएगा , जिससे उसे कोई क्षति होने की संभावनाराष्ट्रीय ध्वज उल्टा करके कभी भी प्रदर्शित नहीं किया जाएगा अर्थात केसरिया पट्टी को नीचे की पट्टी के रूप में नहीं रखना चाहिए। क्षतिग्रस्त या अस्तझव्यस्त राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज किसी भी समय नीचे नहीं झुकना चाहिए। किसी भी अन्य झंडे को राष्ट्रीय ध्वज से ऊपर या उसके अगल-बगल में नहीं रखा जाएगा।

प्रभुनाथ शुक्ल

**राष्ट्रीय** ध्वज हमारे गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी देश अपने राष्ट्रीय ध्वज को जान से भी अधिक सम्मान देता है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए लाखों लोग बलिदान हो चुके हैं। भारत में राष्ट्रीय ध्वज विशेष अवसरों पर फहराया जाता है। बचपन में जब हम स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे थे उस दौरान स्वाधीनता और गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाती थी। उस दौरान स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर यह गीत गाया करते थे ह्यविजयी विश्व तिरंगा, प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमाराह्न। राष्ट्रीय ध्वज की परिकल्पना सबसे पहले पिंगली वेंकैया ने की थी। यह आजादी का अमृतकाल है। देश के हर व्यक्ति को गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए। ऐसा करने अपने भीतर अपना देश, अपनी माटी की अकल्पनीय अनुभूति होती है और राष्ट्रीय भावना और मजबूत होती है।

हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है। सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी हमारी ताकत को दशार्ती है। सफेद रंग की पट्टी शांति और सत्य का प्रतीक है। सबसे नीचे हरे रंग की पट्टी विकास, उर्वरता और समृद्धि का द्योतक है। सफेद रंग की पट्टी के मध्य स्थापित ह्यचक्रह्न अशोक स्तंभ से लिया गया है। चक्र के भीतर कुल 24 से तीलियां है। यह भारत के निरंतर प्रगति का संकेत देती हैं। संविधान सभा की बैठक में 22 जुलाई 1947 को इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता मिली। हालांकि इसके पूर्व भी कई तरह के झंडे देश और विदेश में फहराए गए, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार नहीं किया गया था।

राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि यह हमारे गौरव, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक है। इसके सम्मान की हर हालत में रक्षा की जानी चाहिए। तिरंगे का अपमान राष्ट्र का अपमान समझा जाता है। फटे-पुराने एवं कटे हुए तिरंगे को नहीं फहराया जाना चाहिए। संविधान सभा की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के रूप में इसे अंगीकार किए जाने के बाद अभी सिर्फ एक बदलाव किया गया जिसमें चरखे की जगह अशोक स्तंभ के ह्यचक्रह्न का उपयोग किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज में कोई भी बदलाव नहीं हुआ।

राष्ट्रीय ध्वज के रोहण के लिए भी नियम बनाए गए हैं। भारतीय ध्वज संहिता यानी ह्यफ्लैग कोड ऑफ इंडियाह्न में सब वर्णित है। भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी 2002 को प्रभावी हुई है। भारतीय ध्वज संहिता 2002 को पुनः30 दिसंबर 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज हाथ से कते और बुने हुए या मशीन से कते कॉटन, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम या फिर खादी की पट्टी से बनाया जा सकता है।

भारत का कोई भी नागरिक अपने निजी या सार्वजनिक स्थान, कार्यालय या घर पर तिरंगा फहरा सकता है। हालांकि इसके पूर्व यह अनुमति नहीं थी, लेकिन दिसंबर 2002 में संविधान संशोधन के जरिए अनुमति दी गई। साल 2009 में रात्रि में भी तिरंगे को फहराने की अनुमति दी गई। पूरे भारत में 21 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा तिरंगा सिर्फ तीन स्थानों पर फहराया जाता है इसमें कर्नाटक का नारगुंड किला, महाराष्ट्र में पनहाला किला और मध्य प्रदेश का ग्वालियर किला शामिल है।

जब हम ध्वजारोहण करते हैं तो हमें हमेशा ख्याल रखना चाहिए कि हमारे दाहिने तरफ ध्वज होना चाहिए। हमारी ध्वज संहिता में प्लास्टिक का झंडा फहराने पर रोक है। लेकिन बदली परिस्थितियों और व्यापारिक स्थितियों में खूब प्लास्टिक के झंडे का उपयोग किया जाता है। राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई 3:2 के अनुपात में होनी चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज पर कोई भी चित्र या लेखन नहीं होना चाहिए। तिरंगे का उपयोग व्यवहारिक कार्यों में किसी भी तरीके से नहीं होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज कभी भी जमीन से नहीं छूना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के पास किसी भी धार्मिक या अन्य संस्था के झंडे को नहीं लगाया जा सकता है।

राष्ट्रीय ध्वज पर किसी भी प्रकार कि कशीदाकारी, कुशन , रूमाल , नैपकिन नहीं बनाई जा सकती है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट के लिए नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किसी वस्तु को लपेटने , कोई वस्तु प्राप्त करने या वितरित करने के लिए नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किसी भी वाहन की साइड्स , पृष्ठ भाग और ऊपर का भाग ढंकने के लिए नहीं किया जाएगा । इसे सूर्योदय से सूर्यास्त तक हर मौसम में सभी दिनों में फहराया जा सकता है। झंडे को तेज गति से फहराया जाना चाहिए और धीरेझधीरे नीचे उतारा जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज पानी , जमीन , फर्श या पगडंडी को नहीं छूना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज को किसी भी ऐसे तरीके से प्रदर्शित या बांधा नहीं जाएगा , जिससे उसे कोई क्षति होने की संभावना

राष्ट्रीय ध्वज उल्टा करके कभी भी प्रदर्शित नहीं किया जाएगा अर्थात केसरिया पट्टी को नीचे की पट्टी के रूप में नहीं रखना चाहिए। क्षतिग्रस्त या अस्ताझव्यास्ता राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज किसी भी समय नीचे नहीं झुकना चाहिए। किसी भी अन्य झंडे को राष्ट्रीय ध्वज से ऊपर या उसके अगल-बगल में नहीं रखा जाएगा। किसी तरह की फूल माला या प्रतीक के साथ कोई वस्तु नहीं रखी जाएगी। ह्यराष्ट्रीय सम्मानह्न के अपमान की रोकथाम अधिनियम 1971 के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग निजी स्तर पर की जाने वाली अंत्येष्टि अथवा अंत्येष्टि के दौरान आवरण के रूप में नहीं किया जा सकता।



**स्वाधीनता दिवस के अवसर पर हम सभी भारतीयों को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी नहीं करेंगे और जीवनपर्यन्त उसका सम्मान करेंगे। तिरंगा समूचे भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ राष्ट्र के सम्मान में हमें ध्वजारोहण करना चाहिए।**

देश में राष्ट्रीय शोक की स्थिति में तिरंगा झुकाया जाता है। देश में जितने दिन का राष्ट्रीय शोक रहता है तिरंगा तब तक झुका रहता है। राष्ट्रीय शोक खत्म होते ही तिरंगा को अपनी ऊंचाई पर सम्मानित कर दिया जाता है। देश के राष्ट्राध्यक्षों और सैनिकों के पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर अंतिम विदाई दी जाती है।

बाद में ध्वज को सम्मान किसी नदी या गुप्त स्थान पर नष्ट कर दिया जाता है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर हम सभी भारतीयों को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी नहीं करेंगे और जीवनपर्यन्त उसका सम्मान करेंगे। तिरंगा समूचे भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ राष्ट्र के सम्मान में हमें ध्वजारोहण करना चाहिए। अंतिम सांस तक उसके सम्मान की रक्षा का हमें संकल्प भी लेना चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# गया के शेरघाटी में ई रिक्शा में हुआ बम ब्लास्ट

## तीन अपराधी बोरे में ले जा रहे थे विस्फोटक, धमाके से हुए घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गया।** जिले के शेरघाटी में शनिवार की देर शाम ई रिक्शा में बम ब्लास्ट की घटना हुई है। विस्फोट इतना तेज हुआ कि ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। ई रिक्शा में तीन अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बोरे में रख बम को लेकर जा रहे थे कि अचानक शेरघाटी के गोपालपुर सोनखाप मोड़ के समीप ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट की घटना में ई रिक्शा पर बैठे तीनों अपराधी घायल हो गए, जिसमें दो गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने रविवार को बताया कि ई रिक्शा पर सवार होकर तीन अपराधी बम को ले जा रहे थे। इस दौरान बम ब्लास्ट की घटना हुई, जिसमें तीन अपराधी घायल हो गए। घटना की सूचना पर शेरघाटी पुलिस और सशसत्र बल घटनास्थल पहुंचकर भाग रहे सभी तीन अपराधियों को घायल अवस्था में पकड़ लिया। इनकी पहचान वसंत चौहान, विजय मांझी और प्रकाश चौहान के रूप में हुई है। गिरफ्तार तीनों जख्मी अपराधियों को पुलिस अभिरक्षा में अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र



शेरघाटी में प्राथमिकी इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में लोग तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं। आगे एसएसपी ने बताया कि शेरघाटी थाना में सभी गिरफ्तार अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की काईवाई की जा रही है। मदनपुर निवासी वसंत चौहान के विरुद्ध डोभी थाना में कई प्राथमिकी दर्ज है। वहीं, शेष दो अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। पुलिस इस घटना के सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## सीएम एक सवाल का जवाब दे देंगे, तो उनका जूता सिर पर : प्रशांत

**समस्तीपुर।** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर समस्तीपुर में पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान वह नेताओं और राजनीतिक दलों पर जमकर निशाना साध रहे हैं। वहीं, रविवार को उन्होंने कहा कि मुझसे जब पूछा गया कि सेमीकंडक्टर जैसी फैक्ट्री बिहार जैसे राज्यों में क्यों नहीं लगती है तो मैंने पत्रकारों को कहा कि बिहार सरकार की पूरी कैबिनेट को बुला लीजिए, नीतीश कुमार अगर बता दें कि सेमीकंडक्टर होता क्या है तो हम उनका जूता अपने सिर पर लेकर चलने को तैयार हैं।

## एक नजर में

### सहनी का छलका दर्द, कहा- लोग चांद पर घर बनाने की सोच रहे, लेकिन दुर्भाग्य है कि निषाद...

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी अपनी निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा के क्रम में उत्तर प्रदेश पहुंचे हुए हैं. शनिवार को यात्रा की शुरूआत से पहले बलिया के सतीश चंद्र कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि आज लोग चांद पर घर बनाने की सोच रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि निषाद समाज के रहने के लिए धरती पर भी घर नहीं है। आज अगर यूपी, बिहार और झारखंड में भी अन्य कई राज्यों की तरह निषादों को आरक्षण मिला रहता तो यह स्थिति नहीं होती। निषाद युवा भी कहीं डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, आईएएस अधिकारी होते। मुकेश सहनी ने कहा कि अगर हमारे समाज के लोगों ने भी पहले अपने अधिकार के प्रति संजीदा होते और संघर्ष किए होते तो आज हमारी स्थिति ऐसी नहीं होती। आगे उन्होंने कहा कि अब जो हमारी बात सुनेगा, उसकी ही बात हम सुनेंगे। जो हमारी बात नहीं सुनेगा, उसकी बात हम भी नहीं सुनेंगे। आरक्षण नहीं तो गठबंधन नहीं और गठबंधन नहीं तो वोट नहीं। निषाद इस बार संकल्प ले चुके हैं कि वे अपने ही लोगों की सुनेंगे। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी अभी अपनी यात्रा को लेकर बलिया पहुंचे हुए हैं। इस दौरान उनका पार्टी कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं, सहनी इसके बाद संकल्प रथ पर सवार होकर जनारी तिरहा, बसरीकापुर, भरसौता (हल्दी), प्रबोधपुर, बैरिया इंटर कॉलेज, रेवती होते हुए हालपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबंधित किया। बता दें कि वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी अभी संकल्प यात्रा पर निकले हुए हैं। इस दौरान मुकेश सहनी बिहार, यूपी और झारखंड का दौरा कर रहे हैं।

### चाचा पशुपति पीछे हटने को तैयार नहीं भतीजे चिराग को दिया कड़ा संदेश

**हाजीपुर।** एनडीए गठबंधन में हाजीपुर सीट को लेकर चाचा पशुपति पारस और भतीजे चिराग पासवान के बीच खूब बयानबाजी हो रही है। वहीं, रविवार को सांसद पशुपति पारस ने इस सीट को लेकर कहा कि हाजीपुर हमारा है और आगे भी रहेगा। दुनिया की कोई भी ताकत चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकती है। किसकी औकात है जो हाजीपुर से चुनाव लड़ेगा? मैं 40 वर्षों से हाजीपुर का सेवा कर रहा हूं। दूसरा क्यों यहां से चुनाव लड़ेगा। हाजीपुर हमारा है और हमारा ही रहेगा। पशुपति पारस ने कहा कि मैंने कई बार कहा है कि अपने राजनीतिक जीवन के दौरान मैं एनडीए के साथ रहूंगा और हाजीपुर के लोगों की सेवा करता रहूंगा। कोई अन्य हाजीपुर सीट के लिए उम्मीदवार नहीं है। बाकी सभी प्रतियोगी झूठे हैं। उन्हें (चिराग पासवान) वहां जाना चाहिए जहां (दिवंगत राम विलास पासवान) पासवान उन्हें लेकर गए थे और उन लोगों की सेवा करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने अपने भतीजे चिराग पासवान पर जमकर निशाना साधा। चिराग पासवान पर वो आग बबूला दिखे। इशारों इशारों में चिराग पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि खाने वाला को भूख है, लेकिन कोई खिलाने वाला रहेगा तब तो बता दें कि केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस अपने संसदीय क्षेत्र के राजापाकर इलाके में कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। सम्मेलन से पहले सर्किट हाउस में रुके और मीडिया से उन्होंने बातचीत की। इस दौरान उन्होंने हाजीपुर सीट और चिराग पासवान को लेकर बयान दिया। वहीं, एलजेपी आर प्रमुख चिराग पासवान हाजीपुर सीट पर पहले ही अपना दावा कर चुके हैं। मौजूदा समय में उनके चाचा पशुपति पारस इस संसदीय सीट से सांसद हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या एनडीए की मुश्किलें बढ़ने वाली है।

### क्या मंत्रिमंडल विस्तार में रोड़ा हैं सीएम नीतीश? सवाल पर भड़के अखिलेश सिंह

**पटना।** बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह कई मुद्दे को लेकर रविवार को मीडिया से बातचीत की। वहीं, इस दौरान मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल पर अखिलेश सिंह भड़क गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछिए। हमसे क्यों पूछते हैं। हमसे जो बात राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से हुई थी, सभी के सामने हमने वह बता दिया।

कांग्रेस की बातचीत हो चुकी है। बाकी कांग्रेस के दो मंत्री बनेंगे, जब भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल करें। इसके अलावा जब मिलेंगे फिर बात कर लेंगे। पीएम पर हमला बोलते हुए अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी हमेशा झूठ बोलते हैं और बिहार को गरीबी में धकेलने का काम कर रहे हैं। पीएम जब आते हैं लंबा-लंबा फेंकते हैं, लेकिन बिहार में एक भी उद्योग स्थापित नहीं हुआ। वहीं, दरभंगा में एम्स मेडिकल कॉलेज विवाद पर उन्होंने पीएम तंज कसते हुए कहा कि जब से पीएम आएं तब से एम्स खोल ही रहे हैं। यह देश और बिहार के लोगों को बरगलाने का काम करते हैं. पटना में एम्स खुला है तो कोई नाकार नहीं सकता है। दरभंगा में एम्स निर्माण को लेकर किसी से पूछ लीजिए। संसद में राहुल गांधी के फ्लाइंग किस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि फिर से उन्हें हटा दें। यह सब कोई बात हुई। राहुल गांधी तो आसन को इशारा करके चले गए। राहुल गांधी पर ऐसी बचकाना हरकत का आरोप लगाना, इसका कोई जवाब ही नहीं है। राहुल गांधी ने मणिपुर के मुद्दा को उठाया। इस पर तो प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं बोले। राज्यसभा में तो पीएम कुछ बोले नहीं और लोकसभा में लंबा भाषण दिए। इसके बाद भी मणिपुर के मुद्दा पर कुछ नहीं बोले। मणिपुर की घटना ने दुनिया नें देश का प्रतिष्ठा गिराने का काम किया है।

### 'भारत तीसरा सबसे संपन्न देश' वाले पीएम मोदी के बयान पर बरसे ललन सिंह

**पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2024 में अगर सत्ता में आए तो देश विश्व में तीसरा संपन्न देश होगा। इस बयान पर जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने रविवार को ट्वीट कर पीएम मोदी पर निशाना साधा। पीएम मोदी पर हमला बोलते उन्होंने कहा कि सबको पता है कि आपका 2024 के लिए यह जुमला है। वहीं, इसके अलावा उन्होंने मोदी सरकार से कई सवाल भी किया। साथ ही कहा कि अब 2024 का नया जुमला, देश जान चुका है। जनता इसलिए झांसे में नहीं आएगी। देश 2024 में बीजेपी मुक्त होकर रहेगा। ललन सिंह ट्वीट कर लिखा कि 'आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपका कहना कि 2024 में अगर सत्ता में आए तो देश विश्व में तीसरा सम्पन्न देश होगा, जबकि सबको पता है यह आपका 2024 के लिए सिर्फ जुमला है।

आपने 2014 में कहा था कि दो करोड़ युवाओं को प्रति वर्ष रोजगार, कालाधन लाएंगे और हर गरीब के खाते में 15-15 लाख भेजेंगे। आपके इस वादे को माननीय गृहमंत्री ने जुमला घोषित कर दिया। 2019 में पुलवामा के शहीदों के नाम पर आपने वोट मांगा, लेकिन आज तक इनके द्वारा नियुक्त तत्कालीन गवर्नर सत्यपाल मलिक के खुलासे का ना तो आपने जवाब दिया और न ही उनकी बातों का खंडन किया। मौन तो स्वीकृति का लक्षण होता है। अब 2024 का नया जुमला, देश जान चुका है। जनता इसलिए झांसे में नहीं आएगी। देश 2024 में बीजेपी मुक्त होकर रहेगा। बता दें कि पीएम मोदी ने 2018 में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा था कि विपक्ष 2023 में भी अविश्वास प्रस्ताव लाएगा। अब पीएम मोदी ने एक बार फिर 2024 के चुनाव में जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का दावा किया है और कहा है कि विपक्ष 2028 में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा।

## पेश की मानवता की मिसाल

# गाय के बछड़े को थाना प्रभारी ने स्वयं कुदाल थाम दफनाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामा।** थाना क्षेत्र के दुमका मसलिया मुख्यमार्ग पर रविवार के सुबह कमारदुधानी आर्चरी स्टेडियम के निकट एक गाय का बछड़ा को किसी अज्ञात वाहन से धक्का लगने से मृत्यु हो गयी थी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने जामा थाना को दिया। थाना प्रभारी जितेन्द्र साहु पुलिस बल लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और चौकीदार व ग्रामीण के सहयोग से सड़क से कुछ दूरी पर गड्ढा कर मृत बछड़े को सभी के सहयोग से दफनाया। इस कार्य में थाना प्रभारी के साथ एसआई रविशंकर सिंह सहित पुलिस के जवान भी सहयोग किया। इधर 15 अगस्त की तैयारी को लेकर थाना परिसर में भी सभी पुलिस जवान के साथ मिलकर थाना परिसर का सफाई किया गया।

# नहाने गये एक बालक समेत तीन की डूबने से मौत, मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के पथरिया पोखर में रविवार को पिंडरा गांव के चार बच्चों की मौत स्नान करने के दौरान हो गया। जिसमें तीन बच्ची एवं एक लड़का शामिल है। मृतक तीन बच्ची एक ही परिवार के बताया जा रहा है। जबकि मृत बालक गांव का ही है। मृतक बच्चों में कुंदन कुमार 12 वर्ष पिता श्याम यादव, रेखा कुमारी 10 वर्ष पिता सुबोध मांझी, ज्ञानगंगा कुमारी 12 वर्ष पिता छविकांत मांझी एवं नंदनी कुमारी 10 वर्ष पिता संतोष मांझी शामिल है। इसमें सुबोध मांझी, छविकांत मांझी एवं संतोष मांझी तीन आपस में भाई लगते हैं। जानकारी के अनुसार रविवार का दिन रहने के कारण स्कूल में छुट्टी रहने से तीनों बच्चियां गांव के



बाहर खेल रही थी। जिसमें बालक भी शामिल था। इसी बच्चियों ने अपनी दादी को कपड़ा लेकर पथरिया पोखर की ओर जाते देखा तो बच्चे भी उसके पीछे पीछे स्नान करने के लिए चल दिया। पोखर पहुंचने पर दादी कपड़े साफ करने लगी। वहीं बच्चे भी थोड़ी दूरी पर स्नान करने के लिए जैसे ही पानी भरा तालाब में उतरा तो काफी गहरा रहने के कारण बच्चे डूबने लगे। बच्चों को डूबता देखकर उस औरत ने हल्ला किया एवं बच्चों को पानी से निकालने का प्रयास करने लगी। औरत को तैरने नहीं आने से वह बच्चों को डूबने से नहीं बचा सकी। हल्ला सुनकर पथरिया गांव के लोग स्वजन दौड़े दौड़े आए एवं बच्चों को तालाब से बाहर किया।

लेकिन तब तक बच्चों की जान जा चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनय कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा मृत चारों बच्चों को थाना लाकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। इस घटना से चारों बच्चों के घर में मातम छाया है। जिसमें परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। इसमें से सबसे बुरा हाल कुंदन के पिता श्याम यादव का है। जिसे मात्र एक पुत्र था। जो घर का चिराग था वह बुझ गया।

## एम्स दरभंगा पर सुशील मोदी ने महागठबंधन की राजनीति का किया खुलासा

**पटना।** दरभंगा एम्स को लेकर राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने रविवार को कहा कि आरजेडी और जेडीयू के बीच होड़ मच गई। आरजेडी के वरिष्ठ नेता भोला यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया और यह कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज परिसर में नहीं बल्कि हायाघाट में अशोक पेपर मिल का जो कैंपस है वहां एम्स बनेगा। इस पर जेडीयू के लोगों को लगा कि आरजेडी के लोगों ने हाईजैक कर लिया। सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार बताएं कि भोला यादव ने किस हैसियत से कहा कि हायाघाट में एम्स बनेगा और फिर अचानक डीएमसीएच को छोड़कर एकमी में ले आएं, जहां 20 फीट पानी भरा रहता है। सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार ने सिर्फ एक ही बात बताया है कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज परिसर में 81 एकड़ जमीन उन्होंने क्यों केंद्र सरकार को सौंपी थी, ये नीतीश कुमार है जिन्होंने एक समय में नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया था कि आपने बिहार को दूसरा एम्स दिया।

# एनआइए की छापेमारी, युवक से पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटिहार।** जिले में रविवार की सुबह एनआईए की टीम और कटिहार की पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोंगरा गांव में छापेमारी की। इस छापेमारी में एक युवक को हिरासत में लिया। पटना के फुलवारी शरीफ टेरर मॉड्यूल मामले को लेकर हैदराबाद से एनआईए की टीम कटिहार पहुंची थी। हिरासत में लिए गए युवक को साइबर थाना लाया गया, जहां एनआईए की टीम ने युवक से पूछताछ की। पूछताछ करने के बाद एनआईए की टीम ने शाम को युवक को छोड़ दिया। बता दें कि पिछले कुछ महीनो में एनआईए की टीम बिहार के अलग-अलग जिलों में लगातार छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम कटिहार पहुंची थी. कटिहार पुलिस के सहयोग से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोंगरा गांव में मो. अनिसुर रहमान के घर छापेमारी करने के लिए पहुंची थी। छापेमारी रविवार की सुबह पांच बजे की गई थी। इस दौरान मो. गुलजार के पिता



अनिसुर रहमान के द्वारा एनआईए टीम की बरगलाया गया और उन्हें कहा गया कि मो. गुलजार शनिवार से बाहर है।

बाद में एनआईए की टीम के द्वारा घर की तलाशी ली गई। इस दौरान उन्हें मो गुलजार नहीं मिला, तभी एनआईए की टीम को जानकारी मिली की मो. गुलजार का दो घर है। एक पक्के का मकान है और उसके पास में ही उसका फूस का घर बना हुआ है। टीम के द्वारा उस घर की तलाशी ली गई तो पत्थर के ढेर के पास मो. गुलजार छुपकर बैठा हुआ था, जिसे टीम ने हिरासत में ले लिया।

वहीं, हिरासत में लिए मो. गुलजार के घर की तलाशी लेने के दौरान एक मोबाइल, दो सिम और ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट का सर्टिफिकेट बरामद किया गया। एनआईए की टीम के द्वारा हिरासत में लिए गए मो. गुलजार को साइबर थाना लाया गया, जहां साइबर थाना में एनआईए की टीम ने हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ की। कई घंटे के पूछताछ के बाद शाम चार बजे युवक को छोड़ दिया गया। इस मामले में टीम की ओर से कोई खुलासा नहीं किया गया है।

# तीन टेंपो चालक सहित चार का अपहरण, थाने को दी सूचना



जानकारी देते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** मझिआंव दुर्गा मंदिर के पीछे स्थित टेम्पू स्टैंड से रविवार को शुबह साढ़े सात बजे तीन टेम्पू चालको सहित चार लोगों का कथित रूप से अपहरण किये जाने की बात चालकों द्वारा बताई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सेख साजिद, मिथलेश राम, राजेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार चंद्रवंशी एवं रितेश चंद्रवंशी सहित अन्य कई चालकों ने बताया कि एक स्कार्पियों से चार लोग आये और उसमें से एक व्यक्ति राइफल के साथ उतरा और कहा कि चलो थाना पर बुलाया गया है और टेम्पू चालक रपुरा गांव निवासी सुधीर कुमार पांडेय, करमडीह गांव निवासी बबलू ठाकुर, कामत गांव निवासी ओमप्रकाश पासवान एवं बोदरा गांव निवासी अस्विनी सिंह उर्फ बुचानी सिंह को स्कार्पियों पर बैठाकर ले जाया गया। इस संबंध में थाना के नाम पर बुलाकर ले जाये गये चारों युवकों के परिजनों द्वारा मझिआंव थाना को लिखित रूप से सूचित कर उन्हें वापस लाने की मांग की गई। इार टेम्पू चालकों ने दोपहर लगभग एक बजे बाजार पथ में डली श्रृंगार स्टोर के पास युवा समाजसेवी पिंकू सोनी के नेतृत्व में सड़क जाम कर दिया गया।

हालांकि इसकी सूचना जैसे ही थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित को मिली, इन्होंने तत्काल अवर निरीक्षक विकास कुमार को भेजकर सड़क जाम हटवाया। इस दौरान लगभग20मिनट सड़क जाम रहा और सबसे ब्यस्त सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लेकिन पुलिस की तत्परता से जाम से लोगो को राहत मिली। मझिआंव बाजार के पीछे लोहरपुरवा तीन मुहान पर नारायण साव के घर पर अचानक एक स्कार्पियो एवं एक बोलेरो रुकती है और फिल्मी अंदाज में दोनो वाहनों से लगभग 10 वर्दीधारी पिस्टल लिए उतरते हैं (जिसमे दो बिना वर्दी पहने) और पूरे घर को घेर लेते हैं। तथा उक्त घर से बरडीहा निवासी जितेंद्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लेते हैं। इस दौरान स्थानीय पत्रकारों को भी मोबाइल फोन पकेट के अंदर रखने पर मजबूर किया गया और पूछने पर कोई जबाब नही दिया गया। आधे घंटे तक चले इस अभियान के बाद जितेन्द्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर अपने साथ लेते चले गए। जब नारायण साव के घर में रह रहे जितेंद्र विश्वकर्मा के भाई रंजन विश्वकर्मा से पूछा गया तो उसने कहा कि पुलिस वाले ने उसे भी पकड़ा था लेकिन मुझसे पूछताछ कर छोड़ दिया और भैया को ले गए। उसी मकान में रह रही बुचानी सिंह की पत्नी सह गिरफ्तार किए गए जितेंद्र विश्वकर्मा की बहन सुनीता देवी ने अपनी आपबीती रोते हुए सुनाया और कहा कि शुबह से ही टेम्पू स्टैंड से उनके पति बुचानी सिंह का अपहरण कर लिया गया है और उनका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। उसने कहा कि उसके पति और उनका भाई जितेंद्र गुजरात में एक साथ ठीकेदारी करते हैं। बताया जाता है कि बुचानी सिंह के रिश्ते में साले जितेंद्र विश्वकर्मा की गिरफ्तारी होने पर लोगों द्वारा शुबह में तीन टेम्पू चालको व बुचानी सिंह के गायब होने को एक ही घटना होने का कयास लगाया जा रहा है और क्राइम ब्रांच द्वारा ही बिना मझिआंव थाना को सूचना दिये पकड़े जाने की संभावना जताई जा रही है।

इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक अवध कुमार यादव का मोबाइल नंबर पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल बंद पाया गया। जबकि थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने शुबह की घटना एवं दोपहर में हुई छापामारी के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें शुबह के घटना की छानबीन की जा रही है जबकि जितेंद्र विश्वकर्मा के संबा में कहां की उसे किस थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया कोई सूचना नहीं है।

# कांवरियों का जत्था पहुंचा सेवा शिविर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हंसडीहा।** पड़ाव संघ की 111वीं कांवर यात्रा 56 फिट लंबी कांवर लेकर कहलगांव उत्तरवाहिनी गंगा से जलभर कर भव्य झांकी व भजन-कीर्तन मंडली के साथ दुमका जिला के कुरमाहाट स्थित निःशुल्क बोलबम सेवा शिविर पहुँची। शिविर में कावंरिया श्रद्धालुओं के लिए बोलबम सेवा समिति दुमका द्वारा भंडारे का प्रबंध किया गया था। साथ ही कावरियों के लिए निःशुल्क पानी नीबू शरबत,चिकित्सा, स्नान व सोने की समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं शिविर में कावंरिया श्रद्धालुओं द्वारा गंगा आरती व भक्ति जागरण कार्यक्रम प्रस्तुति की गई। बोलबम के जयकारों से पूरा पंडाल परिसर भक्तिमय हो गया। कांवर यात्रा में करीब पांच हजार श्रद्धालु शामिल थे। जो बोलबम सेवा शिविर से भोले के भक्ति गीतों में झूमते हुए बासुकीनाथ धाम के लिए निकल पड़े।कांवर यात्रा में शामिल श्रद्धालु सोमवार को बाबा बासुकीनाथ धाम में जलाभिषेक करेंगे।

# 407 ट्रक समेत लकड़ी जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** जिले के शिकारीपाड़ा वन क्षेत्र के पदाधिकारी बाबू नन्द प्रसाद के नेतृत्व में झिलीडाबर जंगल से एक 407ट्रक सहित शिमल की लकड़ी जब्त की है। इस कार्रवाई में उन्हें शिकारीपाड़ा थाना के पुलिस का भी सहयोग मिला। गुप्त सूचना के आधार पर यह की गई कार्रवाई की गई है। वन विभाग के टीम को सूचना मिला था झिलीडाबर जंगल मे लकड़ी लोड हो रहा



है। वन विभाग की गाड़ी को देखते ही माफिया और चालक भाग निकला। ट्रक और लकड़ी जब्त कर वन परिसर कार्यालय मे लाया। वन क्षेत्र पदाधिकारी नन्दू प्रसाद ने बताया कि चिन्हित कर ट्रक मालिक और लकड़ी माफिया के ऊपर मामला दर्ज किया जाएगा।